Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/48369
वर्ष 13 । अंक 101
नई दिल्ली, शनिवार, 15 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Established 1865
# पायनियर
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर
राष्ट्रीय-10
गोगोई ने पाक उच्चायोग के इशारे पर समुद्री सुरक्षा पर लोकसभा में सवाल पूछे : भाजपा

# ट्रंप का भारत संग रक्षा क्षेत्र में बड़ी छलांग का ऐलान


## भारत को मिलेंगे अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान

पीटीआई। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता के बाद यहां दोनों देशों के बीच रक्षा और ऊर्जा समेत अन्य रणनीतिक संबंधों को व्यापक बनाने की दिशा में बड़ी छलांग लगाने का ऐलान करते हुए कहा कि वाशिंगटन भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। ट्रंप ने कहा कि भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों सहित अधिक तेल, गैस और सैन्य उपकरण खरीदेगा, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वाशिंगटन जवाबी शुल्क से भारत को नहीं बख्शेगा।

ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस में स्थित अपने ओवल कार्यालय में बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार, शुक्रवार) को मोदी से हाथ मिलाकर और गले लगाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री को लंबे समय से अपना अच्छा मित्र और शानदार व्यक्ति बताया। मोदी के साथ व्यापक बातचीत करने के बाद, ट्रंप ने कहा कि दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच एक विशेष संबंध है और दोनों पक्षों ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और संचार-संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है।

वार्ता के बाद प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों पक्ष जल्द एक बड़े व्यापार समझौते पर पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने भारत द्वारा कुछ अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए आयात शुल्क को बहुत अनुचित और कड़ा बताया।



वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। पीटीआई

ट्रंप ने कहा, भारत जो भी शुल्क लगाएगा, हम भी वही शुल्क लगाएंगे। उन्होंने कहा, भारत हमारे साथ जो कर रहा है, हम उसके साथ भी वही व्यवहार कर रहे हैं। मोदी-ट्रंप की यह बैठक अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अमेरिका के सभी व्यापारिक साझेदारों के लिए नई जवाबी शुल्क नीति की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद हुई है, जो उनके प्रशासन द्वारा शुरू की गई ऐसी कार्रवाइयों की श्रृंखला में नवीनतम है। अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि वह और प्रधानमंत्री मोदी ऊर्जा पर एक समझौते पर पहुंचे हैं, जिससे भारत में अमेरिका तेल और गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन जाएगा।। उन्होंने कहा कि यह भारत के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने के उपायों का हिस्सा है, जो वर्तमान में लगभग 45 अरब अमेरिकी डॉलर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने समग्र रक्षा साझेदारी का विस्तार करने का निर्णय लिया है। ट्रंप ने कहा, इस वर्ष से हम भारत को सैन्य बिक्री में कई अरब डॉलर की वृद्धि करेंगे। उन्होंने कहा, हम भारत को अंततः एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। एफ35 जेट विमानों को दुनिया में सबसे घातक, टिकाऊ और कनेक्टेड लड़ाकू विमानों के रूप में जाना जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी घोषणा की कि भारत और अमेरिका दुनिया भर में कट्टरपंथी इस्लामी आतंक के खतरे का मुकाबला करने के लिए इस तरह काम करेंगे जैसा पहले कभी नहीं किया गया। उन्होंने मुंबई पर 26।11 हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का जिक्र करते हुए कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।


राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के एक मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में हिरासत में है। माना जाता है कि उसके पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से संबंध हैं, जो आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। ट्रंप ने कहा, वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उसे तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं और इस तरह के और प्रत्यर्पण हो सकते हैं क्योंकि हमारे पास (भारत से) काफी अनुरोध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने असैन्य-परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग में सकारात्मक प्रगति का भी उल्लेख किया। ट्रंप ने कहा, भारतीय बाजार में अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकियों का स्वागत करने के लिए भारत अपने कानूनों में सुधार कर रहा है। अपनी टिप्पणी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग एक बेहतर दुनिया को आकार दे सकता है। मोदी ने कहा कि अगले दशक के लिए एक रक्षा सहयोग ढांचा तैयार किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 9)

## द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर पहुंचाने का संकल्प किया है। इसके साथ ही शुल्कों में कमी लाने तथा बाजार पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से द्विपक्षीय व्यापार समझौते की योजना की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यहां हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की ताकि वृद्धि तथा निष्पक्षता को बढ़ावा मिले, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रोजगार सृजन सुनिश्चित हो। इसमें कहा गया, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक नया साहसिक लक्ष्य मिशन 500 निर्धारित किया, जिसके तहत मकसद 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। दोनों नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि महत्वाकांक्षा के इस स्तर के लिए नए, निष्पक्ष-व्यापार शर्तों की आवश्यकता होगी। इसके लिए दोनों देशों ने 2025 अंत तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत पूरी करने की योजना की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष इन वार्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ प्रतिनिधियों को नामित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि व्यापार संबंध पूरी तरह से कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करें। इसमें कहा गया, (शेष पृष्ठ 9)

## तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने को अमेरिका की मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां। नई दिल्ली/वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि राज्य सरकार उसे जेल में डालने के लिए तैयार है। वाशिंगटन में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक और मुंबई आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं में से एक को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है। इसलिए, वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम उसे तुरंत भारत को सौंप देंगे और इस तरह के और प्रत्यर्पण हो सकते हैं, क्योंकि हमारे पास (नई दिल्ली की ओर से) काफी अनुरोध आए हैं। जनवरी में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी क्योंकि मामले में उसकी समीक्षा याचिका खारिज कर दी गई थी। वहीं, मोदी ने इस निर्णय के लिए ट्रम्प को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं राष्टपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में हत्याएं करने वाले अपराधी को अब भारत को सौंपने का फैसला किया है। भारतीय अदालतें अब उचित कार्रवाई करेंगी।' राणा को मुकदमे के लिए लाने के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए फडणवीस ने यहां कहा, 'हमने कसाब को रखा, इसमें कौन सी बड़ी बात है? हम उसे निश्चित रूप से रखेंगे।' यह सवाल राणा के प्रत्यर्पण के बाद महाराष्ट्र की तैयारी के बारे में पूछा गया था। फडणवीस ने कहा कि जांच के दौरान आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की भूमिका उजागर हुई और यह स्थापित हो गयी। उन्होंने कहा, मैं राणा के प्रत्यर्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। हम सभी चाहते थे कि हमारे खिलाफ साजिश रचने वाले, मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड को भारत को सौंप दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू में अमेरिका राणा को भारत को सौंपने में अनिच्छुक था और उसे बचाना चाहता था, लेकिन प्रधानमंत्री की पहल के कारण, तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को एक तरह से अमेरिका और उसके राष्ट्रपति (शेष पृष्ठ 9)

# नए सीईसी के चयन के लिए 17 को बैठक

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति करेगी बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति अगले सप्ताह की शुरुआत में अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले समिति की बैठक सोमवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर होगी। यह समिति एक खोज समिति द्वारा छांटे गए उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगी। इसके बाद सिफारिश के आधार पर राष्ट्रपति अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी।

राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे निर्वाचन आयुक्त हैं। अब तक वरिष्ठतम निर्वाचन आयुक्त (ईसी) को मौजूदा सीईसी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत जाता रहा है। हालांकि, पिछले साल सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू होने के बाद, एक खोज समिति पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को छांटती है तथा उनकी नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली समिति विचार करती है। सीईसी के अलावा, राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए एक नया ईसी भी नियुक्त किया जा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी नियुक्त करने के लिए लागू किया जा रहा है। इससे पहले इसका उपयोग ईसी ज्ञानेश कुमार और संधू को नियुक्त करने के लिए किया गया था। यह नियुक्तियां तत्कालीन ईसी अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और पिछले साल अरुण गोयल के इस्तीफे से उत्पन्न रिक्तियों (शेष पृष्ठ 9)

## अमेरिका से फिर आएगी एक और निर्वासन उड़ान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



5 फरवरी, 2025 को 104 निर्वासित भारतीय प्रवासियों को लेकर आया अमेरिकी सैन्य विमान। फाइल फोटो

**119 अवैध** अप्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी विमान 15 फरवरी को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरेगा। यह ट्रंप सरकार द्वारा वापस भेजा जाने वाला भारतीयों का दूसरा जत्था होगा। यह कदम उसने पिछले महीने शपथ ग्रहण के समय उठाया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार विमान के शनिवार रात करीब 10 बजे हवाई अड्डे पर उतरने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 119 अवैध भारतीय प्रवासियों में से 67 पंजाब से, 33 हरियाणा से, आठ गुजरात से, तीन उत्तर प्रदेश से, दो-दो गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से तथा एक-एक हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से हैं। निर्वासित लोगों को लेकर आने वाला एक अन्य अमेरिकी विमान भी 16 फरवरी को उतरने की उम्मीद है। यह घटनाक्रम पिछले सप्ताह 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान के अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने के कुछ दिनों बाद हुआ है। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से तथा 30 पंजाब से थे। पंजाब से आये अधिकांश(शेष पृष्ठ 9)

# गृह मंत्रालय ने सत्येंद्र जैन पर केस चलाने को राष्ट्रपति से मंजूरी मांगी

राजेश कुमार। नई दिल्ली



**गृह मंत्रालय (एमएचए)** ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री और आप नेता सत्येंद्र जैन पर भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने के लिए भारत के राष्ट्रपति से मंजूरी मांगी है। आरोप है कि जैन के पास 1.47 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति है, जो 2015-17 के दौरान जैन की आय के ज्ञात स्रोतों से लगभग 217 प्रतिशत अधिक है। जैन शकूरबस्ती सीट पर भाजपा के करनैल सिंह से 20,998 मतों के अंतर से हार गये। सूत्रों के अनुसार, यह अनुरोध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य पर आधारित है, जिसने मामले में अभियोजन के लिए पर्याप्त आधार पाया है। सूत्रों ने बताया, 'प्रवर्तन निदेशालय से प्राप्त सामग्री के आधार पर मंजूरी देने के लिए पर्याप्त सबूत पाए गए हैं।' जैन से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं की ईडी की जांच के निष्कर्षों की समीक्षा के बाद गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। अब अंतिम निर्णय राष्ट्पति के पास है।

जैन के खिलाफ ईडी का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) (लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार) के साथ धारा 13(ई) (आय से अधिक संपत्ति) के तहत दर्ज 2017 की एफआईआर से निकला है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि जैन ने अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों की मदद से दिल्ली सरकार में मंत्री रहते हुए 14 फरवरी, 2015 से 31 मई, 2017 के बीच आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। पायनियर यह स्टोरी प्रकाशित करने वाला पहला समाचार पत्र था। ईडी ने आगे दावा किया कि जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कई कंपनियों को कोलकाता स्थित हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से नकदी के बदले में फर्जी कंपनियों से 4.8 करोड़ रुपये की आवास प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। दो अन्य आरोपी वैभव जैन और अंकुश जैन इनमें से तीन कंपनियों में प्रमुख शेयरधारक और निदेशक बताए गए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में 1 अक्टूबर को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जैन 18 अक्टूबर को तिहाड़ जेल से बाहर आए, जहां आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। संघीय एजेंसी (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे धन शोधन के एक मामले में शहर की एक अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी, जिसमें कहा गया था कि मुकदमा शुरू होने की 'कोई संभावना नहीं' है, पूरा होने की तो बात ही छोड़िए। अदालत ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) जैसे कड़े कानूनों द्वारा शासित मामलों में। यह मनीष सिसोदिया मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर आधारित है, जिसमें शीघ्र सुनवाई के मौलिक अधिकार पर जोर दिया गया है। जैन के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन और अधिवक्ता विवेक जैन ने तर्क दिया कि उन्होंने 18 महीने हिरासत में बिताए हैं, जबकि कथित आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जमानत मिलने से पहले 17 महीने हिरासत में बिताए थे। (शेष पृष्ठ 9)

## 19-20 तक दिल्ली में बन जाएगी नई सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को होने की संभावना है और नई सरकार अन्य चीजों के अलावा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, बेहतर नागरिक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देगी। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा से वापस आ रहे हैं और जल्द ही भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। राजौरी गार्डन से विधायक और मुख्यमंत्री या मंत्री पद के दावेदार माने जा रहे सिरसा ने कहा, नई सरकार 19-20 फरवरी के आसपास काम करना शुरू कर देगी। सिरसा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भाजपा विधायक दल की बैठक 18-19 फरवरी के आसपास होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद 20 फरवरी तक नई सरकार का गठन हो जाएगा। भाजपा विधायकों ने कहा कि प्रधानमंत्री के वादे के अनुसार, आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा बाधित आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को नई कैबिनेट की पहली बैठक में दिल्ली में लागू किया जाएगा। सिरसा ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, शहर में स्वच्छता सुनिश्चित करना और वायु और यमुना प्रदूषण से निपटने के लिए काम शुरू करना, सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर नई सरकार की प्राथमिकताएं होंगी। सिरसा ने यह भी कहा कि मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा जाएगा, ताकि वे लोगों की सेवा के वास्तविक केंद्र बन सकें।

# शराब के लिए हफ्ता न देने पर हुई थी रैगिंग

कुमार चेल्लपन। कोच्चि

**रैगिंग मामले** की जांच कर रही पुलिस के अनुसार, केरल के कोट्टायम स्थित सरकारी नर्सिंग कॉलेज के तीसरे वर्ष के छात्रों द्वारा तीन नए छात्रों की रैगिंग का कारण शराब और ड्रग्स खरीदने के लिए वरिष्ठों द्वारा मांगे गए हफ्ता पैसे देने से इनकार करना था। कोट्टायम नर्सिंग कॉलेज में हुई वीभत्स रैगिंग की घटना के बाद कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को राज्य के व्यावसायिक कॉलेजों में भेजने पर अपनी आपत्ति और आशंका व्यक्त की है। एक छात्र के पिता लक्ष्मण पेरुमल ने मीडिया को बताया कि अपराध के अपराधी सीपीआई(एम) की छात्र शाखा एसएफआई से जुड़े थे और उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। पत्रकारों से बात करते हुए पेरुमल ने कहा, 'मेरे बेटे ने मुझे बताया था कि वरिष्ठ छात्रों ने उस पर और अन्य लोगों पर इसलिए अत्याचार किया क्योंकि उन्होंने शराब और ड्रग्स खरीदने के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया था।' रैगिंग के आरोप में पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी पांच छात्र एसएफआई के थे। वायरल हुए क्रूर रैगिंग के वीडियो से पता चलता है कि वरिष्ठों द्वारा पीड़ितों के पीछे की ओर चित्र उकेरने के लिए ज्यामिति विभाजकों का उपयोग किया गया था। जांच दल के एक सदस्य के अनुसार, पीडति छात्रों के निजी अंगों पर डम्बल रखे गए थे। जब पीड़ित दर्द से कराह रहे थे और जोर-जोर से रो रहे थे, तब वरिष्ठों ने उनके मुंह में लोशन डाला और वे हंसते नजर आए। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने संवाददाताओं को बताया कि वह यह भयावह वीडियो नहीं देख सकतीं। उनके लिए आदर्श सजा यही है कि उन्हें एक बार (शेष पृष्ठ 9)



कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए छात्रों को लेकर जा रही केरल पुलिस।

# चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता होंगे मालामाल

पीटीआई। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड रुपए) मिलेंगे। उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपए) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपए) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपए) कर दी गई है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बयान में कहा, यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है।



किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्एक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपए), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपए) मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपए) की गारंटी मिलेगी। पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही है और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। पाकिस्तान में होने वाले मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। आईसीसी अध्यक्ष ने कहा, आईसीसी पुरुष चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की फिर से वापसी हो रही है जिसमें वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भाग लेती हैं और इसका हर मैच महत्वपूर्ण है।

# ईओडब्ल्यू करेगा दो परियोजनाओं की जांच

**● ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड पर प्राधिकरण का 1589.49 करोड़ का बकाया**



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-100 और 110 के ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की दो परियोजनाओं की जांच की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) करेगा। नोएडा प्राधिकरण ने दोनों परियोजनाओं के छह प्रमोटर्स की जांच की सिफारिश ईओडब्ल्यू से की है। दोनों परियोजनाओं पर प्राधिकरण का 1589.49 करोड़ का बकाया है।

दोनों परियोजनाओं में कुल 60 टावर बनाने की थी मंजूरी नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया। ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-3, सेक्टर-100 के 120000 वर्गमीटर प्लॉट का आवंटन 24 दिसंबर 2008 को मेसर्स रेड फोर्ट जहांगीर प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से किया गया। बाद में इसका नाम परिवर्तित हो गया और मेसर्स ग्रेनाईट गेट प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 30 दिसंबर 2008 को पट्टा प्रलेख कराते हुए जमीन पर कब्जा दिया गया। आवंटी को उस प्लॉट के आवंटन के बाद देय धनराशि जमा कराने नोएडा प्राधिकरण की ओर से दोनों परियोजनाओं में कुल 60 टावर बनाने की मंजूरी मिली थी। इसमें सेक्टर.100 में 29 तो 110 में 31 टावर बनाने थे। यहां दोनों परियोजनाओं में कुल सात हजार से 'यादा फ्लैट् बनाने की मंजूरी मिली थी। के लिए समय.समय पर नोटिस जारी किये गए। लेकिन आवंटी ले प्लॉट के एवज में 495.85 करोड़ की बकाये की धनराशि जमा नहीं कराई। साथ ही निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य भी पूरा नहीं कराया।

प्राधिकरण का कहना है कि इस परियोजना के प्रमोटर्स विदुर भारद्वाज, निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी, गुरुबक्श सिंह, सुभाष बेदी एवं कल्याण यनमेंद्र चकवर्ती ने उस परियोजना के फ्लैट बेचकर तृतीय पक्ष के अधिकार सृजित कर दिए। साथ ही परियोजना से प्राप्त धनराशि को प्राधिकरण में जमा न कराते हुए कहीं और प्रयोग किया गया। इसके कारण फ्लैट खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं प्राधिकरण को भी वित्तीय हानि पहुंचायी गई। ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-5, सेक्टर 110 में 164120 वर्गमीटर का आवंटन 1 दिसंबर 2009 को मेसर्स रेड फोर्ट जहांगीर प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को किया गया। बाद में इसमें नाम परिवर्तित करते हुए मेसर्स ग्रेनाईट गेट प्रोपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड आ गया।

यहां 29 दिसंबर 2009 को लीज डीड कराते हुए कब्जा दिया गया। इस परियोजना में आवंटी पर 1093.64 करोड़ की राशि बकाया हैए जिसे चुकाया नहीं गया।

इस परियोजना में भी निर्माण का काम पूरा नहीं हुआ। उक्त परियोजना के भी प्रमोटर्स पर आरोप है कि फ्लैट की बुकिंग से मिली धनराशि को डायवर्ट करते हुए कहीं और लगा दिया गया। साथ ही प्राधिकरण का बकाया नहीं चुकाया गया। ऐसे में प्राधिकरण की ओर से दोनों परियोजनाओं की जांच की सिफारिश ईओडब्ल्यू से की गई है।

# संपत्ति पर देनदारी ऑन लाइन देख सकेंगे, तैयार किया डाटा

**● प्राधिकरण की पहल, ठगी से मिलेगी राहत**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

किस संपत्ति पर नोएडा प्राधिकरण की कितनी देनदारी है इसे अब घर बैठे एक क्लिक करके देखा जा सकता है। प्राधिकरण ने इसका पूरा डेटा तैयार किया है।

इसे अपलोड किया जाएगा। इसके बाद उन आवंटियों को आसानी होगी जिनको रि.सेल में प्रॉपर्टी खरीदनी है। उनको प्रॉपर्टी की पूरी डिटेल मिल सकेगी। ये पूरी जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट के जरिए जियो ग्राफिकल इंफोर्मेशन सिस्टम से मिल सकेगी। दरअसल नोएडा की प्रॉपर्टी लीज पर है। यहां प्रॉपर्टी खरीद फारोख्त या रिसेल करने के बाद ट्रांसफर ऑफ मैमोरेंडम (टीएम) किया जाता है। प्रॉपर्टी तभी दूसरे व्यक्ति के नाम होगी जब मूल आवंटी का सभी बकाया क्लियर होगा। उसे एनओसी दी जाएगी। इसी एनओसी के आधार पर टीएम चार्ज देकर कराया जाता है। ऐसे में लोगों को प्रॉपर्टी की पूरी जानकारी इस जीआईएस सिस्टम से मिल सकेगी। वो किसी फ्राड का शिकार नहीं होगा। इस सिस्टम में प्रॉपर्टी का बकाया डेटा अपलोड होने के साथ वर्तमान में आप प्लाट नंबर सिलेक्ट करने पर ऑनर का नामए एरियाए अलॉटमेंट आईडीए अलॉटमेंट डेट, लीज डेट के साथ मैप के जरिए प्लाट के आसपास की पूरी लोकेशन की जानकारी मिल रही है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यहां अपलोड किया गया सेटेलाइट मैप 2022 का है। यानी 2022 तक जो भी प्लाट की लाइव अपडेट है वो जीआईएस के जरिए आपको दिख जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



थाना रबूपुरा पुलिस की गिरफ्तार अवैध शराब का तस्कर।

### पुलवामा हमला: शहीद जवानों को किए पुष्प अर्पित

**नोएडा।** दादरी नगर के रेलवे रोड स्थित लिटिल बर्ड्स प्ले स्कूल में अपना अधिकार समिति द्वारा पुलवामा में आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को पुष्प अर्पित किए गए। और दो मिनट के लिए मौन धारण कर याद किया गया । लिटिल बर्ड्स प्ले स्कूल में अपना अधिकार समिति के संयोजक अभिषेक मैत्रेय टीम के साथ पहुंचे । और समिति परिवार ने स्कूल के ब%चों को इस दुखद घटना के बारे में बताया । तथा ब%चों को कला में अपनी सोच से घटना में शहीदों को याद कराया । समिति परिवार ने ब%चों के द्वारा बनाए गए चित्रों पर उन्हें मैडल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किरणपाल सिंह, ललित सिसोदिया, रिंकी शर्मा, अभय पटेल, अंकुश शर्मा, कुलदीप ठाकुर, वन्दना शर्मा आदि शामिल रहे ।

### महिला से टप्पेबाजी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** नन्दग्राम थाने के एसएचओ धर्मपाल सिंह की टीम ने 9 फरवरी को सीनजी पेट्रोल पंप के पास चंदी देवी निवासी नन्दग्राम के साथ हुई टप्पेबाजी की वारदात का खुलासा कर दिया। इस खुलासे के दौरान पुलिस ने तीन टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में एसीपी नन्दग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि टप्पेबाजों के पास से महिला से ठगे गये जेवरात बेचकर प्राप्त रकम में से 5200 रुपये व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये टप्पेबाजों के नाम सुल्तान, कासिफ व हिजारत निवासीगण चांदमारी झुग्गी- झोपड़ी विजयनगर हैं। इनके ऊपर कई अभियोग दर्ज हैं।

### सीएचडी की समय पर पहचान जरूरी: डॉ. शांतनु



**नोएडा।** हर साल दो लाख नवजात को घेर रहा है सीएचडी, समय पर पहचान नहीं तो खतरा बढ़ेगा। इस अवसर पर फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के विशेषज्ञों ने समय पर निदान और उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। फोर्टिस, ग्रेटर नोएडा के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शांतनु सिंघल ने बताया कि कई जन्मजात हृदय रोग नवजात अवस्था में पहचाने नहीं जाते, क्योंकि इनके लक्षण बहुत हल्के होते हैं। उन्होंने कहा, थकान, सांस लेने में कठिनाई और शरीर में सूजन जैसे संकेत अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिए जाते हैं। नियमित इकोकार्डियोग्राफी और नवजात स्क्रीनिंग से इनका शीघ्र निदान संभव है। यदि पहले वर्ष में पहचान कर उचित इलाज किया जाए, तो बच्चा स्वस्थ जीवन जी सकता है।

# लूट के लिए कारोबारी के नौकर को मारी थी गोली, मुठभेड़ में 4 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बीती रात कारोबारी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के पिता व नौकर को गनप्वाइंट पर लेकर कैश लूटने वाले डकैती से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें चार डकैतों को गोली लगी।

एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस ने 5 बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उनके नाम शारूख व अभिषेक जाटव, नदीम, शिवांश और हरीश उर्फ विशाल है। गौतम ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान इस गैंग का एक सदस्य दुष्यं है। इस डकैती का प्लॉनर मुरादनगर में मैकेनिक का काम करने वाला नदीम है। उसने कुछ दिन पूर्व किराने के थोक व्यापारी को अपनी दुकान पर मोटा कैश गिनते हुए देखा था। लेकिन नदीम को यह पता नहीं था कि कारोबारी मोटा कैश दिन के समय ही बैंक अथवा अपने घर पहुंचा देते हैं। नदीम ने लूट की प्लॉन बनाकर अपनी योजना में टीला मोड़ निवासी दुष्यंत को शामिल कर लिया। उसके बाद दुष्यंत ने अपने चार साथी लुटेरों को लूट के लिये मुरादनगर बुला लिया। इसके बाद लूट की अंजाम दिया गया।

# वैलेंटाइन डे पर युवाओं को धमकाने वालों पर मुकदमा

**गाजियाबाद।** स्वर्ण जयंती पार्क में वैलेंटाइन डे पर युवाओं को धमकाने का मामला सामने आया है। हिंदू संगठन से जुड़े विपिन गुर्जर और उनके साथियों के खिलाफ थाना इंदिरापुरम में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी लाठी.डंडों से लैस होकर पार्क में पहुंचे थे और वहां बैठे युवाओं को धमकी दे रहे थे।

नीति खंड चौकी प्रभारी बृजपाल सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। वीडियो में आरोपी युवाओं को धमका रहे थे कि वैलेंटाइन डे पर जो भी पार्क में दिखेगाए उसका आधार कार्ड चेक किया जाएगा।

# मोबाइल ऐप से नोएडा के 23 किसानों का पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के धनोरी कला गांव में किसानों के लिए डिजिटल क्रांति की नई शुरुआत हुई है।

शुक्रवार को स्थानीय सीएससी केंद्र पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऋण आवेदन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अवर सचिव अनिल कुमार मीणा की उपस्थिति में 23 किसानों का पंजीकरण किया गया] जिनमें 7 महिला किसान भी शामिल थीं। सीएससी प्रबंधक विशोम त्यागी ने किसानों को नई डिजिटल सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

यह पहल किसानों को सीधे अपने मोबाइल फोन से केसीसी लोन के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाएगी। डिजिटल साक्षरता की कमी वाले किसानों की सहायता के लिए सीएससी, कृषि सखियां और बैंकिंग संवाददाता भी उपलब्ध रहेंगे। सरकार की यह नई डिजिटल पहल किसानों को सस्ता और सुगम ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पिता का दोस्त बताकर बेटी से की ऑनलाइन ठगी

**नोएडा।** जालसाज ने एक युवती को उसके पिता का परिचित बताते हुए ऑनलाइन ज्यादा पैसा ट्रांसफर होने का झांसा देकर 18 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

युवती के पिता ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ थाना फेस 3 में मुकदमा दर्ज कराया है। ओपी श्रीवास्तव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी के मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि वह उसके पिता का परिचित है। उसके पिता के खाते में उसे 2000 हजार रुपए भेजने थे, लेकिन गलती से खाते में 20000 रुपए ट्रांसफर हो गए हैं। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपनी मजबूरी बताते हुए 18000 रुपए अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा। उक्त व्यक्ति के झांसे में आकर उसकी बेटी ने उसके खाते में 18000 रुपए भेज दिए।


SUNLOC

## सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 38ई/252-ए, विजय टॉवर, शाहपुरजट, नई दिल्ली-110049
ईमेलः info@sunilhealthcare.com, वेबसाइटः- www.sunilhealthcare.com,
सीआईएन नं. L24302DL1973PLC189662

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैण्डअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्ति | | | नौ माह समाप्ति | | वर्ष समाप्ति | तिमाही समाप्ति | | | नौ माह समाप्ति | | वर्ष समाप्ति |
| | | 31 दिसम्बर 2024 | 30 सितम्बर 2024 | 31 दिसम्बर 2023 | 31 दिसम्बर 2024 | 31 दिसम्बर 2023 | 31 मार्च 2024 | 31 दिसम्बर 2024 | 30 सितम्बर 2024 | 31 दिसम्बर 2023 | 31 दिसम्बर 2024 | 31 दिसम्बर 2023 | 31 मार्च 2024 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | संचालनों से कुल आय | 2,101.47 | 2,045.10 | 2,564.34 | 6,306.51 | 7,249.96 | 9,438.38 | 2,099.47 | 2,043.42 | 2,579.91 | 6,306.58 | 7,341.80 | 9,541.24 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मदे) | 10.69 | 6.75 | (55.92) | 23.08 | (293.08) | (288.04) | (34.04) | (51.32) | (39.11) | (150.04) | (272.13) | (255.51) |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात्) | 10.69 | 6.75 | (55.92) | 23.08 | (293.08) | (288.04) | (34.04) | (51.32) | (39.11) | (150.04) | (272.13) | (255.51) |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात्) | (9.32) | 3.24 | (36.81) | (4.89) | (214.43) | (210.78) | (54.05) | (54.83) | (20.00) | (178.01) | (194.06) | (178.85) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (22.03) | (9.48) | (36.81) | (43.04) | (214.43) | 1,231.83 | (49.79) | (32.38) | (32.80) | (121.23) | (224.83) | 1,221.99 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रत्येक रु. 10/- ) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पूर्व वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाया है | - | - | - | - | - | 6,378.90 | - | - | - | - | - | 5,796.20 |
| 8 | प्रति इक्विटी शेयर आय (असाधारण मद पश्चात्) (प्रत्येक रु. 10/- ) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | (क) मूलभूत (रु.) | (0.09) | 0.03 | (0.36) | (0.05) | (2.09) | (2.06) | (0.53) | (0.53) | (0.20) | (1.74) | (1.89) | (1.74) |
| | (ख) तरलीकृत (रु.) | (0.09) | 0.03 | (0.36) | (0.05) | (2.09) | (2.06) | (0.53) | (0.53) | (0.20) | (1.74) | (1.89) | (1.74) |

**टिप्पणियाँ:-**
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही/नौ महीने समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही/नौ महीने समाप्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sunilhealthcare.com पर उपलब्ध है। इसे त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड को स्कैन करके भी प्राप्त किया जा सकता है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 13.02.2025

अनिल खैतान
अध्यक्ष कम प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00759951



## रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड

CIN : L74899DL1976PLC008036
पंजी. कार्या : शॉप नं. 37 शंकर मार्केट, कनॉट प्लेस, सेंट्रल दिल्ली, जनपथ सेंट्रल दिल्ली-110001
फोन नं. : 011-47366600, ईमेल आईडी : info@rotoindia.co.in, वेबसाइड : www.rotoindia.co.in
31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही के पृथक अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम के विवरण का सारॉश

(लाखों मे)

| विवरण (नीचे टिप्पणी देखें) | समाप्त तिमाही (31.12.2024) अलेखापरीक्षित | तिथि तक वर्ष के आंकडे (31.12.2024) अलेखापरीक्षित | पूर्व वर्ष समाप्त तत्स्थानीय 3 महीने (31.12.2023) अलेखापरीक्षित | समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष (31.03.2024) लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. परिचालनों से कुल आय | 1.27 | 3.81 | 1.27 | 43.30 |
| 2. अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व*) | −0.18 | −4.45 | −1.55 | −6.83 |
| 3. कर से पूर्व अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद*) | −0.18 | −5.17 | −1.55 | −6.83 |
| 4. कर से बाद अवधि के लिये लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | −0.19 | −5.20 | −1.55 | −6.07 |
| 5. अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु कर के बाद) लाभ/हानि एवं व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल) | −0.19 | −5.20 | −1.55 | −6.05 |
| 6. इक्विटी शेयर पूंजी | 360.13 | 360.13 | 360.13 | 360.13 |
| 7. आरक्षित (पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित | 0.00 | 0.00 | 0.00 | −0.17 |
| 8. आय प्रति शेयर (रु 1/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) | | | | |
| 1. मूल | (0.01) | (0.01) | (0.04) | (0.17) |
| 2. तरल | (0.01) | (0.01) | (0.04) | (0.17) |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और 13 फरवरी, 2025 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की गई।
2. ये वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक 34 " अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग (इंड एएस-34) में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए है, जो इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों और भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतो के साथ पढ़े जाते हैं।
3. वैधानिक लेखा परीक्षकों ने 31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
4. कंपनी मुख्य रुप से सिंगल बिजनेस सेगमेंट में लगी हुई है। ट्रेडिंग, Ind AS-108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट" के संदर्भ में कोई अन्य रिपोर्ट करने योग्य सेगमेंट नही है।
5. पिछलों अवधि के आंकडों को इस अवधि के वर्गीकरण के अनुरुप बनाने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुन : समूहीकृत/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

कृते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
अजय भद्री
सीएफओ

दिनांक : 13.02.2025



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, बबीता शर्मा पत्नी अनिल शर्मा, निवास स्थान: (1) 54-बी, प्रथम तल, पॉकेट-ए, एसएफएस फ्लैट्स, मयूर विहार फेज-3 (क्षेत्रफल: 118 वर्ग मीटर), (2) 169/38, ब्लॉक-डी, नोएडा सेक्टर-50, उत्तर प्रदेश - 201301 (कवर क्षेत्र: 386.107 वर्ग मीटर)। मीटर, कुल प्लॉट क्षेत्रफल: 250 वर्ग मीटर) एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि उपर्युक्त दोनों संपत्तियों का स्वामित्व पूरी तरह से मेरे पास है। कोई भी व्यक्ति मेरी स्पष्ट सहमति के बिना इन संपत्तियों से संबंधित लेनदेन, लेन-देन या किसी भी समझौते में प्रवेश करेगा, ऐसा अपने जोखिम पर करेगा, और ऐसे लेनदेन को शून्य और शून्य माना जाएगा। मेरी मृत्यु के बाद मालिकाना हक मेरी वसीयत से तय होगा। किसी भी चिंता के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें। **बबिता शर्मा**



### Public Notice

General Public is hereby informed that my client, M/s. Muthoot Holidays Private Limited, having its Registered Office at 41/4108, Muthoot Chambers, Opp. Banerji Road, Kanayannur Taluk Ernakulam, Kerala-682018, has applied for the substitution/ mutation of Property No.E-7, Defence Colony, New Delhi-110024, in its name. If there are any objection/claim from the general public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO at Nirman Bhawan, New Delhi, or through an email at ldo@nic.in, within 30 days of publication of this notice.

**S.S. Sobti, Advocate**
**Kohli & Sobti, Advocates**
**A-59A, First Floor, Lajpat Nagar-II,**
**New Delhi-110024,**
**Phone: 9910040471**



### पब्लिक नोटिस

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती शांति देवी, 2. मिस ज्योति कुमारी, 3. श्री यश आर्य, 4. मिस रितिका आर्य, प्लाट नंबर-28-ए, क्षेत्र 50 वर्ग गज खसरा नंबर 46/8, गांव हस्तसाल, हस्तसाल एक्सटेंशन, विकास नगर नई दिल्ली-110059 के मालिक हैं। तथा श्रीमती शांति देवी, 2. मिस ज्योति कुमारी, 3. श्री यश आर्य, 4. मिस रितिका आर्य के पास मूल दस्तावेज 1. खतौनी श्री लक्ष्मी चंद आदि के पक्ष में, 2. श्री कृष्ण चंद के पक्ष में GPA, ATS और वसीयत, 3. श्री देश राज यादव के पक्ष में वसीयत, 4. श्री राजेंद्र कुमार के पक्ष में वसीयत, 5 श्री भुवन कुमार की मृत्यु और उत्तरजीवी प्रमाण पत्र उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के पक्ष में 1. श्रीमती शांति देवी, 2. मिस ज्योति कुमारी, 3. श्री यश आर्य, 4. मिस रितिका आर्य। की मूल प्रति नहीं है, नहीं है और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय श्रीमती शांति देवी, 2. मिस ज्योति कुमारी, 3. श्री यश आर्य, 4. मिस रितिका आर्य के बीच, मान्य नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. 760, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-75
मोबाइल : 9899013918



## MODI RUBBER LIMITED

**CIN:** L25199UP1971PLC003392, **Registered Office:** Modinagar - 201204 Dist. Ghaziabad (U.P.), **Corporate Office:** 4-7C, DDA Shopping Centre, New Friends Colony, New Delhi 110025
Website: www.modirubberlimited.com Email: investors@modigroup.net Phone: +91-11-4161 9905

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2024**

(Amount in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | | | | NINE MONTHS ENDED | | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | | STANDALONE | | CONSOLIDATED | | STANDALONE | CONSOLIDATED |
| | | 31-Dec-24 | 30-Sep-24 | 31-Dec-23 | 31-Dec-24 | 30-Sep-24 | 31-Dec-23 | 31-Dec-24 | 31-Dec-23 | 31-Dec-24 | 31-Dec-23 | 31-Mar-24 | 31-Mar-24 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from operations (Net) | 125.35 | 79.69 | 70.55 | 1,031.76 | 650.18 | 722.30 | 276.30 | 197.88 | 2,216.23 | 1,699.39 | 274.57 | 2,243.67 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | (419.22) | 1,635.51 | (205.53) | 398.98 | 913.22 | 694.85 | 980.15 | 3,091.08 | 2,052.41 | 1,966.34 | 3,797.79 | 2,607.88 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | (419.22) | 1,635.51 | (205.53) | 398.98 | 913.22 | 694.85 | 980.15 | 3,091.08 | 2,052.41 | 1,966.34 | 3,797.79 | 2,607.88 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional items) | (317.21) | 1,353.15 | (371.92) | 619.11 | 632.25 | 558.71 | 728.79 | 2,504.84 | 1,929.94 | 1,237.06 | 2,856.13 | 1,552.79 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (after tax) | (506.49) | 2,863.93 | (151.11) | 436.41 | 2,653.59 | 962.64 | 2,988.37 | 2,889.61 | 4,797.28 | 1,828.98 | 2,896.63 | 1,654.94 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value of share is Rs. 10/- each) | 2,504.05 | 2,504.05 | 2,504.05 | 2,499.55 | 2,499.55 | 2,499.55 | 2,504.05 | 2,504.05 | 2,499.55 | 2,499.55 | 2,504.05 | 2,499.55 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves as per Financial Statements of previous year) | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A | N.A |
| 8 | Earnings per share (EPS) (of Rs. 10/- each) (Not Annualised) | | | | | | | | | | | | |
| | (a) Basic and Diluted EPS (before exceptional Items) (in Rs.) | (1.27) | 5.40 | (1.49) | 2.48 | 2.53 | 2.23 | 2.91 | 10.00 | 7.72 | 4.95 | 11.41 | 6.21 |
| | (b) Basic and Diluted EPS (after exceptional Items) (in Rs.) | (1.27) | 5.40 | (1.49) | 2.48 | 2.53 | 2.24 | 2.91 | 10.00 | 7.72 | 4.95 | 11.41 | 6.21 |

**NOTES:**
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the stock exchange website, www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company website www.modirubberlimited.com.
2. The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on February 14th, 2025. The Statutory Auditors of the Company have carried out an audit of the aforesaid results.
3. Previous quarter/ year end figures have been rearranged and / or regrouped, wherever necessary, to make them comparable with those of the current quarter/ year end.

By order of the Board
Sd/-
Piya Modi
Whole Time Director
DIN- 03623417

Place : New Delhi
Date : 14th February, 2025



### PUBLIC NOTICE

Reg. Residential Plot No. 9, area measuring 25 sq.yds. i.e. 20.90 sq.mtrs., ***"said portion"***out of total area measuring 50 sq.yds., falling in Khasra No.939, Situated Adarsh Nagar Colony, Village Makanpur, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad (UP). ***(Hereinafter referred to as the "Said Property").***

Be it known to all that our clients, Mr. Rajveer Singh & Mrs. Laxmi Singh (hereinafter called the "Purchaser") intend to purchase the said portion from Mr. Satya Prakash GPA of Mrs. Mamta Devi (hereinafter called the "Attorney-holder"). In this connection, the Attorney-holder has informed the purchaser that he is the sole and absolute attorney holder in respect of the said portion vide POA documents viz., GPA, ATS and Will dated 13.12.2024 executed by Mrs. Mamta Devi in his favour. The Attorney holder has further informed that Mrs. Mamta Devi owned the said portion vide POA documents viz., GPA, ATS and Will dated 09.10.2024 executed by Mrs. Mohini Devi in her favour. Mrs. Mohini Devi owned the said portion vide Sale Deed registered as Document No. 3847 dated 18/4/2022 (SRO-Ghaziabad-IV). Thus, the Attorney holder is the sole and absolute attorney in respect of the said portion. The Attorney holder has also informed the purchaser that the said portion is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said portion.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the said portion is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the attorney-holder in respect of the said portion shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our clients/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi -110024**

# मंत्री पद को लेकर भाजपा में घमासान : आतिशी

● बोली, कौन किस विभाग का मंत्री बनेगा और कौन कितनी लूट कर सकता है



प्रेस वार्ता को संबोधित करतीं कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सत्ता से हटने के बाद आम आदमी पार्टी की नेता व कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी भाजपा पर लगातार हमलावर है। कल उन्होंने बिजली कटौती को लेकर भाजपा को घेरा था तो शुक्रवार को उन्होंने दावा किया कि भाजपा में विधायकों के बीच में लड़ाई चल रही है कि कौन किस विभाग का मंत्री बनेगा और कौन कितनी लूट कर सकता है।

साथ ही आरोप लगाया कि भगवा पार्टी ने योजना बनाई है कि वह अपने चुनावी वादे पूरे नहीं करने का ठीकरा आम आदमी पार्टी पर फोड़ेंगी और कहेगी वह ये वादे इसलिए पूरे नहीं कर पाए क्योंकि दिल्ली सरकार के पास पैसा नहीं है। इतना ही नहीं वह यह भी कहेगी कि आम आदमी पार्टी ने सरकार को वित्तीय संकट में डाल दिया। भाजपा यह सारे बहाने करके अपनी लूट को छिपाने की कोशिश करेगी। अपने वादे तोड़ने के लिए बहाने बनाएंगे।

आम आदमी पार्टी ने विस चुनाव में भाजपा द्वारा दिल्लीर वालों से किए अपने सारे वादे पूरे करने को लेकर दबाव बढ़ा दिया है। आतिशी ने शुक्रवार संवाददाता सम्मेलन में पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए आर्थिक विकास के आंकड़े रखे, ताकि भाजपा आने वाले समय में वित्तीय संकट का कोई बहाना नहीं बना पाए। आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार भाजपा को एक मजबूत आर्थिक विकास का बजट सौंपकर जा रही है। इसलिए वह कोई बहाना बनाए बिना अपने सारे वादे पूरा करे। भाजपा ने हर महिला को 8 मार्च तक 2500 रुपए देने का वादा किया है, लेकिन मोदी की गारंटी का एक भी वादा पूरा करने का उसका कोई इरादा नहीं है। इसलिए भाजपा अपनी लूट को छिपाने और वादे न पूरा होने के लिए आम आदमी पार्टी पर दिल्ली सरकार को वित्तीय संकट में डालने का ठीकरा फोड़ने की कोशिश करेगी।

आतिशी ने कहा कि भाजपा ने कई बार कहा था कि जैसे ही सरकार बनेगी तो कैबिनेट की पहली बैठक में हर महिला के खाते में 2500 रुपए की आर्थिक सहायता देने पर निर्णय होगा और 8 मार्च तक हर महिला के खाते में 2500 रुपए की पहली किस्त आ जाएगी। लेकिन भाजपा के सूत्रों के हवाले से हमें पता चला है कि न सिर्फ 2500 रुपए हर महीने, बल्कि भाजपा ने जो बाकी वादे किए थे, उनको पूरा करने का उसका कोई इरादा नहीं है।

**आंकड़ों के साथ बताया आप सरकार ने कैसे बढ़ाया था बजट**

आतिशी ने आम आदमी पार्टी की सरकार के पिछले 10 साल में दिल्ली में हुए आर्थिक विकास के आंकड़े पेश कर रही है ताकि भाजपा आने वाले समय में कोई बहाना न बना पाए और लोगों से किए वादे पूरा करे। दिल्ली में 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। दिल्ली का कुल बजट 31 हजार करोड़ रुपए था। इस बजट में यह समझने वाली बात है कि केंद्र सरकार से कोई पैसा नहीं मिलता है।

इसलिए दिल्ली का बजट उसके खुद के रेवेन्यू से आता है। पहले वैट से आता था, अब जीएसटी और एक्साइज इत्यादि से आता है।

## एक दशक में ढाई गुना बढ़ा बजट

आतिशी ने कहा कि इससे पहले 2009-10 में दिल्ली का बजट 25 हजार करोड़ रुपए था, और पांच साल में बढ़कर 2014-15 तक यह 31 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचा था। यानी पांच साल में बजट में 6 हजार करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। यह आम आदमी पार्टी की सरकार आने से पहले था। 2014-15 में 31 हजार करोड़ रुपए से लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2024-25 में 77 हजार करोड़ रुपए का बजट विधानसभा में पेश किया। यानी दस साल में केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के बजट में 46 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की। दस साल में दिल्ली का बजट और आर्थिक विकास ढाई गुना से ज्यादा हो गया। आम आदमी पार्टी ने बजट को 31 हजार करोड़ रुपए से 77 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाया। न केवल इतना बल्कि कांग्रेस की सरकार से आम आदमी पार्टी की सरकार को विरासत के तौर पर जो कर्ज मिला था, उसे भी आधे से ज्यादा चुका दिया। जो अब मात्र 3 फीसद रह गया है। जब वह यह सरकार को छोड़कर जा रहे हैं तो दिल्ली ऋण जीडीपी अनुपात मात्र 3 फीसद है। यानी आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की सरकार ने पिछली सरकारों से जो कर्ज विरासत में मिला, उस कर्ज को भी चुकाया।

# घोटालों से लूटने वाले भाजपा की चिंता न करें, पार्टी हर संकल्प पूरा करके दिखाएगी: बिधूड़ी

● आम आदमी पार्टी ने खाली किया है खजाना : रामवीर



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी पूर्व सीएम आतिशी पर पलटवार करते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट शासन के कारण दिल्ली का खजाना खाली हो चुका है।

हालत यह है कि दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार ने आखिरी दिनों में केंद्र सरकार से 10 हजार करोड़ का लोन मांगा था। ऐसी स्थिति में कार्यवाहक मुख्यमंत्री द्वारा दिल्ली के आर्थिक विकास का बखान आज तक का सबसे बड़ा झूठ है।

आप सरकार ने करोड़ों के घोटालों से दिल्ली को कंगाली की स्थिति में पहुंचा दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी को यह पता है कि आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली को हर कदम पर लूटा है। इसलिए उन्हें पता है कि जिस पार्टी की भी नई सरकार आती, उसे आर्थिक संकट के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

इसीलिए वह खुद स्वीकार कर रही हैं कि दिल्ली के खजाने की ऐसी स्थिति बन चुकी है लेकिन वह भाजपा के वादों को लेकर परेशान न हों। भाजपा की नई सरकार पहली केबिनेट बैठक में ही अपने प्रमुख वादों को पूरा करने का ऐलान करेगी और इसके लिए फंड का भी इंतजाम करेगी। उन्होंने कहा कि आतिशी की तुलना उस व्यक्ति से की जा सकती है जिसने खुद ही खजाने पर डाका डाला हो और फिर 'चोर-चोर' कहता हुआ मौके से भागने की कोशिश कर रहा हो। भाजपा सांसद ने कहा कि आतिशी को बजट में ग्रोथ के साथ-साथ यह भी बताना चाहिए कि राजधानी की जनता के खून-पसीने की कमाई को आप सरकार ने अपने घोटालों से कैसे लुटाया। जनता ने तो ईमानदारी से टैक्स का भुगतान किया लेकिन आतिशी बताएं कि दिल्ली जल बोर्ड 75 हजार करोड़ रुपए के घाटे में कैसे आ गया। डीटीसी को हर साल 2500 करोड़ से अधिक का घाटा क्यों हो रहा है। यमुना की सफाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिया गया 8500 करोड़ रुपया कहां गया। शराब घोटाले के नाम पर 2000 करोड़ से अधिक का घोटाला करके पैसा किसकी जेब में गया।

1300 करोड़ का शिक्षा घोटाला, 500 करोड़ का पैनिक बटन घोटाला और 65 हजार फर्जी टेस्ट करके मोहल्ला क्लीनिक का घोटाला करके नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुसार विधानसभा के पहले सत्र में ही सीएजी रिपोर्ट भी पेश कर दी जाएंगी।

डीएमआरसी की पहल

# प्रवेश पत्र दिखाने पर छात्रों को सुरक्षा जांच में मिलेगी तरजीह

● सीबीएसई परीक्षा में बैठने वाले लगभग 3.30 लाख छात्र और हजारों स्कूल कर्मचारी के लिए मेट्रो ने किए उपाय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक चलेगी। इसके मद्देनजर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए सुगम और बिना किसी परेशानी की यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं।

डीएमआरसी का कहना है कि लगभग 3.30 लाख छात्र और हजारों स्कूल कर्मचारी इस दौरान मेट्रो से यात्रा करेंगे। डीएमआरसी ने सीआईएसएफ के साथ मिलकर परीक्षा के दिनों में बढ़ती भीड़ को प्रबंधित करने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सुविधा उपाय लागू करेगी। इसके तहत मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान सीबीएसई प्रवेश पत्र दिखने पर छात्रों को सुरक्षा जांच में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा टिकट आफिस मशीन, कस्टमर केयर सेंटर पर टिकट खरीदते समय अपने प्रवेश पत्र दिखाने वाले छात्रों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार) अनुज दयाल ने बताया कि डीएमआरसी स्टाफ ने स्कूलों का दौरा किया, प्रिंसिपलों के साथ बातचीत की और उन्हें निकटतम मेट्रो स्टेशनों और छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता के बारे में जानकारी दी। डीएमआरसी ने स्कूलों से छात्रों को उनकी यात्रा की योजना बनाने में सहायता के लिए आसान टिकट बुकिंग के लिए क्यूआर कोड के साथ निकटतम मेट्रो स्टेशन का विवरण प्रदान करने वाले पोस्टर लगाने का अनुरोध किया है। स्टेशनों पर विशेष केंद्रीकृत घोषणाएं की जाएंगी। सुगम यात्रा के लिए परीक्षा केंद्रों के निकटतम मेट्रो स्टेशनों की एक विस्तृत सूची डीएमआरसी वेबसाइट और आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन पर भी अपलोड की गई है। डीएमआरसी ने बताया कि छात्रों से अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने का आग्रह किया गया है ।

# झुग्गी वालों से किए वादों को पूरा करेंगे: सचदेवा

● भाजपा ने झुग्गी बस्ती पालकों, विस्तारकों को किया सम्मानित


झुग्गी बस्ती पालकों-विस्तारकों को सम्मानित करते सचदेवा। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव में जीत के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने झुग्गी बस्ती पालकों और विस्तारकों को सम्मानित किया।

उन्होंने सभी पालकों और विस्तारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के सूत्रधार आप सभी रहें और झुग्गी के लोगों को भाजपा पर भरोसा करने की और केजरीवाल के भ्रामक बयानों से बचाने का काम किया है। भाजपा अब झुग्गीवासियों से किए गए वायदों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार के गठन होने के बाद भाजपा अपने वायदो को पूरा करने के लिए काम करेगी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में वह लगातार झुग्गी वासियों की आवाज बनकर उनके साथ खड़े रहे उनकी समस्या को हमने सड़कों पर उठाया और आज उसका परिणाम है कि दिल्ली की सत्ता पर क़ाबिज़ एक झूठे और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी का सफाया हुआ। डबल इंजन की सरकार पर भरोसा कर झुग्गीवासियों ने एक इतिहास रचा है और हम उनकी उम्मीदों पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। विष्णु मित्तल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में झुग्गीवासियों का एक महत्वूर्ण योगदान रहा है।

भाजपा की जीत में जिन 12 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की जीत हुई है उनमें झुग्गीवासियों का विशेष योगदान रहा। ये सभी केजरीवाल के झूठ, भ्रम, बेईमानी की राजनीति से तंग आकर भाजपा को इस बार चुना है और भाजपा इनसे किए वायदों को जरूर पूरा करेगी।

# बाहरी उत्तरी दिल्ली में दो दिन पानी की आपूर्ति रहेगी बाधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कुछ हिस्सों में मरम्मत कार्य के चलते 20 की शाम से 21 फरवरी की सुबह तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। पल्ला में नवनिर्मित 900 मिमी और 1500 मिमी व्यास वाली लाइन को जोड़ने के कार्य के चलते 20 फरवरी शाम से 21 फरवरी सुबह तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी या कम दबाव पर उपलब्ध होगी। जल बोर्ड ने बताया कि बख्तावरपुर, झंगोला, तिगीपुर, कुशक नंबर 111, महम्मदपुर, रमजानपुर, सिंघू, पल्ला, ताजपुर, अकबरपुर माजरा, अलीपुर, जिंदपुर, बकोली, खामपुर, बुधपुर, हमीदपुर गांव, होलंबी कलां, खेड़ा कलां, खेड़ा खुर्द, नया बांस, मामूरपुर, पाना उद्यानापपोसिया नरेला, नरेला की वीए‌ए कॉलोनियां शामिल हैं।

डीजेबी ने कहा कि नरेला की नियमित कॉलोनियां, जेजे क्लस्टर नरेला, डीडीए क्षेत्र नरेला, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, मेट्रो विहार फेज-एक तथा दो, नंगली पूना गांव, कादीपुर गांव, मुखमेलपुर गांव, इब्राहिमपुर गांव, संत नगर, बुराड़ी, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, समयपुर गांव, बादली गांव, लिबासपुर और सिरसपुर गांव में भी पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# डेढ़ करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक अफ्रीकी नागरिक समेत मादक पदार्थों के दो कथित तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन बरामद की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया आरोपियों की पहचान 40 वर्षीय अफ्रीकी नागरिक याओ और बिहार निवासी विकास (23) के तौर पर हुई है और उनके पास से करीब डेढ़ करोड़ रुपए मूल्य की 141.9 ग्राम कोकीन बरामद की गई। दक्षिण पश्चिम दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया, "दोनों तस्कर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सक्रिय रूप से कोकीन की आपूर्ति कर रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद भीकाजी कामा प्लेस के निकट से इनकी गिरफ्तारी की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जाल बिछाया और उन्हें रिंग रोड पर एक बस स्टॉप के पास से पकड़ लिया। उनकी तलाशी लेने पर टीम ने उनके कब्जे से कोकीन बरामद की। पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, याओ 2018 में पर्यटक वीजा पर भारत आया था और वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह अवैध रूप से रह रहा था। उसने खर्चों को पूरा करने के लिए शुरू में कम मात्रा में कोकीन बेची, लेकिन वह जल्द ही बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हो गया।

# प्रो. शैलेंद्र संभालेंगे एम्स में सुरक्षा की जिम्मेदारी

● उन्हें यह पद सुरक्षा विभाग तथा मरीजों, शिक्षकों एवं छात्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के मकसद से सौंपा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र कुमार को संस्थान में सुरक्षा सेवाओं के प्रभारी अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। उन्हें यह पद सुरक्षा विभाग तथा मरीजों, शिक्षकों एवं छात्रों के बीच बेहतर समन्वय के मकसद से सौंपा गया है।

सुरक्षा प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) यह सुनिश्चित करेंगे कि सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की योजना बनाते समय मरीजों, कर्मचारियों और छात्रों की आवश्यकताओं पर अधिक विचार किया जाए।

यहां 11 फरवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि ओआईसी सुरक्षा विभाग और एम्स के मरीजों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के बीच तालमेल स्थापित करेंगे। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न नीतियां बनाते समय समग्र तरीके से विचार किया जाए। वहीं मरीजों को भी राहत मिलेगी।

# साइबर अपराध पर लगेगा अंकुश : देवेश

● सीपी संजय अरोड़ा ने साइबर कियोस्क मशीन का किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए डिजिटल क्रांति और सुरक्षा की नीति को लागू कर रही है। इस कड़ी में दिल्ली पुलिस के आयुक्त संजय अरोड़ा ने पीएचक्यू में एक साइबर कियोस्क मशीन का उद्घाटन किया।

पुलिस का कहना है कि आज के डिजिटल युग में, लोग इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। इंटरनेट पर रोजामर्रा की गतिविधियों के साथ, कई बार उपयोगकर्ता के उपकरणों पर विभिन्न प्रकार के विभिन्न और दुर्भावनापूर्ण एप्लिकेशन इंस्टॉल हो जाते हैं और उनकी व्यक्तिगत जानकारी से समझौता किया जाता है। वे विभिन्न साइबर अपराधों का शिकार भी हो सकते हैं। साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि के मद्देनजर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जिन उपकरणों का उपयोग करते हैं वे साइबर सुरक्षित हैं। एनएफएसयू, गांधी नगर ने साइबर सेफ्टी कियोस्क नामक मोबाइल स्टोरेज क्लीनिंग मशीन विकसित की है। साइबर सेफ्टी कियोस्क का मुख्य लक्ष्य मोबाइल फोन/स्टोरेज डिवाइस आदि को दुर्भावनापूर्ण/संदिग्ध फाइल/ऐप्स से सुरक्षित करना है, जो उपयोगकर्ता के डिवाइस में हो सकते हैं। यह उपयोगकर्ताओं के बीच साइबर सुरक्षा/सुरक्षा की संस्कृति बनाने में मदद करेगा।

## लूटपाट व हत्या के केस में वांछित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हत्या, लूटपाट और हत्या की कोशिश जैसे कई मामलों में वांछित एक अंतरराज्र्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान किशोर (50) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, पुलिस दल को किशोर के जबलपुर(मध्य प्रदेश) में छुपे होने की सूचना मिली, जहां वह एक ट्यूशन सेंटर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि किशोर का आपराधिक इतिहास खंगालने पर उसके ऊ्रर दस गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए गए, जिसमें 1995 में उत्तर प्रदेश में हत्या, मालवीय नगर में लूटपाट व शस्त्र अधिनियम तथा एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई अपराध के मामले शामिल हैं।

# हत्या के मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2015 के एक हत्या मामले में दोषी पाए गए तीन व्यक्तियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए कहा कि इस मामले में उन्हें मृत्युदंड देना उपयुक्त नहीं है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विक्रम ने मोहम्मद आदिल खान, अमित कुमार और शहजाद को हत्या, डकैती और आपराधिक धमकी के आरोपों में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। हत्या के इस मामले में दो आरोपी अभी तक लापता हैं और उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनीत दहिया ने कहा कि आरोपियों ने डकैती की योजना बनाई थी, जिसके बाद उन्होंने 9 जनवरी, 2015 को पीतमपुरा में पीड़ित को उसके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

अदालत ने सात फरवरी को अपने आदेश में कहा कि कानून का यह स्थापित सिद्धांत है कि मृत्युदंड केवल दुर्लभ मामलों में ही दिया जा सकता है। इसमें कहा गया, इस मामले के तथ्य उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित दुर्लभतम मामलों की कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं। मौर्या एन्क्लेव थाने में इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# दिल्ली को साफ-सुथरा शहर बनाने के लिए और मेहनत करनी है: एलजी

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एमसीडी स्वच्छता सैनिकों के साथ 'संवाद' किया



नगर निगम के 'संवाद' कार्यक्रम में विभिन्न नागरिक समूहों संग चर्चा करते एलजी वीके सक्सेना।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सफाई कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा स्वच्छता सैनिक दिल्ली की रीढ़ हैं। उनके बिना स्वच्छ दिल्ली की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कोविड-19 महामारी, यमुना नदी की बाढ़ और जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनके समर्पण के लिए उनकी पीठ थपथपाई।

एलजी ने दिल्ली नगर निगम के 'संवाद' कार्यक्रम में विभिन्न नागरिक समूहों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि आज हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दिल्ली वालों ने बदलाव करके नई सरकार चुनी है। यह बदलाव सफाई कर्मचारियों के लिए भी एक चुनौती है। दरअसल, जनता द्वारा लाया गया यह बदलाव तभी दिखाई देगा जब दिल्ली पूरी तरह से साफ-सुथरी और हरी-भरी हो जाएगी। सफाई कर्मचारियों ने राष्ट्रीय राजधानी को साफ करने की पुरजोर कोशिश की है, हालांकि ये प्रयास कम पड़ रहे हैं। हमें अभी और मेहनत करनी है और दिल्ली को स्वच्छ बनाना है। कुछ क्षेत्रों, विशेषकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों का रखरखाव अच्छा है जबकि अन्य क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। एलजी संवाद कार्यक्रम के जरिए विभिन्न नागरिक समूहों के साथ खुली चर्चा करते हैं, के ताजा एपिसोड में बृहस्वतिवार को एमसीडी के स्वच्छता सैनिकों के साथ सार्थक चर्चा की। उन्होंने शहर की स्वच्छता को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए उपरज्यपाल ने दिल्ली की स्वच्छता और स्वास्थ्य में स्वच्छता अधिकारियों की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया।

उपराज्यपाल ने कहा, जब हम राजधानी में गड्ढे और कचरा देखते हैं तो इससे चिंता होती है कि क्या हम वास्तव में देश की राजधानी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलजी ने सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा, आप दिल्ली की रीढ़ हैं और आपके बिना स्वच्छ दिल्लीह की कल्पना करना मुश्किल है। उपराज्यपाल ने सफाई कर्मचारियों से कहा, वह काफी समय से आप सभी से मिलना चाहते थे ताकि दिल्ली को स्वच्छ बनाने में आपका सहयोग मांग सकूं। वह राज निवास में अलग-अलग लोगों और समूहों से लगातार संवाद के तहत बातचीत कर रहे है ताकि उनकी समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने का प्रयास कर सकें। शहर को स्वच्छ रखना एमसीडी की जिम्मेदारी है। एमसीडी कई क्षेत्रों में अच्छा काम कर रही है, लेकिन कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सफाई कर्मचारी सैनिकों की तरह होते हैं। सैनिक कभी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते। जिन क्षेत्रों पर पहले ध्यान नहीं दिया जा सका, वहां आज से ही विशेष अभियान शुरू किया जाना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय राजधानी को कचरा मुक्त बनाया जा सके। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए हमारे पास सिर्फ पांच महीने थे। मैंने नेताओं को आश्वस्त किया था कि मुझे अपने कर्मचारियों पर भरोसा है। आप लोगों ने सड़कों पर सात लाख गमले लगाकर ऐतिहासिक काम किया था। रात में निरीक्षण के दौरान भी कर्मचारी तैनात मिलते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एलबी शास्त्री और एयरलाइनर ने खिताब जीता





**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच केशव का शानदार स्पैल 3/28, माही चोपड़ा 58 रन और लक्ष्य शेखरी 43 रन, मंथन 2/13 रिशु सिंह 2/43 की मदद से एलबी शास्त्री स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर ने क्रिकेट कोचिंग उपाध्याय एकेडमी को 5 विकेट से मात देकर रामजस ग्राउंड में छठे मनजीत कौर जोबन मेमोरियल यू 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। मुख्य अतिथि डॉ रंजना शर्मा, बलजीत सिंह जोबन, जसपाल सिंह जोबन और श्री कुशविंद्र सिंह जोबन श्री निलेश गर्ग अजय दीवान ने खिलाडियों को सम्मानित किया। वहीं करण पंगेनी के हरफनमौला प्रदर्शन, 60 रन, 2/44, मयंक मलिक, 4/33 और चैतन्य बीर के 77 रन की मदद से एयरलाइनर अकादमी मंदिर मार्ग ने रामजस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चौथे वरिष्ठ खेल पत्रकार रोशन लाल सेठी मेमोरियल यू 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में विश्वकर्मा क्रिकेट अकादमी को रोमांचक मैच में 6 रन से हराकर खिताब जीता।

### नारायण आर्टिफिशियल लिम्ब कैम्प 16 फरवरी को



**नई दिल्ली।** दिव्यांगों के कल्याणार्थ नि:शुल्क शिविर का आयोजन 16 को सेक्टर-12 रोहिणी में आयोजित होगा। संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबिसा ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की दु:खभरी जिन्दगी से निकालने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। प्रभारी जतन सिंह भाटी ने बताया कि इस शिविर में देखभार करेंगे। जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने दिव्यांगों से अपील करते हुए कहा इस शिविर में भाग लेने के इच्छुक दिव्यांग स्वयं का आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो लेकर आए।

## एनईआरईएस XVI पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड

मैसर्स एनईआरईएस XVI पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स 7, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 में है, भारत सरकार से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के अंतर्गत उसे सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए आवेदन करना चाहता है। विद्युत संचरण के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए या भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास आवश्यक कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए। सरकार द्वारा स्थापित या अनुरक्षित टेलीग्राफ के उद्देश्य से टेलीग्राफ लाइनें और पोस्ट, या इस प्रकार स्थापित या अनुरक्षित की जाने वाली टेलीग्राफ लाइनें और सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, स्थापना और अन्य कार्य करेगी, जिसके बाद कमीशनिंग, संचालन होगा। निम्नलिखित ट्रांसमिशन योजना के लिए रखरखाव और अन्य कार्य।

**ट्रांसमिशन योजना का नामः**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विस्तार योजना–XVI (एनईआरईएस–XVI) के लिए ट्रांसमिशन योजना इस योजना के अंतर्गत आने वाले कार्यः**

1. गोगामुख 400/220/132 केवी सबस्टेशन की स्थापना
2. गेरूआमुख (अरुणाचल प्रदेश) 132 केवी एस/एस पर विस्तार कार्य
3. गोगामुख (आईएसटीएस) – गेरूआमुख (अरुणाचल प्रदेश) 132 केवी डी/सी (जेबरा) लाइन
4. सुबांसिरी – बिस्वनाथ चरियाली 400 केवी (ट्विन लैपिंग) की एक डी/सी लाइन (लाइन–1 के सीकेटी–1 और सीकेटी–2) का लिलो गोगामुख एस/एस पर 2 डी/सी लाइनें

योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइन निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों से होकर, ऊपर, चारों ओर और उनके बीच से गुजरेगीः

**असम राज्य – के अंतर्गत**

**जिला धेमाजी के अंतर्गत**

**गोगामुख तहसील** नहरबाड़ी, एफएस अनुदान, जीटी नंबर 19एफएस, गैराईमारी बोंगाली, अमगुरी नंबर 67, नंबर 1/2 चाहम्याडी, लटकागांव, लाठियागांव, पुराना परघाट गांव, लाठिया, गोगामुख नंबर 1, लागोसुंग कछारी, दीपा एनसी, चोमनिगांव, तिंगरीगांव, बलिगांव, नाहरबाड़ी कोरा चौक। मझगांव, गोगामुख, अमलापति, चेंगमारी, नपन बालीगांव, नेवरगांव गोगामुख, जिलिकपाथर, पमुआ गोगामुख, भेबेली हमाबाईगांव, मैनपारा, रंगजंगांव, ज्योतिषपुर, कायेन चेटीगांव, गरपारागांव, ताराजन नेपालीगांव, कचुआटी नं. 2, कचुअट्टी मेजगांव, ब्रह्मगांव, मोहरी, ओखामती, कालीगांव, नाहरजन, कनुआपराजन, निजयपुर, भीष्मपुर, बागचोक सोनवलगांव, नाहरबाटी, हलाकबारी, उरियामगुरी, राजगढ़ली, शांतिपुर, पिचाला, चांग्लिसुति नं. 1, सलाखबारी मिरगांव, राजगढ़, खखशपुर, न्यू चौलधोरा, गेरुआमुख, गेउका, घासीगांव, कैकशपुर

**असम राज्य – के अंतर्गत**

**जनपद–लखीमपुर के अंतर्गत**

**कदम तहसील** पीरिकगांव, ढिपागांव, उरियामगुरी, उरियामगुरी बालीगांव, लागा चुक कछारीगांव, चौलधुआ बालीगांव, बागिनादीपम, रूपानीगांव, थेकागुरीगांव, खगड़ी, खटालकगुरी, पुराना परघाट, कलितागांव, दुतगांव, करकनी कठनगांव, अहातगुड़ी, हल्दीहाटी, भरतपुर, भीमपारा छापरी, धनपुर, बाकुलबाड़ी, बरबली, कटोरी छापरी, घघरनगर, सुबनसिरीगांव, रूपाहीगांव, रूपाही, ढोलबस्ती, पथलिपम चाय बागान, रूपाहीगांव कुहियारबाड़ी, गोहाईगांव, शांतिपुर जोरहाटिया, चौलधोघाट, गोगामुख नागांव, मिलनपुर, नागांव, आदर्श, सोनपुर नं. 1, सोनपुर नं. 2, नामघर, सोनपुर मझेगांव, पचमेल, ताराजन, ताराजन नेपालीगांव

**अरुणाचल प्रदेश राज्य – के अंतर्गत**

**जिला–कामले**

**डोल्लुंगमुख तहसील** कोलाप्टोकर, कालोप्टोर, रिक्गु मार्ग संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। आम जनता को लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से दो महीने के भीतर प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम पर अवलोकन/प्रतिनिधित्व करने के लिए नोटिस दिया जाता है। अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

नामः धुर्ज्योति चालिहा (उपराष्ट्रपति)
कार्यालय का पताः चंद्ररूप, मकान नंबर–02, विष्णु पथ, घोरमारा चारियाली, गुवाहाटी असम–781028
ईमेल पताः dhurjyoti.chaliha@techno.co.in
फोन नं. 8011187572

NERES XVI POWER TRANSMISSION LTD. Gurugram

श्री दिनेश पारख,
निदेशक, एनईआरईएस – XVI
(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और पदनाम)

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 12.02.2025


# गुरुग्राम में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में छह महिलाओं समेत आठ लोग दबोचे

- आरोपियों से 25 मोबाइल फोन व वाईफाई डोंगल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया। मौके से छह महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 25 मोबाइल फोन व एयरटेल का वाईफाई डोंगल बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार चार फरवरी को मानेसर थाना साइबर अपराध में एक व्यक्ति ने लोन दिलाने के नाम से हुई ठगी की शिकायत दी थी। पीड़ित ने कहा कि उसके पास एक्सिस बैंक का प्रतिनिधि बनकर अलग-अलग नम्बर से कॉल आई। लोन देने के नाम पर लगभग 18 हजार रुपये की ठगी उसके साथ कर ली गई। शिकायत पर थाना साइबर मानेसर ने केस दर्ज किया।

मानेसर साइबर अपराध थाने की टीम ने तकनीकी सहायता से इस धोखाधड़ी/ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। 13 फरवरी को बदरपुर से आठ आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान राजू मण्डल निवासी बेबी सिंह कॉलोनी गजरौला कलां पीलीभीत (उत्तर-प्रदेश) वर्तमान निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी प्रहलादपुर, नई दिल्ली, रोहित कुमार निवासी मित्तल कॉलोनी प्रहलादपुर, नई दिल्ली, रोजी निवासी गांव याकूबपुर जिला औरैया (उत्तर-प्रदेश) वर्तमान निवासी बदरपुर, मोलरबंद एक्सटेंशन, नई दिल्ली, रुबी निवासी शिव दुर्गा विहार सूरजकुंड जिला फरीदाबाद, सीमा सिन्हा निवासी शिव दुर्गा विहार, सूरजकुंड जिला फरीदाबाद, ज्ञानती निवासी चूरिया मोटला, लेखंड ओखला दिल्ली, मंतशा निवासी पल पहलादपुर, बदरपुर, दिल्ली व शायरा निवासी लक्कड़पुर जिला फरीदाबाद के रूप में हुई।

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी लोगों के पास फोन करके लोन दिलाने के नाम पर विभिन्न प्रकार के चार्ज के रूप में रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे।


लोन दिलाने के नाम पर कॉल सेंटर से ठगी करने के आरोपी।

## पुलिस ने दो बच्चों को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**गुरुग्राम।** स्थानीय पुलिस ने गायब हुए दो बच्चों को सकुशल ढूंढकर परिजनों के हवाले किया। काफी सूचनाएं एकत्रित करने के बाद पुलिस को बच्चों के माता-पिता का पता चला। फिर दो वर्षीय बच्चे का नाम जीइन निवासी गोड्डा (झारखंड) व एक वर्षीय बच्चा बिहार का है। दोनों बच्चों का वर्तमान में गांव नाहरपुर मानेसर में रहने का पता चला। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक व दो साल के दो बच्चे गांव नाहरपुर में लावारिस घूम रहे हैं। पुलिस ने दोनों बच्चों को उनके घर पहुंचाने के उद्देश्य से बच्चों के माता-पिता व घर का पता करने के प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद बच्चों के माता-पिता का पता चला। उनके माता-पिता मानेसर के गांव नाहरपुर में रह रहे हैं। पुलिस टीमों द्वारा दोनों बच्चों को सकुशल उनके परिजनों तक पहुंचाया। दोनों के माता-पिता ने पुलिस का आभार जताया।

# कांग्रेस ने गुरुग्राम के 36 वार्डों को चार जोन में बांटा: बुवानीवाला

- हर जोन में बनाया गया है एक-एक इंचार्ज
- विधानसभा शहरी व ग्रामीण कॉर्डिनेटर चारों जोन में समन्वय करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय है। मजबूती से चुनाव लड़ते हुए चुनाव जीतने का लक्ष्य लेकर कांग्रेस काम कर रही है। गुरुग्राम नगर निगम के 36 वार्डों को अपराध ने चार जोन में बांटा है। हर जोन में 9 वार्ड शामिल किए हैं। चारों जोन में एक-एक इंचार्ज की नियुक्ति की गई है। यह जानकारी कांग्रेस के जिला सह-प्रभारी अशोक बुवानीवाला ने दी।

बुवानीवाला ने कहा कि हर चुनाव की तरह नगर निगम का चुनाव भी कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है। जमीनी स्तर पर तैयारियों को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम को चार जोनों में बांटकर इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। बुवानीवाला के मुताबिक 1 से 9 वार्ड तक जोन-1 में बादशाहपुर से विधानसभा प्रत्याशी रहे वर्धन यादव को इंचार्ज बनाया गया है। वार्ड-10 से 18 तक के दूसरे जोन में प्रदीप जेलदार को, वार्ड 19 से 27 तक तीसरे जोन में गुरुग्राम विधानसभा से प्रत्याशी रहे मोहित ग्रोवर को और वार्ड-28 से 36 तक तीसरे जोन में पूर्व मंत्री सुखबीर सिंह कटारिया को इंचार्ज बनाकर चुनावी तैयारियों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा कांग्रेस के गुड़गांव विधानसभा शहरी कॉर्डिनेटर पंकज डावर व ग्रामीण कॉर्डिनेटर विरेंद्र सिंह यादव (बिल्लू) चारों जोन में समन्वय स्थापित करने का काम करेंगे।


अशोक बुवानीवाला।

# भारत फिर बनेगा वैश्विक महाशक्ति

- एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में धर्मेंद्र प्रधान बोले, किसी देश के पास नहीं भारत जितनी अथाह युवा शक्ति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि 21वीं सदी में भारत फिर से वैश्विक महाशक्ति बनने जा रहा है। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी हैं, बहुत जल्द हम तीसरी पायदान पर पहुंचने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सार्थक, सकारात्मक व दीर्घकालिक निर्णयों-कदमों से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र एवं विश्व की सर्वाधिक समृद्ध इकोनॉमी बनेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री गुरुग्राम में एक निजी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे।

दीक्षांत समारोह में दिल्ली एवं डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के प्रेसीडेंट रोहन जेटली दीक्षांत समारोह में गेस्ट आफ ऑनर के रूप में शामिल हुए। पद्मभूषण राम बहादुर राय भी इस दौरान मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा कि युवा शक्ति के बल पर भारत विकास की तेज दौड़ लगाएगा। आज भारत की 142 करोड़ की आबादी में से 68 करोड़ से अधिक की आयु 25 वर्ष से कम है। इतनी अथाह युवा शक्ति विश्व के और किसी देश के पास नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज डिग्री लेने वाले छात्र 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए खुद का रोड मैप बनाएं। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सिलिकॉन वैली का उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया की हर इकोनॉमी के पीछे कोई न कोई विश्वविद्यालय अवश्य होता है। आज री स्किलिंग और अपस्किलिंग का दौर है।


गांधीवादी स्कालर डा. शोभना राधाकृष्ण को डी. लिट की उपाधि प्रदान करते केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान।


## ATS HEIGHTS PRIVATE LIMITED (Under CIRP)

**Regd. Off.: 711/92, Deepali, Nehru Place, New Delhi – 110019**
**CIN: U70200DL2010PTC205410; Phone No.: 0120-7111500; Fax No.: 0120-7111550**
**Email Id.: compliances@atsgreens.com; Website: www.atsgreens.com**

**ANNEXURE I**
**Format for publishing financial results in newspapers**
**[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]**

**(Amounts in INR Lakhs, unless otherwise stated)**

| S. No. | Particulars | For the Quarter Ended 31.12.2024 Unaudited | For the Quarter Ended 31.12.2023 Unaudited | For the Year ended 31.03.2024 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 106.49 | 0.39 | 4.26 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 18.82 | (7.07) | (49.47) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 18.82 | (7.07) | (49.47) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 17.82 | (5.23) | (527.83) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax)and Other Comprehensive Income (after tax)] | 17.82 | (5.23) | (527.83) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) | (3,346.92) | (2,767.78) | (3,267.57) |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - |
| 9 | Net worth | (3,345.92) | (2,766.78) | (3,266.57) |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 233,446.74 | 236,920.59 | 233,446.74 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio | 69.77 | (71.82) | (71.47) |
| 13 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: | 178.24 | (52.26) | (5,278.33) |
| | 2. Diluted: | 178.24 | (52.26) | (5,278.33) |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | 0.0001 | (0.0006) | (0.0002) |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | - | (0.050) | (1.180) |

**Note:**
a)The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity
b)For the other line items referred in the Regulation 52 (4) of the Listing Regulations, pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s).
c)# - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.

Kashinath Jha
sd/-
Director

Santosh Kumar
sd/-
Director

Gaurav Katiyar
Interim Resolution Professional
Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P00209/2017-18/10409

Place: Noida
Date: 13.02.2025



## कैमक कमर्शियल कंपनी लिमिटेड

रजि. कार्यालयः प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002
कॉर्पोरेट पहचान सं. L70109DL1980PLC169318
फोनः - 7303495374, ई-मेल-camaccommercial@gmail.com, वेबसाइट - www.camaccommercial.com

**31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**
**(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)**

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: तिमाही समाप्ति 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्ति 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्ति 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालन से कुल आय | 14.79 | 174.18 | 167.23 | 212.39 | 271.83 | 296.32 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व और आपवादिक मद) | 2.30 | 158.83 | 130.59 | 167.77 | 91.99 | 92.89 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व और आपवादिक मद) | 2.30 | 158.83 | 130.59 | 167.77 | 91.99 | 92.89 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) और आपवादिक मदे | 1.94 | 136.26 | 115.78 | 144.13 | 77.92 | 93.48 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | 9,308.53 | 39,765.07 | (2,704.81) | 49,233.01 | (3,755.75) | (4,842.81) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.2a8 | 88.28 | 88.28 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | | | | 1,68,323.30 |
| 8. | प्रत्येक 10 रुपये का प्रति शेयर आय | | | | | | |
| | (क) मूलभूत (रु. में) | 0.22 | 15.43 | 13.12 | 16.33 | 8.83 | 10.59 |
| | (ख) तरलीकृत (रु. में) | 0.22 | 15.43 | 13.12 | 16.33 | 8.83 | 10.59 |

**टिप्पणियाँ:**
1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 14 फरवरी, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित और रिकॉर्ड पर लिया गया है।
2 उपरोक्त 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। कंपनी के वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे 14 फरवरी, 2025 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
कृते कैमक कमर्शियल कंपनी लि.
हस्ता/-
(मोनिशा सराफ)
निदेशक
डीआईएनः 07503642

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 14 फरवरी, 2025



## कोस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएनः L25199DL1980PLC010173
रजि. कार्यालयः 2/8, रूप नगर, दिल्ली–110007
वेबसाइटः www.cosco.in ईमेलः mail@cosco.in
टेलीफोनः 91–11–23843000, फैक्सः 91–11–23846000

**दिनांक 31.12.2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**
(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्ति 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2023 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्ति 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2023 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्ति 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालनों से कुल आय | 4,097.44 | 3,830.53 | 4,066.23 | 12,819.08 | 12,802.54 | 17,749.68 |
| 2 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ | 45.30 | 28.21 | 110.18 | 289.29 | 355.59 | 469.06 |
| 3 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ | 36.36 | 19.88 | 115.27 | 209.40 | 235.43 | 320.79 |
| 4 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | 35.15 | 20.48 | 116.02 | 209.40 | 237.68 | 325.14 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** |
| 6 | अन्य इक्विटी | | | | | | 4,564.57 |
| 7 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रु. का ) | | | | | | |
| | (क) मूलभूत (रु.) | 0.87 | 0.48 | 2.77 | 5.03 | 5.66 | 7.71 |
| | (ख) तरलीकृत (रु.) | 0.87 | 0.48 | 2.77 | 5.03 | 5.66 | 7.71 |

**टिप्पणियाँ:**
1 उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों (www.bseindia.com/corporates) और कंपनी की वेबसाइट www.cosco.in पर उपलब्ध है।
2 उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 13 फरवरी, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किया गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
कृते कोस्को (इंडिया) लिमिटेड
देविन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक और सीईओ
डीआईएनः 00191539

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 13.02.2025


## युवा पगड़ी बंधवाकर ले रहे सेल्फी विद हुक्का

**सूरजकुंड।** सूरजकुंड मेले में आपणा घर में लगी विरासत प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी के प्रति मेला में आने वाले पर्यटकों का पूरा फोकस बना हुआ है। पगड़ी बंधवाने के साथ-साथ हुक्का के साथ सेल्फी लेने के लिए दिनभर पर्यटकों में होड़ सी लगी रहती है। हरियाणा का आपणा घर में विरासत की ओर से जो पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी लगाई गई है, वहां पर पगड़ी बंधाई, फोटो खिंचाओ के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हरियाणा की पगड़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए हरियाणवी संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने वाले एवं विरासत के निदेशक डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में खूब लोकप्रियता हासिल हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखें से सेल्फी, हरियाणवी दरवाजों के साथ सेल्फी, चारपाई व आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं।

## ओडिसा के कलाकारों ने नृत्य व सेना पराक्रम का अदभुत नजारा किया पेश

**सूरजकुंड।** सूरजकुंड शिल्प मेला को हर संध्या को शानदार बनाने के लिए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसमें हर रोज देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब लुभा रही हैं।

इसी कड़ी में बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में इस बार के मेले के थीम स्टेट ओडिसा के कलाकारों ने नृत्य और सेना पराक्रम का अद्भुत नजारा पेश कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। ओडिसा कलाकारों के समूह ने बड़ी चौपाल के मंच पर तलवारबाजी से साहसी सेना के पराक्रम को दर्शाया। इनकी प्रस्तुति इतनी बेहतरीन रही की पंडाल में सभी लोगों ने तालियों से इनका अभिवादन किया। इनके अलावा ओडिसा के शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। महिला कलाकारों के सामूहिक नृत्य ने सभी को ओडिसा की संस्कृति से रूबरू कराया। इन नृत्यों में संबलपुरी और गोटीपुआ नृत्य की प्रस्तुति शानदार रही। बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में ओडिसा के कलाकारों ने देर रात तक समा बांधे रखा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 फरवरी 2025



## आयकर विधेयक

### करदाता-हितैषी कदम

**संसद** में निर्मला सीतारमण द्वारा लाए आयकर विधेयक, 2025 का उद्देश्य 1961 कानून के स्थान पर ज्यादा करदाता-हितैषी ढांचा बनाना है। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने संसद में गुरुवार को आयकर विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक आयकर कानून, 1961 का स्थान लेगा जो पिछले छः दशकों में अनेक संशोधनों के कारण जटिल हो गया है। यह विधेयक सरलीकरण, स्पष्टता तथा करदाताओं के लिए क्रियान्वयन में सुगमता सुनिश्चित करने के साथ कर व्यवस्था का मूल ढांचा बनाए रखता है। 622 पेज में फैले इस विधेयक में 536 धारायें, 23 अध्याय तथा 16 अनुसूचियां हैं जिससे यह 880 पेज में फैले 1961 के कानून की तुलना में काफी संक्षिप्त है। इनमें एक प्रमुख परिवर्तन 'पिछले वर्ष' को हटाना तथा 'आंकलन वर्ष' के स्थान पर 'कर वर्ष' रखना है जिससे कर फाइलिंग के संबंध में भ्रम दूर हुआ है। स्पष्टता और बढ़ाने के लिए 'नाटविधस्टैंडिंग' जैसे भ्रामक शब्दों के स्थान पर 'इररिस्पेक्टिव' शब्द रखे गए हैं। नए विधेयक में प्रमुख गणनाओं, जैसे टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन कराधान एवं खराब कर्जों के लिए छूट जैसी प्रमुख गणनाओं के लिए फार्मूले व सारणियां दी गई हैं। जटिल व्याख्याओं और प्राविधानों को हटा कर कानून को ज्यादा समग्र तथा प्रयोगकर्ता-हितैषी बनाया गया है। एक औपचारिक 'करदाता चार्टर' शामिल कर कर प्रशासन में पारदर्शिता व न्याय को प्रोत्साहित करने के लिए अधिकार और



दायित्व रेखांकित किए गए हैं। टीडीएस संबंधी सभी प्राविधानों को एक अकेली धारा में समाहित कर सरल सारिणीय फार्मेट दिए गए हैं जिससे जटिलता कम होती है तथा क्रियान्वयन बेहतर होता है। इसके साथ ही विधेयक में पिछले 60 साल में प्रमुख अदालती फैसलों को समाहित कर विवादों को कम कर विधिक निश्चितता प्रदान की गई है। कर्मचारियों के स्टाक विकल्पों के लिए कर व्यवहार विकल्पों में सुधार कर ज्यादा पारदर्शी कराधान ढांचा पेश किया गया है जो स्टाक विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों से न्यायोचित व अनुमान योग्य टैक्स व्यवहार करता है। कर छूटों को स्पष्ट करते हुए कुल आय से अधिक वाली आमदनी को अब पूरे कानून में फैलाने के बजाय खास अनुसूचियों में रखा गया है। इन परिवर्तनों से अनेक लाभों की उम्मीद है जिनमें सरल क्रियान्वयन, सरल कराधान ढांचा, कम मुकदमेबाजी, सरल टीडीएस ढांचा तथा स्टाक विकल्पों वाले कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुमान शामिल हैं। लेकिन इन लाभों के बावजूद विधेयक के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं।

करदाताओं और बिजनेसों को नई परिभाषाओं और प्राविधानों को लागू करने के लिए ज्यादा समय चाहिए। 'पिछले वर्ष' को हटाने और 'आंकलन वर्ष' रखने से परिवर्तन के दौरान अस्थाई भ्रम पैदा हो सकता है। इसके साथ ही सारिणियों व सरल टीडीएस धाराओं को आयकर रिटर्न फार्मों, साफ्टवेयरों और रिपोर्टिंग व्यवस्थाओं में शाामिल करना होगा। आयकर विधेयक, 2025 ज्यादा पारदर्शी, सक्षम तथा करदाता-हितैषी व्यवस्था की ओर एक कदम है। जहां यह नए टैक्स नहीं शुरू करता है, वहीं भाषा के सरलीकरण, भ्रम दूर करने तथा न्यायिक पूर्व उदाहरणों को समाहित करने से क्रियान्वयन का खर्च तथा कर विवाद घटेंगे। यदि कानून का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तो यह विधायक कर प्रशासन की क्षमता में वृद्धि करेगा तथा करदाताओं में बेहतर स्वैच्छिक क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करेगा। वित्त विभाग की संसदीय स्थाई समिति में चर्चा के बाद संसद में पेश किया जाएगा। संसद द्वारा पास होने के बाद इस विधेयक को संभवतः 1 अप्रैल, 2026 से लागू किया जाएगा। उसी समय यह स्पष्ट होगा कि वास्तव में यह नया कानून पुराने कानून की तुलना में कैसा काम करता है।

# नियामकीय बाधाओं में कमी

**नियामकीय बाधायें घटाने के लिए लाई 'जन विश्वास 2.0' जैसी पहलों के साथ ही लाल फीताशाही व रिश्वत जैसी विभीषिकायें समाप्त करने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता है।**



**ए एस मित्तल**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भ्रष्टाचार से मुकाबले के निरंतर प्रयासों के बावजूद लाल-फीताशाही व रिश्वत भारत में बिजनेसों की प्रगति में बड़ी बाधायें बनी हुई हैं। हालिया 'इंडिया बिजनेस करप्शन सर्वे 2024' में एक परेशान करने वाली तस्वीर पेश की गई है। 66 प्रतिशत बिजनेस उद्यमों ने रिश्वत देने की बात स्वीकार की है, जबकि 54 प्रतिशत ने कहा कि उनको सरकारी प्रक्रियायें तेज करने, परमिट लेने, क्रियान्वयन सुनिश्चित करने या डुप्लीकेट लाइसेंस लेने के लिए मजबूर किया गया। यह समस्या श्रम विभाग, जीएसटी, आयकर, प्रदूषण, प्रावीडेंट फंड, संपत्ति पंजीकरण, औषधि एवं स्वास्थ्य विभागों में ज्यादा गंभीर है। इसके आर्थिक प्रभावों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

ईवाई-फिक्की के सर्वेक्षण से स्पष्ट होता है कि पांच में से चार उत्तरदाताओं का विश्वास है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा है। इससे भारत के क्रियान्वयन ढांचे में तत्काल सुधार की आवश्यकता उजागर होती है ताकि पारदर्शी, न्यायोचित और अनुमान योग्य नियामक परिवेश बनाया जा सके। हालांकि, सरकार ने दो साल पहले नियामक सुधार शुरू किए थे, पर इनकी प्रगति धीमी है। जन विश्वास कानून, 2023 इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिसने जेल जाने संबंधी 180 प्राविधानों को अपराध के दायरे से हटा कर बिजनेसों और उद्यमियों की अनेक क्रियान्वयन बाधायें दूर की हैं।

इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 2025 बजट में 'जन विश्वास 2.0' की घोषणा से 100 और प्राविधानों को अपराध के दायरे से बाहर किया गया है। हालांकि, यह कदम स्वागत योग्य है, पर यह केवल सतही कदम है क्योंकि अभी भी जेल की सजा वाले 20,000 से अधिक प्राविधान वैसे ही बने हुए हैं। भारतीय बिजनेसों के लिए क्रियान्वयन एक जटिल चुनौती है, लेकिन भ्रष्टाचार से मिल कर यह अलंघ्य बाधा बन जाती है। नियामक अधिकारी अक्सर क्रियान्वयन प्राविधानों का प्रयोग कर रिश्वत वसूल करते हैं। अनेक बिजनेसों का मानना है कि नियामक संस्तुतियां प्राप्त करने के लिए अब भी अनाधिकारिक भुगतान करने पड़ते हैं, भले ही सभी आवश्यक नियम पूरे किए गए हों। व्यवस्था की बड़ी गड़बड़ी इंस्पेक्टरों को मिले विवेकाधीन अधिकार हैं जो बिना किसी जवाबदेही के जेल भेजने या फैक्ट्री बंद कराने की धमकी देते हैं।

एक और बड़ा मुद्दा बार-बार क्रियान्वयन अपडेट देना है जो अक्षमता और भ्रष्टाचार को जन्म देती है। केवल पिछले वर्ष 9,420 क्रियान्वयन अपडेट आईं, यानी औसतन रोज 36 परिवर्तन किए गए। असाधारण रूप से अधिक इन परिवर्तनों का अथ या तो नियामकीय अक्षमता है अथवा यह जानबूझ कर व्यवस्था को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेलने का प्रयास है। असाधारण गति से नियमों को अपडेट करने की आवश्यकता वाली नौकरशाही या तो दूरगामी सोच में अक्षम है या ऐसा परिवेश बनाने का प्रयास करती है जहां रिश्वत देना अपरिहार्य हो जाए। हालांकि, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिकरण-एफएसएसएआई का हालिया निर्देश इस अव्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस जनवरी से प्रभावी खाद्य लेबिल परिवर्तन नियमों की घोषणा साल में केवल एक बार की जाएगी। इस प्रकार यह अनुमान योग्य नियामकीय परिवर्तनों का माडल है। ऐसे ही परिवर्तन सभी नियामकीय संस्थाओं में किए जाने चाहिए। क्रियान्वयन संबंधी जेल भेजने की धाराओं का जन्म श्रम कानूनों से होता है जो संविधान की समवर्ती सूची में शामिल हैं। हालांकि, भारत ने 29 उपनिवेश कालीन श्रम कानूनों के स्थान पर चार आधुनिक श्रम संहितायें तैयार की हैं, पर अभी क्रियान्वयन की प्रतीक्षा करते हुए वे अधर में लटकी हैं। इस महत्वपूर्ण कदम को लंबे समय से 'स्वतंत्र भारत में सबसे बड़े श्रम सुधार' कहा जा रहा है, पर वे अब भी अनिश्चित हैं। राज्य सरकारों को तेजी से काम करते हुए इन सुधारों का क्रियान्वयन करना चाहिए। भारत में एक फैक्ट्री लगाने के लिए 40 से अधिक सरकारी विभागों को सैकड़ों स्व-प्रमाणित व नोटरी दस्तावेज देने होते हैं। यह आदिमकालीन व्यवस्था भ्रष्टाचार और अक्षमता को जन्म देती है।

इस प्रक्रिया के स्थान पर डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण लागू किया जाना चाहिए। आदर्श रूप से उद्यमियों को फैक्ट्री लगाने की अनुमति के लिए एक 'बिजनेस आईडेंटीफायर' की जरूरत होनी चाहिए जिससे उसे 'डिजी लाकर' के माध्यम से पुष्ट दस्तावेज पेश कर नियामकों तक पहुंच का अवसर मिले। ऐसी व्यवस्था से महीनों लगने वाला समय कुछ दिनों में बदल जाएगा तथा यह हवाईअड्डा सुरक्षा में भारत की 'डिजी यात्रा' का समरूप बनेगा। भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर-डीपीआई ने प्रशासन में क्रान्तिकारी परिवर्तन किए हैं, पर बिजनेस संबंधी नियम अभी बिखरे हुए हैं। उद्यमियों को अभी विभिन्न केन्द्र व राज्य अधिकारियों द्वारा जारी कम से कम 23 पहचान नंबरों से गुजरना पड़ता है जिनमें पैन, जीएसटिन और सिन के साथ ही पेशेवर टैक्स नंबर व फैक्ट्री लाइसेंस नंबर शामिल हैं।

प्रत्येक पहचान की अपनी समयसीमा होती है जिसे समय-समय पर नवीनीकरण के साथ भुगतान करना होता है। इससे अक्षमता और भ्रष्टाचार जन्म लेता है। इससे निपटने के लिए एकीकृत 'एक राष्ट्र, एक बिजनेस पहचान' व्यवस्था से क्रियान्वयन में नाटकीय परिवर्तन आएंगे, नौकरशाही टकराव कम होगा तथा भ्रष्ट व्यवहारों के अवसर घटेंगे। इस पहल की दिशा में एक छोटा बजटीय आबंटन नियामक आदान-प्रदान को सहज बना कर बिजनेस स्थल के रूप में भारत का आकर्षण बढ़ा सकता है।

निवेश और प्रतिभा की वैश्विक प्रतियोगिता तेज हो रही है। अमेरिका में प्रशासनिक सुधार हो रहे हैं तथा प्रस्तावित डिपार्टमेंट आफगवर्नमेंट इफीसियेंसी-डाज बिजनेस कार्यवाहियों को सुगम बना सकता है। यदि दुनिया में 27 ट्रिलियन डालर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ज्यादा बिजनेस-हितैषी बन सकती है तो निवेशक 4 ट्रिलियन डालर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था को क्यों चुनेंगे जहां लाल फीताशाही और भ्रष्टाचार का बोलबाला हो? अमेरिका की बढ़ी क्षमता वैश्विक पूंजी को आकर्षित करेगी और भारत को निवेश तथा उद्यमी प्रतिभा की कमी का सामना करना पड़ सकता है जो 'ज्ञानवान अर्थव्यवस्था' बनने के लिए बहुत जरूरी है। सुस्ती का समय अब बीत गया है क्योंकि कल जो अवसर था, आज वह आवश्यकता बन गया है।


आर्थिक गतिशीलता बनाने के लिए भारत को नौकरशाही बाधायें दूर करनी चाहिए, अनुमान योग्य क्रियान्वयन परिवेश बनाना चाहिए तथा भ्रष्टाचार दूर करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए 'जन विश्वास 2.0' के माध्यम से सुगठित ढांचागत व्यवस्था का प्रयास किया गया है, पर केवल यही कदम भारत में बिजनेस सुगमता बढ़ाने तथा भारत का आर्थिक भविष्य सुनिश्चित करने के लिए काफी नहीं है। सरकार को वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने तथा भारतीय उद्यमियों को अनावश्यक रूप से नियामकीय टकराव से डर के बिना खोज, विस्तार व रोजगार सृजन करने के अवसर देने चाहिए। भारत इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है।

देखना होगा कि नियामकीय सुधारों के लिए गठित उच्चाधिकार समिति साहसी क्रियान्वयन सुधार करती है या सुस्ती प्रदर्शित करती है। इस समय आधुनिक होने या विश्व आर्थिक दौड़ में पीछे रह जाने के बीच कोई और विकल्प नहीं है।

# भारत की कृत्रिम बुद्धि राजनीति

> **दिल्ली में चौथे वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भारत की योजना एआई नवाचार में नेतृत्व के लिए इसके रणनीतिक प्रयास को रेखांकित करती है।**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेरिस और वाशिंगटन की हालिया यात्राएं, जहां उन्होंने विकसित दुनिया के दो सबसे प्रभावशाली नेताओं के साथ मुलाकात की, बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई है। इन उच्च स्तरीय द्विपक्षीय चर्चाओं का केंद्रीय विषय तेजी से खंडित हो रहे विश्व में उन्नत प्रौद्योगिकी सहयोग के इर्द-गिर्द घूमता रहा। भारत ने मेजबान देश फ्रांस के साथ पेरिस में एआई एक्शन समिट के सह-अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समर्पित तीसरा वैश्विक आयोजन था, जिसकी तुलना प्रौद्योगिकी के कुंभ मेले से की जा रही है—जिसमें नीति निर्माता, कॉर्पोरेट नेता, विशेषज्ञ और विश्व के नेता एक साथ आते हैं।

शिखर सम्मेलन का प्राथमिक फोकस एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का लाभ उठाने पर था, एक ऐसी तकनीक जिसकी तुलना पहिये के आविष्कार और आग पर महारत जैसी अभूतपूर्व मानवीय प्रगति से की गई है। इस बीच, चीन ने एक तेजतर्रार जनरेटिव एआई टूल डीपसीक पेश किया, जो एआई शोध और विकास में अरबों डॉलर का निवेश करने वाली अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों के लगभग एकाधिकारवादी प्रभुत्व के लिए एक गंभीर चुनौती है।

वैश्विक एआई शासन की जटिलताओं को और बढ़ाते हुए, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने अपने कार्यकाल के अंतिम सप्ताह में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिफ्यूजन के फ्रेमवर्क पर अंतरिम अंतिम नियम के रूप में जाना जाने वाला एक कार्यकारी आदेश पारित किया। इस आदेश ने एआई विकास के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर पर निर्यात




प्रतिबंध लगा दिए, जो अमेरिकी हितों के प्रतिकूल माने जाने वाले देशों - मुख्य रूप से चीन - को लक्षित करते हैं, लेकिन भारत जैसे करीबी सहयोगियों को भी प्रभावित करते हैं। वैश्विक प्रौद्योगिकी हितधारकों ने तब से नए अमेरिकी प्रशासन से पहले से स्थापित विनियामक फ़्रीज़ ऑर्डर के साथ स्थिरता बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने एआई डिफ्यूजन नियम को तब तक के लिए निलंबित करने का आह्वान किया है जब तक कि आगे की समीक्षा और हितधारक परामर्श यह सुनिश्चित न कर लें कि विनियम राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हितों दोनों के साथ संरेखित हैं। उद्योग की अपील के बावजूद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अभी तक अपने पूर्ववर्ती द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश को पलट नहीं दिया है। हालांकि, उनके प्रशासन ने 23 जनवरी को एक नया कार्यकारी आदेश जारी किया, जो दृष्टिकोण में संभावित बदलाव का संकेत देता है।

पदभार ग्रहण करने के कुछ ही दिनों के भीतर, राष्ट्रपति ट्रम्प ने एआई नेतृत्व के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिसमें कहा गया कि देश ऐतिहासिक रूप से अपनी मजबूत मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था, विश्व स्तरीय अनुसंधान संस्थानों और उद्यमशीलता की प्रेरणा के कारण एआई नवाचार के मामले में सबसे आगे रहा है।

उनके निर्देश में उन बाधाओं को दूर करने पर जोर दिया गया जो अमेरिकी एआई प्रगति में बाधा डाल सकती थीं, कुछ मौजूदा एआई नीतियों को रद्द कर दिया और एआई में अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत किया। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि एआई प्रभुत्व को बनाए रखना मानव उन्नति, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण था। वैश्विक एआई शासन, नवाचार और विकास में एक प्रमुख भूमिका का लक्ष्य रखते हुए भारत ने अपना एक महत्वाकांक्षी एआई मिशन निर्धारित किया है। हालांकि, यह विजन उच्च-स्तरीय सेमीकंडक्टर चिप्स और ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) पर बहुत अधिक निर्भर है, जो वर्तमान में अमेरिकी प्रौद्योगिकी फर्मों द्वारा नियंत्रित हैं पेरिस में मोदी की भागीदारी, दिल्ली में चौथे वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भारत की घोषणा, और राष्ट्रपति ट्रम्प और अन्य विश्व नेताओं के साथ उनकी चर्चा वैश्विक एआई प्रगति के मामले में भारत को सबसे आगे रखने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का संकेत देती है।

ये कूटनीतिक प्रयास तेजी से विकसित हो रहे एआई परिदृश्य को नेविगेट करने और इस परिवर्तनकारी तकनीक के भविष्य को आकार देने में भारत की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने में एक आवश्यक कदम है।

## आप की बात

### भारत-फ्रांस रिश्ते

**भारत** और फ्रांस दोनों ही जितने पुराने मित्र है उतनें ही संबंध भी मजबूत और बहुआयामी हैं। हाल ही की प्रधानमंत्री की यात्रा ने इन संबंधों को और मजबूती प्रदान की है।दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया है जो रणनीतिक साझेदारी कि हिस्सा है।फ्रांस शुरू से ही भारत की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का पक्षधर रहा है और समय-समय पर वह वैश्विक मंच पर भारत का समर्थन करता आया है। फ्रांस का भारत को वैश्विक शक्ति बनने की क्षमता को समर्थन संबंधों की प्रगाढ़ता का उदाहरण है। 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार का 19 अरब डॉलर तक पहुंचना और फ्रांस से 2000-24 के बीच 10 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का आना? व्यापारिक सुझबुझ का परिचय है। जलवायु संकट से निपटने के लिए दोनों देशों का इंटरनेशनल सोलर अलायंस बनाने की साझेदारी विश्व हितार्थ है। परमाणु संयंत्रों के संयुक्त विकास और सुरक्षित कृत्रिम मेधा के लिए हुए समझौते बहुआयामी हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग न केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में लाभदायक है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शक्ति संतुलन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत-फ्रांस की बढ़ती नजदीकी वैश्विक राजनीति में एक सशक्त संदेश है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### पीएम मोदी का अमेरिका दौरा

**प्रधानमंत्री** मोदी के अमेरिकी दौरे से ट्रंप की भारत नीति को लेकर जो आशंका थी वह काफी हद तक दूर हुई है। जैसी कि आशा की जा रही थी वैसी ही मजबूत केमिस्ट्री इन दोनो नेताओ के बीच देखने को मिली। इस दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए। इस यात्रा के दौरान हुई बैठकों में रणनीतिक साझेदरी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई भारत और अमेरिका ने रक्षा, ऊर्जा और अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में अपने सहयोग को व्यापक करने का निर्णय लिया। इसके अलावा, दोनों देशों ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने व्यापार घाटा कम करने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति जताई। क्वाड सुरक्षा साझेदारी को फिर से सक्रिय किया, जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। यह सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

– **विमलेश पगारिया,** बदनावर, मप्र

### ट्रंप की मान गए...

**हालांकि** ट्रम्प के चीन-सीमा विवाद के सुझाव को भारत ने ठुकरा दिया. लेकिन व्यापार समझौते पर ट्रम्प-मोदी वार्ता काफी सफल रही. करीब 43 लाख करोड़ के व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर हुए. ट्रम्प ने मोदी की तारीफ़ की और कहा कि मोदी वाक् पटुता में मुझसे भी अधिक जानकार हैं. वैसे ट्रम्प-मोदी के बीच जो भी वार्ता हुई उसमें दोनों देशों के विवादित मामलों से दूर ही रही और सकारात्मक मुद्दों पर ही उनके बीच बातचीत सफल रही. इससे साफ जाहिर होता है कि दोनों ही देश किसी विवाद में न पड़कर विकास और शान्ति को अधिक महत्त्व देना चाहते हैं साथ ही दोनों की दोस्ती को बेहतर बनाये रखना चाहते हैं. अवैध प्रवासियों और टेरिफ पर वे तटस्थ रहे. अडानी मामले पर उसे निजी मामला करार देते हुए उससे ही दूरी बनाये ही रखी मोदीजी ने. उनकी 2 घंटे की बातचीत काफी सकारात्मक और अपने-अपने राष्ट्रहितों के मद्देनजर रही. ये एक बेहतर कूटनीति ही कही जा सकती है दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच. इससे अमेरिका और भारत के बीच सम्बन्ध मजबूत होंगे और भविष्य में भी एक-दूसरे के बीच सहयोगात्मक रुख बना रहेगा. क्योंकि दोनों का उद्देश्य युद्ध नहीं शान्ति से समाधान के रास्ते अपनाना है. जैसा कि दोनों बारम्बार कह चुके हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### बंद हो रेवड़ी संस्कृति

**राजनीतिक** दलों को रेवड़ी बांटने वाली संस्कृति पर फटकार लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी टिप्पणी के अंतर्गत उचित ही कहा है कि रेवड़ियां लोगों को अकर्मण्यता की ओर धकेल रही हैं। चुनाव में अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए राजनीतिक दल रेवड़ियां बांट कर वोट हासिल करने का भरपूर प्रयास करते हैं। रेवड़ी संस्कृति बंद होनी ही चाहिए। रेवड़ियां व्यक्ति को आलसी और अकर्मण्य बना देती हैं। देश में लोग काम करने और काम ढूंढने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि उन्हें मुफ्त में पैसा और राशन मिल रहा है। आज के दौर में राजनीतिक दल वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को लालच देकर मुफ्त का ऑफर दे रहे हैं। कई राज्यों में बिजली बिलों में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त हैं। दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल की नई रेवड़ी पद्धति के बाद अन्य दल की भी रेवड़ियां बांटने की जरूरत आ पड़ी थी। समझने की आवश्यकता है कि मुफ्त की घोषणाओं से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है। बदले में उसकी भरपाई टैक्स बढ़ा कर टैक्सपेयर से वसूला जाता है।

– **अंकित सोनी,** मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

### राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 60वीं कार्यकारी समिति की बैठक

# गंगा के कायाकल्प से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाएं मंजूर

● गंगा संरक्षण की ओर बड़ा कदम: वाराणसी और भदोही में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को नमामि गंगे की हरी झंडी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्वच्छ गंगा मिशन की 60वीं कार्यकारी समिति की बैठक में गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए वाराणसी और भदोही में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को मंजूरी दी हैं। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने की। इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल गंगा नदी की स्वच्छता और सतत विकास को बढ़ावा देना है, बल्कि इसके पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्व को संरक्षित करना भी है।

बैठक में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दुर्गा ड्रेन के इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन और 60 एमएलडी क्षमता के एसटीपी निर्माण परियोजना को 274.31 करोड़ रुपए की लागत के साथ मंजूरी दी गई। हाइब्रिड एन्युटी मोड पर आधारित इस परियोजना में 15 वर्षों का संचालन एवं रखरखाव भी शामिल है। इसके तहत 60 एमएलडी एसटीपी के साथ 75 एमएलडी क्षमता के मुख्य पंपिंग स्टेशन और अन्य आवश्यक संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। यह पहल गंगा नदी में प्रदूषण रोकने और वाराणसी में अपशिष्ट जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, भदोही में गंगा की प्रमुख सहायक नदी वरुणा के प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी गई है। 127.26 करोड़ रुपए की इस परियोजना का उद्देश्य वरुणा में बिना उपचारित सीवेज के प्रवाह को रोकना और उसके जल की गुणवत्ता में सुधार करना है। परियोजना के तहत तीन अत्याधुनिक एसटीपी (17 एमएलडी, 5 एमएलडी और 3 एमएलडी क्षमता वाले) निर्मित किए जाएंगे। इसके अलावा, चार प्रमुख नालों को टैप करने के लिए एक व्यापक सीवर नेटवर्क विकसित किया जाएगा, ताकि गंदे पानी को नदी में बहने से रोका जा सके। यह परियोजना डीबीओटी मॉडल पर आधारित होगी, जिसमें अगले 15 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल है।

कार्यकारी समिति की बैठक में 'गंगा थ्रू द एजेस-ए लिटरेरी बायोस्कोप' परियोजना को मंजूरी दी गई, जो साहित्य, शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से गंगा संरक्षण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह परियोजना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से तीन वर्षों तक संचालित होगी और मोबाइल लाइब्रेरी, डिजिटल स्टोरीटेलिंग, स्कूल कार्यशालाएं और नदी तटों पर साहित्यिक सत्र जैसे नवाचार कार्यक्रमों के माध्यम से गंगा की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और पारिस्थितिकीय महत्ता को उजागर करेगी। 5.4 करोड़ रुपए के बजट के साथ इस पहल में गंगा मोबाइल परिक्रमा, चौपाल गंगा किनारे, गंगा जागरूकता सप्ताह और गंगा एंबेसडर कार्यक्रम शामिल हैं, जो समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करेंगे। इंटरैक्टिव आयोजनों, सोशल मीडिया अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से यह परियोजना गंगा संरक्षण, युवा सहभागिता और सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# युवा पीढ़ी अपनी क्षमता का श्रेष्ठतम योगदान देश को आगे बढ़ाने में लगाएः जयवीर सिंह

● पर्यटन मंत्री ने राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 के अंतर्गत क्विज व रील मेकिंग कम्पटीशन में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में युवाओं की बड़ी भूमिका है। एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी इनके कंधों पर है। इसलिए इन्हें जीवन के हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश एवं देश को ऊंचाईयों तक पहुंचाने में इन्हें अपनी क्षमता एवं पराक्रम का श्रेष्ठतम योगदान देने की जरूरत है।

उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को क्विज का आयोजन किया गया था। विजेता विद्यार्थियों को आज मीटिंग से पहले मंत्री ने सम्मानित किया। प्रथम विजेता एलपीएस जानकीपुरम, लखनऊ की टीम को 50,000 रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसमें तीन छात्र श्रेयस दीक्षित, दिव्या आर्यन और राज आर्यन गौतम शामिल हैं। द्वितीय विजेता आर्मी पब्लिक स्कूल नेहरू रोड लखनऊ की टीम को 30,000 रुपए का चेक दिया गया। इसमें अंशिका दुबे, आयाशी यादव, अवनी यादव शामिल हैं। इसके साथ ही तृतीय पुरस्कार एसकेडी एकेडमी वृंदावन योजना की टीम लखनऊ को 20,000 रुपए दिया गया। इस टीम में अनामिका, मुदित सिंह और निकुंज सिंह हैं। पर्यटन दिवस पर मिलेनियम माइंड एवं फन क्रू के सहयोग से रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें सर्वाधिक लाइक्स के आधार पर चयनित सितांशु सागर, शैलजा शर्मा, आदित्य जायसवाल और हर्ष त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

# डिस्कॉम की समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई

पायनियर समचार सेवा। लखनऊ



**विद्युत** बिल की वसूली एवं बिल संशोधन में खराब परफारमेन्स पर मुख्य अभियन्ता मेरठ-2, आगरा, बांदा, कानपुर-2, तथा अलीगढ़ को चार्जशीट देने तथा मिर्जापुर, बरेली-1 तथा मेरठ-1 के मुख्य अभियन्ताओं को हटाकर डिस्कॉम मुख्यालय से सम्बद्ध करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक एवं निदेशक कामर्शियल एवं तकनीकी की बैठक को सम्बोधित करते हुए उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहाकि प्रदेश में बेहतर विद्युत आपूर्ति एवं व्यवस्था के लिये यह आवश्यक है कि जितने की बिजली दें उतना बिजली बिल वसूलें। इसके लिए सभी स्तर पर कठिन परीश्रम करने की आवश्यकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं को सही बिल समय से उपलब्ध कराने हेतु कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ता को सहूलियत होगी और अपना बिल समय से जमा कर सकेंगे।

कार्यालयों की कार्य संस्कृति में और सुधार हेतु बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जायेगी। इसके लिये सभी डिस्कॉम में व्यवस्था बनायी जा रही है। आज समीक्षा बैठक में इससे सम्बन्धित जानकारी साझा की गयी। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि इस व्यवस्था को भी शीघ्र स्थापित किया जाये। डिस्कॉम के अधिकारियों ने बताया कि मार्च तक यह व्यवस्था सभी जगह प्रारम्भ होने की संभावना है। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली बढ़ाने हेतु और प्रयास तेज करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने राजस्व वसूली में सबसे खराब डिवीजनों में सुधार हेतु कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता बताई। अध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्ता की समीक्षा करते हुए कहाकि पिछले वर्ष की तुलना में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता की वैसे कमी आयी है। लेकिन इसमें और काम करने की जरूरत है। जहां कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होते है वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित हो। अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुये निर्देशित किया कि अधिकारी लीडरशिप दें और ऐसी व्यवस्था बनायें जिसमें फेस टू फेस बैठकर रणनीति बनाकर कार्य करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए। स्मार्ट मीटर को सरकारी कार्यालयों एवं आवासों में प्राथमिकता पर लगाया जाए। उन्होंने बिजली चोरी रोकने हेतु लगातार प्रयास करने हेतु भी निर्देशित किया। शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में अध्यक्ष ने कहाकि आगामी गार्मियों में विद्युत आपूर्ति बेहतर रहे और सभी क्षेत्रों को शिड्यूल के अनुरूप आपूर्तित विद्युत प्राप्त हो इसके लिये सभी आवश्यक अनुरक्षण कार्य करा लिये जायें। मुख्य अभियन्ता स्तर से इसकी गहन समीक्षा कर ली जाये। इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बैठक में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत होने वाले विद्युत कार्यों की समीक्षा की गयी। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि कार्य समय से हो यह सुनिश्चित किया जाये। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि ट्रालीट्रांसफार्मर लम्बे समय तक स्थापित न रहें। समयबद्ध तरीके से ट्रांसफार्मर बदलना चाहिए।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने के लिए नई संभावनाओं पर विशेष जोर दें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक संपदा तथा वन्य जीव अभ्यारण सहित अन्य स्थलों की ओर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ब्राण्डिंग पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की पूरी क्षमता है। घरेलू पर्यटन की तर्ज पर हम विदेशी पर्यटन में भी शीघ्र देश में पहला स्थान हासिल करेंगे। इसमें आध्यात्मिक सर्किट के साथ-साथ बुद्धिस्ट सर्किट, ईको टूरिज्म सर्किट और बुंदेलखंड सर्किट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने में पर्यटन सेक्टर अधिकतम योगदान दे सके, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को विभिन्न संभावनाओं पर फोकस करना चाहिए। मंत्री शुक्रवार को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी को लेकर पर्यटन विभाग की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में आयोजित बैठक में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कई राज्य अपने धार्मिक-आध्यात्मिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक स्थलों तथा मेले-महोत्सवों और पर्व-त्योहारों आदि से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में पर्यटन की संभावनाएं अधिक हैं। यहां अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य पावन स्थल हैं। महाकुंभ, दीपोत्सव, रंगोत्सव, देव दीपावली सहित अनेक पर्व-त्योहार और मेले लगते हैं। इस प्रकार उत्तर प्रदेश विविधताओं से भरा राज्य है। इनके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि गंतव्य स्थलों पर अच्छी कनेक्टिविटी के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि महत्वपूर्ण सभी स्थलों तक रेल मार्ग, हवाई सेवा और सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। इतना ही नहीं, प्राथमिकता के आधार पर वे साइट एमिनिटीज विकसित की जा रही है। क्योंकि, पर्यटक यदि लंबी दूरी तय कर रहा है तो यात्रा के दौरान उसे ऐसे स्थलों की तलाश रहती है जहां अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हों। पर्यटन विभाग इस दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जयवीर सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। इसलिए बड़े पैमाने पर ठहराव स्थलों की मांग बढ़ी है। इसकी पूर्ति के लिए पर्यटन नीति के तहत विशेष छूट देकर होटल, होम स्टे, पेइंग गेस्ट खोले जा रहे हैं, ताकि पर्यटकों को सस्ती, सुरक्षित और अच्छी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने प्रदेश के सभी प्राधिकरणों से समन्वय करके होटल आदि के मानचित्र स्वीकृत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने रूरल होम स्टे प्रचलन को लोकप्रिय बनाने के निर्देश दिये, इसके अलावा शादी घर, गेस्ट हाउस में अधिकतम पर्यटकों को सुविधा देने की बात कही। इसके अलावा मेडिकल टूरिज्म, वेडिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्रा और मध्य प्रदेश का पैटर्न अपनाने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने कहा कि हास्पिटेलिटी यूनिट्स की एनओसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ध्यान दिया जायेगा। इसके अलावा टूरिस्ट फुल-फाल एण्ड एक्सपेन्डीचर सर्वे कराया जा रहा है, इसमें 9 लाख टूरिस्ट का सैम्पल सर्वे किया जायेगा। यह सर्वे दिसम्बर तक चलेगा, इसमें फूड एण्ड वेवरेज और मेडिकल यूनिट का भी सर्वेक्षण किया जायेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए टूरिस्ट डेस्टिनेशन के विकास के लिए अध्ययन कार्य कराये जायेंगे। इसके अतिरिक्त वे साइड एमिनिटी बढ़ाने के लिए टूरिस्ट डेस्टिनेशन का भी अध्ययन कराया जायेगा। प्रमुख सचिव ने यह भी सुझाव दिये कि प्रदेश में स्थित होटलों की आकुपेंसी बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जाए। इस बैठक में सर्वे कम्पनी के प्रतिनिधियों के अलावा विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, एमडी सान्या छाबड़ा, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलवामा के शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी: अजय राय



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलवामा** हमले में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की छठी बरसरी के मौके पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय न प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राय ने कहा कि पुलवामा में हमारे जवानों की शहादत देश के लिए एक बड़ा अघात साबित हुई थी। इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलवामा के कई शहीदों के मामले में आर.डी.एक्स. कहां से आया और कौन लाया मोदी सरकार इस बात का आज तक पता नहीं लगा पाई। राय ने कहा कि हम उन शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और कांग्रेस की सरकार आने पर इस घटना की पूरी जांच कराई जायेगी। इस मौके पर मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, पूर्व विधायक संजय कपूर, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, संजय दीक्षित, संजय सिंह, बृजेन्द्र सिंह, दयानंद तिवारी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, आलोक सिंह रैकवार, सोम विकल, केडी शुक्ला, राम बरन गौतम, अब्दुला शेरखान, अजीत मौर्या, मनोज तिवारी, आदि ने भी पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# पूर्व बसपा नेता समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व बसपा नेता नवीन कुमार सक्सेना ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सक्सेना पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के मोहनलालगंज व उन्नाव के कोऑर्डिनेटर तथा जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और लखनऊ शहर अध्यक्ष रहे हैं। सक्सेना ने भारतीय बेरोजगार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जैसे विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जॉइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा न नवीन सक्सेना को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथों को मजबूत करने एवं कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। सक्सेना ने कांग्रेस के आगामी सभी आदेशों और कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही और बताया कि उनका संगठन पूरे प्रदेश में कार्यरत है। उनके लोग विभिन्न जिलों में आज भी तमाम सामाजिक कार्यक्रमों में और कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं वह सभी कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ते हुए कांग्रेस को मजबूत करेंगे। नवीन सक्सेना के साथ माया सिंह, प्रज्ञा निगम, ममता सक्सेना, शाहिद इजहार हुसैन, विनय दीक्षित, आदि ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी को मजबूत करने और कांग्रेस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया।

# जयंत चौधरी ने कसूरी मेथी को जीआई टैग दिए जाने के लिए लिखा पत्र

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रभार, शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने राजस्थान के नागौर के किसानों एवं व्यापारियों की मांग के अनुरूप नागौर क्षेत्र की पान मेथी जिसे कसूरी मेथी भी कहा जाता है, को जी.आई. टैग दिए जाने के संबंध में वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर माँग की है। उन्होंने पत्र में उसके विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादन तथा विशिष्ट गुणों के कारण उसे जी.आई.टैग दिया जाना सर्वथा उपयुक्त बताते हुए लिखा कि अपनी विशेष सुगंध व गुणवत्ता के कारण कसूरी मेथी की एक अलग़ पहचान है जिसे विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में उपयोग किया जाता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि राजस्थान के नागौर जनपद के लगभग सौ गाँवों में रबी की फ़सल के रुप में इसका लगभग सात हज़ार हेक्टेयर भूमि पर उत्पादन किया जाता है और इसे देश-विदेश में निर्यात भी किया जाता है। इसके तमाम स्वास्थ्य सम्बंधी फ़ायदे भी है जहाँ एक ओर यह भोज्य पदार्थों को स्वादिष्ट और ख़ुशबूदार बनाती है वहीं दूसरी ओर यह औषधीय गुणों से भी परिपूर्ण है।

# देश की स्वतन्त्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत विकसित राष्ट्र होगा: पंकज चौधरी




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केन्द्रीय** वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचा, डिजिटल क्रांति और पर्यावरणीय स्थिरता पर सम्यक रूप से कार्य करने से साकार होगा। यह संतुलन सरकार और कॉर्पोरेट जगत को मिलकर साधना होगा। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से देश के बहुमुखी विकास में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। सार्वजनिक-निजी साझेदारी के साथ सरकार कार्य कर रही है, जिससे देश विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में अग्रसर हो सके। चौधरी शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एपी सेन हॉल में आयोजित नेशनल सेमीनार कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स फार विज़न विकसित भारत-2047 पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने कर प्रणाली में सुधार करके व्यापार को आसान बनाया है। हमें आत्मनिर्भर विकसित भारत की संकल्पना साकार करना है। केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री संकल्पबद्ध है 2047 तक देश को एक विकसित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व करने वाला देश बनाने की। विकसित राष्ट्र के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली जैसी मूलभूत जरूरतों पर सरकार का फोकस है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नीति आयोग ने 2030 तक का समय निर्धारित किया है।

# महाकुम्भ को बदनाम करने वालों पर पुलिस सख्त 54 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मिस्र की आग को महाकुम्भ की आग बताने वाले 5 इंस्टाग्राम, एक एक्स और एक यूट्यूब चैनल पर हुई कार्रवाई

> 'जनता से अपील है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी जानकारी को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि महाकुम्भ मेले की पवित्रता बनी रहे।'
> **प्रशांत कुमार**
> **डीजीपी, उत्तर प्रदेश**

**महाकुम्भ** 2025 की जहां एक तरफ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे तत्व भी कम नहीं है, जो सोशल मीडिया के जरिए फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट कर के सनातन धर्म के इस सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक समागम को बदनाम करने में लगे हुए हैं। यूपी पुलिस ऐसे कुत्सित प्रयास करने वालों से सख्ती बरत रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस सोशल मीडिया पर 24 गुणे 7 पैनी नजर रख रही है। इसी क्रम में पुलिस ने अबतक 54 ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है, जो फर्जी और भ्रामक पोस्ट के जरिए जनता में अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे।

13 फरवरी 2025 को सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान दो वीडियो को पुलिस ने विशेष संज्ञान में लिया, जिन्हें महाकुम्भ से जोड़कर भ्रामक रूप से प्रस्तुत किया गया था। इनमें 'मिस्र के अग्निकांड को महाकुम्भ की आग' बताते हुए पोस्ट किया गया था। यह वीडियो मिस्र में वर्ष 2020 में हुई एक तेल पाइपलाइन दुर्घटना का था, जिसे यह कहकर प्रसारित किया गया कि 'महाकुम्भ बस स्टैंड में आग लगी, 40-50 गाड़ियां जलकर राख हो गईं।' इस अफवाह को फैलाने वाले सात सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कोतवाली कुम्भ मेला में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरे वीडियो में पटना की घटना को महाकुम्भ से जोड़ा गया। यह वीडियो बिहार में एक फिल्म प्रमोशन इवेंट के दौरान हुई अव्यवस्था का था, जिसे महाकुम्भ से जोड़कर यह अफवाह फैलाई गई कि 'कुम्भ में राष्ट्रवादी लोगों ने आर्मी जवानों पर चप्पलें फेंकी।' इस पोस्ट के लिए 15 सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर पेट्रोलिंग की व्यापक रणनीति तैयार की है।

# पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत किए जा रहे सर्वे की गति बढ़ाई जाए: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिन लाभार्थियों को पक्के आवास दिए गए हैं, उनमें से जिनके आवास तक आने-जाने हेतु मार्ग व जल निकासी की व्यवस्था न हो, तो मनरेगा से सीसी रोड/ खड़ंजा मार्ग व जल निकासी हेतु प्रापर व सुगम व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा है कि आवास योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन, नि:शुल्क गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, शौचालय, 90/95 दिन की मनरेगा से मजदूरी, आदि व्यवस्थाएं तो की ही गयी हैं, उनके आवास के सामने सहजन का पेड़ लगाने, उन्हें सोलर लाइट की सुविधा देने जैसी अन्य वाजिब सुविधाएं देने के लिए प्लान बनाया जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नये पक्के आवास देने हेतु लाभार्थियों के सर्वे का कार्य चल रहा है, इसका फीड बैक नियमित रूप से लिया जाए और निरन्तर समीक्षा की जाय, सर्वे की गति बढ़ाने के लिए हर सम्भव उपाय किये जाय, ताकि निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2025 तक सर्वे का कार्य अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो जाय। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की सभी योजनाओं का बजट समय से व्यय करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के 10 जिले जहां मनरेगा के तहत सर्वाधिक काम हो रहे हैं/हुये हैं, वहां के 10 प्रतिशत कार्यों की जांच मुख्यालय से टीम भेजकर करायी जाय। बताया गया कि अमृत सरोवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश, देश में टाप पर है, उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाय कि सभी अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे रहें।

# यूपी ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में बनेगा वैश्विक स्तर का उत्पादक राज्य

● जापान की यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी उत्पादन आपूर्ति, बिक्री व अन्य सेवाओं में करेगी सहयोग: एके शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, तकनीकी विकास, सेन्टर आफ एक्सीलेंस व आपूर्ति के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग, निवेश प्रोत्साहन, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति तथा आपसी समन्वय के लिए 23 दिसम्बर, 2024 को उप्र सरकार तथा यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के बीच समझौता ज्ञापन हुआ था। इस समझौते ज्ञापन के तहत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा तथा जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर (प्रांत) के उप गवर्नर को ओसादा की मौजूदगी में गुरुवार को लखनऊ के एक होटल में चर्चा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, एमडी यूपी नोएडा अनुपम शुक्ला, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर आईआईटी कॉलेज के प्रोफेसर तथा यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार के सलाहकार मिव नीरेंद्र उपाध्याय तथा यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार में अंतर्राष्ट्रीय रणनीति क्षेत्र के निदेशक कोईची फुरुया उपस्थित रहें। ऊर्जा मंत्री शर्मा और जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर प्रांत के उप गवर्नर की अध्यक्षता में गुरुवार को लखनऊ के ताज होटल के मुलाकात कॉन्फ्रेंस हॉल में देर शाम जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी यूपीनेडा द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और अभी तक प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

# चरणबद्ध तरीके से पूरा कराएं निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्यः डीएम

● सीएम के प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा



**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले विकास कार्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शासन की विकासपरक, लाभार्थीपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग एवं चरणबद्ध तरीके से ससमय पूरा कराए। डीएम ने कहा कि जिन विभागों की परियोजनाओं में निर्माण कार्य चल रहे हैं उनका विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। संबंधित कार्यदायी संस्थाओं अपने निर्माण कार्य की भैतिक-वित्तीय के प्रगति की अद्यतन स्थिति सम्बंधित पोर्टल पर समय से सही अपडेट कराएं। सीएम डैश बोर्ड की जो रिपोर्ट फीड किया जाना है ससमय फीड कराया जाये। साथ ही यदि त्रुटि हो गई है तो संबंधित अधिकारी अपने मुख्यालय से समन्वय बनाते हुए सही कराए। उन्होंने दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन को जल्द से जल्द जनपद स्तरीय समिति से निस्तारित कराते हुए प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन से संबंधित पेंशन के प्राप्त आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराएं। साथ ही दिव्यांगजनों के पेंशन के आवेदन ग्राम सभा के प्रस्ताव होने पर कराए हेतु समस्त जन सेवा केन्द्र के संचालकों को सूचित करते हुए निर्देश संबंधित को दिए एवं जो पूर्व में आवेदन निरस्त हो गए है कि पुनः जांच करते हुए ग्राम सभा का प्रस्ताव सम्मिलित करते हुए प्रक्रिया को पूर्ण कराया जाये।

उन्होंने कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य में तेजी लाए एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारित कराने के निर्देश उप कृषि निदेशक को दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के कार्य मनरेगा से होने है उनका प्रस्ताव बनाकर डीसी मनरेगा को उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी बनवाने के कार्य में तेजी लाए। इसके लिए विकास खंड स्तर पर नियमित समीक्षा करें और कार्य में निगरानी बनाए रखे।

बैठक में अधिशासी अभियंता निचली गंगा नहर के प्रतिनिधि ने गाजीपुर में निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन स्थिति की सही जानकारी न देने पर अधिशासी अभियंता निचली गंगा नहर से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल का कार्य शेष रह गया है उनको जल्द से पूर्ण कराएं। साथ ही जो पूर्ण हो चुका है उसकी रिपोर्ट से अवगत कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण में जो काश्तकारों की जमीन अधिग्रहण की गई है उनका मुआवजा नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए जल्द से वितरण कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता आरईएस, सहित कार्यदाई संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंकों की जिलास्तरीय समीक्षा समिति की हुई बैठक

● बैंक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों कृषि, पशुपालन, मत्स्य में उपलब्ध कराएं ऋण

● बैंकर्स योजनाओं से संबंधित ऋण पत्रावलियों का समयान्तर्गत करें स्वीकृत



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक ऋण योजना सहित अन्य योजनाओं में जनपद के बैंकों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष योजनावार प्रगति की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंक के प्रतिनिधि से प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि ऋण पत्रावलियों को बैंकों में अनावश्यक लंबित न किया जाए व अपूर्ण पत्रावली को संबंधित विभाग बैंक एवं आवेदक के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण कराते हुए नियमानुसार ऋण पत्रावलियों को शीघ्र स्वीकृत किया जाये। एलडीएम ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024.25 में किसान क्रेडिट कार्ड हेतु 130084 के लक्ष्य के सापेक्ष दिसंबर 2024 तक 57777 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है, मत्स्य पालन केसीसी अंतर्गत 21 पत्रावलियों को स्वीकृत किया गया है, पशु पालन केसीसी अन्तर्गत 8370 पत्रावलियां स्वीकृत की जा चुकी है, मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान योजना अंतर्गत 1000 के भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 674 पत्रावलियां बैंकों को भेजी गयी, जिसमें से 182 पत्रावलियों में ऋण स्वीकृत किया गया तथा 72 पत्रावलियों में ऋण वितरित किया जा चुका है। डीएम ने विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण पत्रावलियों को समयान्तर्गत स्वीकृत न करने, प्राथमिकता के क्षेत्र में कम ऋण वितरण करने व ऋण जमानुपात कम होने के दृष्टिगत रोष व्यक्त किया तथा बैंकों को विशेषकर स्टेट बैंकऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक व इण्डियन बैंक द्वारा ऋण पत्रावलियों को समय से स्वीकृत करने, सीडी रेशियों बढ़ाने व प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। सरकार द्वारा चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान है, इसमें रूचि लेते हुए बैंक अधिकारी लंबित पत्रावलियों को अविलम्ब निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

# यातायात पुलिस ने हाईवे पर चलाया चेकिंग अभियान

● रोडवेज बसों के चालक व परिचालकों की ब्रेथ एनालाईजर से की जॉच



ब्रेथ एनालाइजर मशीन से अल्कोहल की जॉच करते यातायात प्रभारी।

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा तिर्वा क्रॉसिंग पर कन्नौज से अलीगढ़, आगरा, बुलंदशहर खुर्जा एवं दिल्ली की ओर जाने वाली रोडवेज बसों के चालकों को ब्रेथ एनालाइजर द्वारा अल्कोहल की मात्रा चेक की गई। गुरूवार की देर रात यातायात प्रभारी आफाक खॉन द्वारा टीम के साथ हाईवे पर लम्बी दूरी की रोडवेज बस चालकों व परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर द्वारा अल्कोहल के मात्रा की जॉच करनें के उपरान्त यातायात प्रभारी आफाक खॉन द्वारा बताया गया कि सडक दुघर्टनाओं को कम करनें के लिये यातायात पुलिस निरंतर अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरूक करनें का कार्य किया जा रहा है। बताया कि लॉन्ग रूट पर जाने वाली बसों के चालकों को इसलिए चेक किया जाता है कि कहीं कोई रोडवेज का बस चालक नशे की हालत में तो नहीं है। यातायात पुलिस के इस कार्य को रोडवेज बसों में बैठी सवारियों द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य बताया गया। इस कार्य के लिए यातायात पुलिस की सराहना की गई।

# सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग लखनऊ की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक का आयोजन

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**दिनांक** 14.02.2025 को सर्किट हाउस माती के सभागार में श्रीमती अनीता गुप्ताए सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोगए लखनऊ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में एसीएमओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), सहायक श्रमायुक्त, प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतिनिधि जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रतिनिधि जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, प्रभारी थानाध्यक्ष महिला थाना कानपुर देहात द्वारा प्रतिभाग किया गया। सदस्या द्वारा सभी अधिकारियों से वार्ता कर विभाग से संबंधित समस्त योजनाओं की चर्चा की गयी साथ ही योजनाओं के प्रचार प्रसार करने तथा एसीएमओ को जनपद में 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के मां बनने से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सदस्या द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गजनेर, आंगनवाड़ी केन्द्र जिठरौली, कंपोजिट प्रा. विद्यालय पुखरायां का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सदस्या द्वारा परिसर की साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संतोषजनक अभिव्यक्ति दी गयी।

# वाहन बैक करते समय वृद्धा की मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में चार पहिया वाहन बैक करते समय एक वृद्धा दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई ।मृतका के परजनों ने आरोपी चालक पर घटना के बाद अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। नगर के बाकी तलैया वार्ड निवासी मूर्ति (75) पत्नी महिपाल वर्मा शुक्रवार की सुबह अपने घर के पास में बैठी हुई थी तभी पड़ोस का राज वर्मा अपनी बोलेरो गाड़ी बैक करने लगा अनजाने में वहां बैठी मूर्ति गाड़ी में दबकर गंभीररूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों की मदद से मूर्ति को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जब उसके परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में मूर्ति की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना के 27 वर्ष पुराने मुकदमे में ग्राम न्यायालय ने अभियुक्त को किया दंडित, दो वर्ष कारावास और जुर्माने की सज़ा

**संडीला (हरदोई)।** तहसील स्थित ग्राम न्यायालय ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में अभियुक्त को 2 वर्ष कारावास और 3 हज़ार जुर्माने की सज़ा सुनाई। 3 अगस्त 1998 को थाना कछौना के लालपुर गांव के डबल नहर पुल के पास एक प्राइवेट बस जिसे ओमप्रकाश नामक व्यक्ति चला रहा था, एक मोटरसाइकिल सवार जिसका नाम अशोक कुमार निवासी ग्राम दुर्जनपुरवा थाना बघौली था, उसको टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी थी। रिपोर्ट पास के दुकान पर बैठे प्रमोद कुमार सिंह ने दर्ज कराई थी। धारा 279, 337, 338 तथा 304ए के अंतर्गत अभियुक्त पंजीकृत किया गया। न्यायालय में मुकदमे के अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र सानिकराम निवासी ग्राम मनिकारामपुर थाना बेनीगंज को दोषी मानते हुए 279 में 6 मास कारावास तथा 500 रुपए जुर्माना, 337 में 6 मास कारावास और 500 रुपए जुर्मानाए धारा 338 में 6 मास कारावास 500 रुपए जुर्माना तथा धारा 304ए में 2 वर्ष कारावास और 3 हजार रुपए के जुर्माने की सज़ा सुनाई।

### पुलिस अधीक्षक खीरी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया

**लखीमपुर।** 14.02.2025 को पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफसुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। रिजर्व पुलिस लाईन्स का भ्रमण करके, डॉयल 112, एमटी शाखा, क्वार्टर गार्ड आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। अर्दली रूम में सम्बन्धित कर्मचारीयों का ओआर लिया एवं पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों एवं अभिलेखों अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**फतेहपुर।** जनपद अलग-अलग थाना क्षेत्रो अर्न्तगत हुए सडक हादसों के दौरान दंपत्ति समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। खागा कोतवाली क्षेत्र के इसकुरी नन्दपुर गांव निवासी ओमप्रकाश का 37 वर्षीय पुत्र महेन्द्र अपनी पत्नी सोमवती, ज्ञान सिंह की 38 वर्षीय पत्नी यशोदा देवी निवासी मकनपुर थाना हुसैनगंज के साथ बाइक से राधानगर थाना क्षेत्र के नेवलापुर अन्तिम संस्कार के बाद तीनो बाइक से मकनपुर जा रहे थे। जैसे ही यह लोग थरियांव थाना क्षेत्र के बीबीहाट एनएच 2 में पहुंचे तभी पीछे से आ रही चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनो घायल हो गये। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के घघौरा गांव निवासी भुल्ली का 15 वर्षीय पुत्र अच्छे बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी इन्द्रो व गम्हरी गांव के बीच चार पहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया उधर औग थाना क्षेत्र के गलाथा गांव निवासी रामकन का 20 वर्षीय पुत्र विमलेश किसी काम से मलवां आ रहा था तभी कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुगौली के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम ढकौली में शुक्रवार की सुबह घर में फांसी पर लटका 21 वर्षीय युवक का शव बरामद कर पुलिस ने विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार ढकौली गांव निवासी स्व0 फूल सिंह का पुत्र अमरजीत पासवान का शव आज सुबह उसकी के घर पर लटका मिला। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस आये रिश्तेदार व पास पड़ोस के लोगो ने घटना के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। ग्राम प्रधान पियूष सिंह परिहार ने घटना के बारे में बताया कि आज सुबह अमरजीत पासवान का शव फांसी पर लटका होने की सूचना जब उन्हे मिली तो इसकी जानकारी स्वयं पुलिस ने को दी।

### नयी बाइक खरीदकर जा रहा भाई की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र में शुक्रवार को शाम दो दिन बाद बहन की तिलक में देने के लिये बाइक खरीदकर लिये जा भाई की ट्रक की टक्कर से मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक मौदहा क्षेत्र के इमिलिया गाव निवासी विनय सिंह (32) पुत्र लल्लन सिंह की बहन की शादी 18 फरवरी को है 16 फरवरी को तिलक था तिलक में नयी बाइक देने के लिये सुमेरपुर से खरीद कर घर जा रहा था। तभी इगोहटा गांव के पास ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही विनय की मृत्यु हो गयी घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस दुखद घटना के कारण परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। दुखद घटना से परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

# जिला कारागार में कैदी ने फांसी लगाकर जान दी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत छह माह से पाक्सो एक्ट के मामले में निरुद्ध चल रहे बंदी ने शुक्रवार को अपनी मॉ से मिलाई करने के बाद पाकखाना के स्टोररूम में गमछे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना पर जेल प्रशासन में हडकम्प मच गया। क्षेत्र के ग्राम अनौगी स्थित जिला कारागार में 21 वर्षीय छोटा सूरज पुत्र फूल सिंह निवासी प्रतापपुर जलालाबाद पाक्सो एक्ट के मामले में विगत 21 जुलाई 2024 को कोर्ट के आदेश पर पहुंचाया गया था। बंदी की मॉ जिला कारागार में मुलाकात करनें आई थी। मुलाकात के बाद छोटा सूरज पाकखाना के स्टोररुम में चला गया जहां उसने अपने ही गमछे से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। खबर पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों द्वारा जेल प्रशासन पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया गया जिसपर उच्चाधिकारियों द्वारा मृतक कैदी के शव का पोस्टमार्टम पैनल द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने व्यापारियों को दी ट्रेनिंग, मिलावट पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता।** खागा (फतेहपुर)

**खाद्य** सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने खागा नगर के खाद्य व्यापारियों के साथ एक सेमिनार आयोजित कर खाने पीने वाली वस्तुओं को साफ सफाई व अच्छी गुणवत्ता के साथ अच्छे तरीके से ग्राहकों तक पहुंचाने को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त देवेंद्र पाल सिंह ने जानकारी दी कि खाने पीने की वस्तुओं में अत्यधिक रंग का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। मिलावटी सामानों की बिक्री नहीं करनी चाहिए। अपने ग्राहकों की सेहत का विशेष ध्यान रखते हुए शुद्ध सामान ही दुकान से बेचना चाहिए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित ने कहा कि खाने पीने की दुकानों में विशेष रूप से साफसफाई का ध्यान देना चाहिए। साथ ही सभी लोगों को हेयर कवर, ग्लब्स पहनकर ही सामान बनाना या बेचना चाहिए क्योंकि साफ सफाई न होने व मिलावटी चीजों को खाने पीने से अनेक प्रकार की घातक बीमारियां होती हैं। खागा खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरज कुमार दीक्षित ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को अपनी दुकानों में अच्छे से व्यापार करने की सलाह दी। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने व्यापारियों का आहवान किया कि अपनी-अपनी दुकानों में कोई ऐसा खाद्य पदार्थ न बेचें जिससे मजबूरी में खाद्य विभाग की टीम को कार्यवाही करनी पड़े। उन्होंने टीम का धन्यवाद दिया। इस मौके पर खागा व्यापार मंडल के महामंत्री अतुल कुमार साहू, ललित कुमार केसरवानी, पवन कुमार केसरवानी, राजन तिवारी, विमल किशोर, रवि केसरवानी, राजेंद्र मोदनवाल, विजय कुमार मिश्रा, मुन्ना, दरोगा, त्रिभुवन नाथ द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार हत्या के दो आरोपियो की जमानत याचिका खारिज

**फतेहपुर।** जिला सत्र न्यायालय ने पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या के दो नामजद आरोपियो की जमानत याचिका खारिज कर दी। 30 अक्टूबर की रात्रि पत्रकार दिलीप सैनी की बिसौली स्थित यार्ड मे निर्मम हत्या कर दी गई दी। दिवंगत पत्रकार की पत्नी मनोरमा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया था। जिसमे विपिन शर्मा व सुनील राणा भी नामजद आरोपी है। दोनो आरोपियो ने जिला जज की अदालत मे जमानत याचिका डाली। याचिका पर सुनवाई हुई। वादी की ओर से सरकारी अधिवक्ता के साथ अधिवक्ता प्राचित्य पौरव ने अभियुक्तो की जमानत याचिका खारिज करने के लिए तर्क रखे। अभियुक्तो के अधिवक्ता ने भी जमानत की अर्जी स्वीकार करने के लिए अदालत के समक्ष अपने तर्क रखे। याचिका पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश ने विपिन शर्मा व सुनील राणा की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# मोटर साइकिलों की आमने-सामने टक्कर दो युवकों की गई जान, दो घायल

**फतेहपुर।** खागा नौबस्ता मार्ग चौकी चौराहे से इस कदर जर्जर हो गया है कि वाहन अक्सर डिसबैलेंस होकर वाहनों में सवार दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। शुक्रवार को मोटर साइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की जान चली गई और दो घायल हो गए। घायलों को सदर के लिए अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम में परिजनों का रो-रो बुरा हाल रहा। मृत युवक राहुल सिंह यादव में क्षेत्र पंचायत सदस्य टिकरी नरेंद्र सिंह का पुत्र भी शामिल है। घटना सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवराजपुर के पास हुई है यह स्थान दुर्घटना बहुल स्थान बन गया है। सब इंस्पेक्टर शिवानंद सिंह एवं दिलीप सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और 112 से घायल को सीएचसी हथगाम पहुंचाया लेकिन राहुल सिंह की जान नहीं बचाई जा सकी। दूसरा मृतक 24 वर्षीया श्याम सिंह पुत्र राम कृपाल है। हथगाम क्षेत्र के टिकरी ग्राम सभा के क्षेत्र निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र सिंह यादव के पुत्र राहुल सिंह अपने सगे भाई विपिन यादव के साथ खागा की ओर जा रहे थे। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के देवराजपुर के पास आमने-सामने दोनों मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी जोर थी की मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। दोनों मोटरसाइकिल चालकों में कोई भी हेलमेट नहीं लगाया हुआ था मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में टिकरी ग्राम सभा के निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र सिंह यादव के 22 वर्षी पुत्र की मौत हो गई जबकि उनका सगा भाई विपिन मामूली रूप से घायल हो गया जिसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरी मोटरसाइकिल स्वर की भी मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। टिकरी के राहुल सिंह की मौत की खबर लगते ही टिकरी प्रधान मोहम्मद नफीस, भाजपा नेता बबलू सिंह, कमल सिंह आदि अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# प्रधान की धांधली का मामला डीएम के बाद सीएम की चौखट पर पहुंचा

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकास खंड के नदेहरा गांव में प्रधान द्वारा की गयी अनियमितताओं की शिकायत मुख्यमंत्री के चौखट तक पहुच गयी है,शासन के आदेश से की गयी जांच में जांच टीम ने प्रधान को क्लीन चिट दे दी है शिकायत कर्ता के पास अभी भी धांधली के समस्त सबूत है। ग्राम प्रधान नदेहरा उदयभान यादव द्वारा मनरेगा में की गयी भारी धांधली के बाद जांच टीम ने भाजपा नेता के इशारे पर ग्राम प्रधान को क्लीन चिट दे दी है जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। वाटर कूलर की स्थापना, गोशाला, विद्यालयों के शौचालय में अनियमितता, राज्य वित्त आयोग में धांधली, हैंडपंप रिपेयरिंग में धांधली आदि तमाम विंदुओ में शिकायतकर्ता मुकेश सिंह ने जांच कराने की मांग की थी सारे सबूत पेश करने के बाद भी जांच टीम डीसी मनरेगा समेत कई लोगो ने प्रधान की कथित इमानदारी को क्लीन चिट दे दी है। अखिलेश, रामनारायण, श्याम सिंह जयनारायण, दीपक विपिन, बऊआ, रमेश आदि लोगो ने काम नही किया बल्कि इनको कई कई कामों का भुगतान करा दिया गया है। यही नही रिपोर्ट में ग्राम प्रधान ने हैंडपंप मरम्मत का उल्लेख तो किया है मगर कौन सा पंप किसके दरवाजे पर मरम्मत कराया गया है इसका कही जिक्र नही किया गया है। गौशाला में नाम मात्र की गौबंशों के बाद भी कई गुना गौबंशों का भुगतान कराना आदि तमाम मामलों की शिकायत की गयी थी जिसमे ग्राम प्रधान ने गौशाला में सल्फास की गोलियां डालकर ग्रामीणों को फंसाने का प्रयास किया था। प्रधान इस साजिश में सफल नही हो पाये है। गांव के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता डा देवसिंह ने इस मामले को लेकर सीधे सीएम योगी से मिले थे जिसे उन्होने मामले को गंभीरता से लेते हुये डीएम को जांच के आदेश दिये थे। जांच टीम ने सीएम के आदेश को भी दर किनार कर ग्राम प्रधान को क्लीन चिट दे दी है। प्रधान के कारनामों से गांव के लोग बेहद परेशान है मगर एक भाजपा नेता का सहयोग प्रदेश के सीएम के आदेश पर भारी पड़ रहा है।

### जांच योग्य अफसरों ने की है उनके ऊपर उंगली नही उठाई जा सकती हैः डीपीआरओ

**हमीरपुर।** प्रधान नदेहरा उदयभान यादव द्वारा की गयी धांधली व जांच टीम द्वारा दी गयी क्लीन चिट के मामले में डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि टीम में ए श्रेणी के अधिकारी शामिल थे उनकी जांच में कुछ कहने की जरुरत नही है सीएम द्वारा जांच के आदेश करना एक अलग विषय है, मौके पर जब कोई कमी नही मिली तो किसी के दबाव में कोई गलत रिपोर्ट नही लगायी जा सकती है। अधिकारियों को अपनी नौकरी प्यारी है।

# कब्रिस्तानों में शब ए बारात के मौके पर रही चहल पहल

**संडीला ( हरदोई )।** शब ए बारात के मौके पर मस्जिदों में रात भर इबादत हुई और लोगो नें अपने.अपने कब्रिस्तानों में जाकर बुजुर्गों और अन्य परिजन की कब्रों पर जाकर फ़ातेहा पढ़ी। इस्लामी कैलेंडर के महीने शाबान की पंद्रहवीं रात को मनाए जाने वाले इस पर्व को शब ए बारात के नाम से जाना जाता है। शब ए बारात के मौके पर शहर की तमाम मस्जिदों में सफ़ाई सुथराई के साथ साथ चरागां किया गया। मस्जिद काज़ी साहेबान के आलावा दूसरी मस्जिदों में विशेष नमाज़ों का आयोजन किया गया। मस्जिदों में रातभर कुरआन शरीफ़ की तिलावतए नफ़्ल इबादात और विशेष नमाज़ अदा करते हुए लोगों ने अपने पूर्वजोंए परिजनों और स्वंय की मगफ़िरत के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। शहर के सबसे बड़े सार्वजनिक कब्रिस्तान करबला में बहुत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपने परिजन के कब्रों पर चरागां करने के साथ वहां खुशबू फैलाने के उद्देश्य से अगरबत्ती और लोबान वगैरा जलाया। गौरतलब है कि यह कब्रिस्तान संडीला का सबसे पुराना कब्रिस्तान है। यहां हज़रत मीना मुईज़उद्दीन शाह का मज़ार है। इनके बारे बताया जाता है कि आप हज़रत ख्वाजा मुईनउद्दीन चिश्ती के भांजे थे और यहां आकर उन्होंनें लोगों को दीन ए हक की तालीम दी। इसके अलावा कब्रिस्तान शिराहौज तथा अन्य आसपास के कब्रिस्तानों में भी रातभर लोग आते जाते रहे। शहर की अलग.अलग दरगाहों जैसे दरगाह हज़रत मकदूम अलाउद्दीन शाहए जानमेरीए दरगाह सागर मियांएं आस्ताना झाड़ी शाहए बारह खंभाए मस्जिद डहरा वगैरा में भी बड़ी तादात में लोग पहुंचे। इस मौके पर जगह जगह पर लोगों ने रात में इबादत करने वालों और कब्रिस्तान जाने वालों के लिए चाय इत्यादि की व्यवस्था की। इसके अलावा नपाप द्वारा नगर के कब्रिस्तानों विशेषकर कब्रिस्तान करबला में सफ़ाई की ठीक ठाक व्यवस्था के साथ साथ मार्ग प्रकाश की व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। जिससे बड़ी संख्या में लोग वहां आराम से पहुंच पाए।

# संभव विकास सेवा संस्थान द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**संवाददाता।** ओयल



**आज** दिनांक 14 फरवरी 2025 को सरस्वती ज्ञान मंदिर ओयल में संभव विकास सेवा संस्थान, ओयल लखीमपुर खीरी द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वात्सल्य लखनऊ के सहयोग से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अभियान का उद्देश्य कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करनाए इसके रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श उपलब्ध कराना है।

इस विशेष कार्यक्रम में संस्था सचिव संदीप कुमार जायसवाल एप्रशिक्षिका नंदिनी सहयोगी मोनू तथा विद्यालय स्टॉफ सतीश एवं प्रशिक्षिका मीनाक्षी सिंह प्रियदर्शिनी प्रीति उपस्थित रहे, इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षिकाओं ने कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धूम्रपान, तंबाकू, असंतुलित खानपान और अनियमित दिनचर्या कैंसर के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

संभव विकास सेवा संस्थान सचिव संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य जांच और कैंसर की रोकथाम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सही समय पर इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है। समाज में कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कैंसर को रोकने के लिए हमें विज्ञान, जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 फरवरी 2025



# भारत के मध्यकाल में समुद्र की उपेक्षा की गई: कोविंद



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत के मध्यकाल में ऐतिहासिक परिस्थितियों के कारण समुद्र की उपेक्षा की गई जिससे देश की नौसैन्य ताकत के फीकी पड़ने से भारी नुकसान हुआ। उन्होंने यहां मानेकशॉ सेंटर में थिंक टैंक नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन (एनएमएफ) द्वारा आयोजित एक व्याख्यान में कहा कि हालांकि, समुद्र ताकत के नजरिए से इस अंधकार युग के दौरान भी देश की समुद्री विरासत पूरी तरह नष्ट नहीं हुई। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, भारत की समुद्री विरासत समुद्र के साथ उसके दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण है, जिसमें व्यापार, संस्कृति और नौसैन्य कौशल शामिल हैं। इस समृद्ध विरासत ने हमारे देश के इतिहास और व्यापक विश्व के साथ उसके संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है।

भारत की समुद्री गतिविधियों की जड़ें करीब 5,000 साल पुरानी हैं और सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, हमारी तटीय विरासत ने हमारी सभ्यता, सामाजिक संस्कृति और आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विश्वास करना कठिन है कि हमारे मध्यकाल में समुद्र की उपेक्षा की गई। पूर्व राष्ट्रपति ने इस युग के किसी राजवंश या शासक का नाम लिए बिना कहा कि ऐतिहासिक परिस्थितियों के कारण समुद्र पर ध्यान नहीं दिया गया।

कोविंद ने अफसोस जताते हुए कहा, मध्यकाल के दौरान, विभिन्न साम्राज्यों का बोलबाला था। इनमें से कई शासकों की जड़ें चारों तरफ से भूमि से घिरे क्षेत्रों से जुड़ी थीं और वे विशाल भूक्षेत्र के प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करते थे। हमारी सामूहिक चेतना ने समुद्र को शक्ति और समृद्धि के मार्ग के रूप में अनदेखी शुरू कर दी। धीरे-धीरे, निश्चित रूप से हमारी नौसैन्य ताकत फीकी पड़ने लगी। एक ऐतिहासिक समुद्री राष्ट्र भारत के लिए यह अवधि...वास्तव में एक विसंगति थी। फिर भी, समुद्री क्षेत्र की इस उपेक्षा ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई। इतने बड़े भू-साम्राज्य यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों के हाथों में इतनी आसानी से चले गए।

थिंक टैंक द्वारा आयोजित वाइस एडमिरल के के नैयर स्मृति व्याख्यान 2025 में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, पूर्व नौसेना प्रमुख और एनएमएफ के अध्यक्ष एडमिरल (सेवा.) करमबीर सिंह, नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, विद्वानों और कई कॉलेज के छात्रों के अलावा दिवंगत वाइस एडमिरल के परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। वाइस एडमिरल नैयर एक उत्कृष्ट समुद्री रणनीतिकार और दूरदर्शी थे, जिन्होंने भारत के कई संस्थानों में नौसेना अनुसंधान और रणनीतिक सोच के बीज बोए। पूर्व राष्ट्रपति ने गुजरात में अहमदाबाद से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित लोथल जैसे पुरातात्विक स्थलों का भी हवाला दिया, जहां खुदाई से एक प्राचीन परिष्कृत डॉकयार्ड का पता चला है। पुरातत्वविद इसे पहला मानव निर्मित डॉकयार्ड में से एक मानते हैं। उन्होंने वैदिक साहित्य में प्रचलित समुद्री विषयों का भी हवाला देते हुए कहा, हम उस युग की समुद्री इंजीनियरिंग का अंदाजा लगा सकते हैं।

नौसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा, तीन तरफ समुद्र और उत्तर में ऊंचे पर्वतों के साथ, हमारे राष्ट्र की समुद्री दिशा इसकी पहचान का अभिन्न अंग है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, स्वतंत्रता के बाद, हमारे नेताओं ने हमारी समुद्री क्षमताओं के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए और अब हम एक समुद्री शक्ति में बदलने के कगार पर हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व के उच्चतम स्तरों में यह दृढ़ मान्यता है कि हमारे राष्ट्र का विकास समुद्र से और समुद्र के द्वारा संचालित होगा।

## प्रेम में ठुकराए गए व्यक्ति ने युवती पर चाकू से कई हमले करने के बाद तेजाब डाला

**पेरमपल्ली।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में प्रेम में ठुकराए गए एक व्यक्ति ने एक युवती पर कथित रूप से कई बार चाकू से वार किया और उसपर तेजाब से हमला कर दिया। व्यक्ति ने हमला इसलिए किया, क्यूंकि युवती (22) ने उसका प्रेम का प्रस्ताव ठुकरा दिया था और हाल ही में उसकी किसी अन्य व्यक्ति से सगाई हो गई थी। अन्नामय्या जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी. कृष्ण राव ने बताया कि मदनपल्ले निवासी गणेश (24) ने शुक्रवार सुबह करीब सात बजे गुर्मकोंडा मंडल के पेरमपल्ली गांव में युवती पर उस समय हमला किया, जब उसके माता-पिता मवेशियों की देखरेख करने गए हुए थे। राव ने बताया, युवती की हाल ही में सगाई हुई थी और उसने गणेश से कहा कि वह अब उसके साथ रिश्ता नहीं रखना चाहती। राव ने बताया कि युवती ने सुबह गणेश को बातचीत करने के लिए घर बुलाया था।

# बेंगलुरु में द्विवार्षिक आयोजन एयरो इंडिया का समापन



**बेंगलुरु।** एयरो इंडिया 2025 के अंतिम दिन शुक्रवार को दर्शकों को हवाई करतबों का बेहतरीन नजारा देखने को मिला। सुबह 10.30 बजे से शुरू हुए शो में रूसी विमान एसयू-57 और अमेरिकी एफ-16, हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (एचएएल) के एलयूएच, एचटीटी-40, एलसीए एमके- ए और आईजेटी समेत 10 विमानों ने करतब दिखाए। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एसयू-30 एमकेआई और प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी), राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल) के हंसा और डीआरडीओ के एफ्टीबी द्वारा संचालित नौ विमान (एचएडब्ल्यूके) भी प्रदर्शन में शामिल थे। दोपहर 2.30 बजे अंतिम हवाई प्रदर्शन में भी 10 विमान शामिल थे। अमेरिकी एफ-16 के स्थान पर अमेरिकी विमान, केसी-135 को शामिल किया गया। प्रदर्शन में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना की। बोइंग कंपनी के बिजनेस कम्युनिकेशंस के वरिष्ठ प्रबंधक सिद्धांत सिंह चौहान ने कहा कि वह रोमांचित हैं क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन के दिन बोइंग स्टॉल पर आए थे।

चौहान ने कहा कि वह बोइंग की एआई-संचालित प्रस्तुति को मिली प्रतिक्रिया से भी खुश हैं। साइंस-फिक्शन फिल्म के किसी दृश्य की तरह, लोगों ने सेंसर-सक्रिय पारदर्शी स्क्रीन पर बोइंग के उत्पादों के बारे में जाना। लातविया स्थित सॉफ्टवेयर और विमान डिजाइन कंपनी फिक्सर के सीईओ और संस्थापक वसीली फेनवेट्स ने कहा कि उन्हें हैदराबाद स्थित अक्सी एयरोस्पेस ग्रुप में एक आदर्श साझेदार मिला है। फेनवेट्स ने कहा कि भागीदार की मदद से वह अपने लक्जरी ड्रोन फिक्सर-007 का उत्पादन बढ़ाने में सक्षम हो सकेंगे, जिससे उन्हें लागत प्रभावी ढंग से मूल्य निर्धारण का लाभ मिलेगा।

बेंगलुरु स्थित लॉजिस्टिक्स और निगरानी ड्रोन निर्माता स्कैंड्रोन के संस्थापक और सीईओ अर्जुन नाइक ने एयरो इंडिया 2025 के दौरान 200 किलोग्राम क्षमता वाला अपना लॉजिस्टिक ड्रोन पेश किया। वहीं, सैन्य पोशाकों और एसकेएटी स्मृति चिह्नों को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल आखिरी दिन भी खचाखच भरे रहे। पहले तीन दिन उद्योग जगत के दर्शकों के लिए थे जबकि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को आयोजन आम जनता के लिए खुला था।

# सावित्रीबाई फुले पुणे विवि जेएनयू से अधिक वामपंथी है: शांतिश्री पंडित

**पुणे।** जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) की कुलपति डॉ. शांतिश्री पंडित का कहना है कि सावित्रीबाई फुले पुणे विवि (एसपीपीयू) नई दिल्ली स्थित जेएनयू की तुलना में अधिक वामपंथी है, हालांकि हमेशा ऐसा दिखाई नहीं पड़ता। पंडित, जो पहले एसपीपीयू में पढ़ाती थीं, ने कहा कि जेएनयू में काम करना आसान नहीं था और इसके लिए साहस की आवश्यकता थी, पुणे विवि में उनके कार्यकाल ने उन्हें वर्तमान भूमिका में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में मदद की। केंद्र ने उन्हें तीन साल से अधिक समय पहले जेएनयू की कुलपति नियुक्त किया था। पंडित बृहस्पतिवार को यहां महाराष्ट्र शिक्षा सोसायटी द्वारा आयोजित वासुदेव बलवंत फड़के स्मृति व्याख्यानमाला में नए युग में भारतीय समाज - अवसर एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान दे रही थीं।

पंडित ने कहा कि जब लोग उनसे पूछते हैं कि वह जेएनयू जैसे शैक्षणिक संस्थान को, जिसे वामपंथी गढ़ माना जाता है, इतनी कुशलता से कैसे चला पाती हैं, तो वह एसपीपीयू में अपने कार्यकाल और प्रशिक्षण का जिक्र करती हैं। 2022 में जेएनयू की कुलपति का पद संभालने से पहले वह सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर थीं। वह जेएनयू की कुलपति के रूप में सेवा करने वाली पहली महिला हैं। यह पूछे जाने पर कि महाराष्ट्र में कोई भी विवि धार्मिक आस्थाओं पर आधारित पाठ्यक्रम क्यों नहीं चलाता, पंडित ने जवाब दिया, वास्तव में धार्मिक आस्था पर आधारित पाठ्यक्रम नहीं है, लेकिन जेएनयू में हिंदू अध्ययन केंद्र, बौद्ध अध्ययन केंद्र और जैन अध्ययन केंद्र हैं। मैं यहां यह उल्लेख करना चाहती हूं कि सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय जेएनयू की तुलना में अधिक वामपंथी है, हालांकि हमेशा ऐसा दिखाई नहीं पड़ता है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बाद भाजपा केंद्रीय नेतृत्व पर टिकी नजरें

**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने और विधानसभा को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद अब सभी की निगाहें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह राज्य में अपना अगला कदम क्या उठाएगा। केंद्र द्वारा राष्ट्रपति शासन की घोषणा के बाद पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मणिपुर में बृहस्पतिवार शाम को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया और विधानसभा को निलंबित कर दिया गया। इससे कुछ दिन पहले ही एन बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई थी।

यह फैसला तब आया जब भाजपा अपने पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने में विफल रही। सिंह ने लगभग 21 महीने की जातीय हिंसा के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य में हिंसा में अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मणिपुर विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि राज्य की राजधानी इंफाल में खास तौर पर राजभवन और मुख्यमंत्री सचिवालय के आसपास सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। एक अधिकारी ने बताया, मणिपुर पुलिस ने इंफाल इलाके में, खास तौर पर कांगला द्वार, संजेनथोंग, मोइरंगखोम, केसम्पट और कोनुंग ममांग के सामने जवानों की तैनाती बढ़ा दी है। एक अन्य अधिकारी ने कहा, ऐहतियाती उपाय इसलिए किए गए हैं ताकि मौजूदा राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने की चाहत रखने वाले उपद्रवियों की किसी भी अवांछित गतिविधि को रोका जा सके।

राष्ट्रपति शासन की घोषणा के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा की मणिपुर इकाई की अध्यक्ष ए शारदा ने बृहस्पतिवार को कहा था कि विधानसभा को संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार निलंबित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन अभी भंग नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थिति में सुधार होने के बाद सदन को बहाल किया जा सकता है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाना भाजपा की ओर से शासन करने में उसकी अक्षमता की देर से की गई स्वीकारोक्ति है।

गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उसकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री ने अंततः राज्य का दौरा करने और मणिपुर और भारत के लोगों को वहां शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की अपनी योजना समझाने का मन बना लिया है? वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, आखिरकार वह हुआ जिसकी मांग कांग्रेस पिछले 20 महीनों से कर रही थी। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की मणिपुर इकाई ने कहा कि राष्ट्रपति शासन तत्काल हटाया जाना चाहिए और जल्द से जल्द नए चुनाव कराए जाने चाहिए।

माकपा की राज्य समिति के सचिव के शांता ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी समान विचारधारा वाले अन्य दलों के साथ राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य की क्षेत्रीय अखंडता के लिए खड़ी रहेगी। इंडिजिनियस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के नेता गिन्जा वुअलजोंग ने कहा कि राष्ट्रपति शासन कुकी-जो समुदाय में उम्मीद जगाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेइती समुदाय का मुख्यमंत्री होने से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। कुकी-जो अब मेइती पर भरोसा नहीं करते इसलिए नया मेइती मुख्यमंत्री होने से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। राष्ट्रपति शासन से कुकी-जो में उम्मीद जगेगी और हमारा मानना है कि यह हमारे राजनीतिक समाधान के एक कदम करीब होगा।

## क्विक न्यूज

### अस्थिबाधित महिला उम्मीदवार जमकर नाचती दिखी, सिविल सेवा में चयन पर सवाल

**इंदौर।** खुद को अस्थिबाधित बताकर दिव्यांग कोटे में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर चुनी गई एक महिला उम्मीदवार के जमकर नाचते हुए वीडियो सामने आने के बाद बेरोजगार युवाओं के संगठन ने उसके चयन को लेकर शुक्रवार को सवाल उठाए और गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से जांच करने की मांग की। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य राधे जाट ने एक बयान में कहा कि प्रियंका कदम नामक उम्मीदवार अपने अस्थिबाधित होने का प्रमाणपत्र लगाकर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2022 में विकलांग कोटा के तहत शामिल हुई थी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के पिछले महीने घोषित परिणाम के मुताबिक प्रियंका का चयन जिला आबकारी अधिकारी के पद पर हुआ है। जाट ने कहा, प्रियंका के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे है जिनमें उन्हे जमकर नाचते देखा जा सकता है। उन्होंने एमपीपीएससी की आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगाए और मांग की कि इस परीक्षा में दिव्यांग कोटे से चयनित सभी उम्मीदवारों की भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जानी चाहिए। जाट ने कहा कि इन उम्मीदवारों की घोषित दिव्यांगता की एम्स के चिकित्सकों द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद ही उन्हें सरकारी नियुक्ति दी जानी चाहिए। मै एक सामान्य पृष्ठभूमि से आती हूं और मैंने जीवन में अपने दम पर कड़ा संघर्ष करके मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के दौरान जब वह दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा की तैयारी कर रही थी, तब बाथरूम में गिरने से उन्हें कूल्हे की हड्डियों मे गंभीर चोट लगी थी और एमआरआई जांच में उन्हे एवैस्कुलर नेक्रोसिसै (एवीएन) नामक बीमारी होने के बारे में पता चला था जिसके बाद उनकी चार बार सर्जरी हो चुकी है। एवैस्कुलर नेक्रोसिस ऐसी बीमारी है जिसमें हड्डियों को रक्त की आपूर्ति में रुकावट के कारण मरीज की हड्डियों के ऊतक मरने लगते हैं। प्रियंका ने दावा किया कि हड्डियों से जुड़ी समस्या के कारण उन्हे 45 प्रतिशत दिव्यांगता है। उन्होंने कहा, मै किसी व्यक्ति को पहली नजर में एक आम महिला की तरह नजर आ सकती हूं, लेकिन जटिल सर्जरी के दौरान लगाए गए इम्प्लांट के कारण ही मै चल-फिर पाती हूं और चिकित्सकों के सुझाव के मुताबिक पांच से 10 मिनट तक नाच भी सकती हूं। मुझे कई बार दर्द निवारक दवाएं भी लेनी होती है। उन्होने कहा, मुझे नृत्य का बचपन से शौक रहा है। मेरा मनोबल ऊंचा है और मै खुद को सकारात्मक रखने के लिए थोड़ा नृत्य कर लेती हूं।

### पूरे शहर में लगवाए संभल हिंसा के 74 संदिग्धों के पोस्टर

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस ने पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में संदिग्ध रूप से शामिल 74 लोगों के पोस्टर पूरे शहर में लगवाए हैं। सीसीटीवी फुटेज में कैद की गई तस्वीरों से बने पोस्टरों को आरोपियों की पहचान करने में मदद के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने संवाददाताओं को बताया, सीसीटीवी में दिख रहे लोग सीधे तौर पर हिंसा में शामिल थे। उनकी पहचान की पुष्टि होनी बाकी है, इसलिए उन्हे पहचानने में जनता की मदद लेने के लिए पोस्टर लगाए गए हैं। इन 74 उपद्रवियों की पहचान करने के लिए विश्वसनीय सुबूत देने वाले मुखबिरों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। चंद्र ने कहा कि पोस्टर न केवल संभल के शहरी इलाकों में बल्कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भी लगाए गए है ताकि लोगों तक अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाया जा सके। पुलिस के अनुसार संभल हिंसा मामले में 76 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। संभल शहर के कोट गर्वी इलाके में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इसमें चार नागरिकों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य घायल हो गए थे।

### इसरो ने 10 टन का प्रणोदक मिक्सर विकसित किया

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ठोस मोटरों के लिए 10 टन का प्रणोदक मिक्सर विकसित कर लिया है। इसरो ने एक बयान में कहा कि ठोस प्रणोदन भारतीय अंतरिक्ष परिवहन प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और वर्टिकल मिक्सर ठोस मोटर उत्पादन में महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। बयान में कहा गया है, ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स की रीढ़ हैं और उनके उत्पादन के लिए अत्यधिक संवेदनशील और खतरनाक अवयवों के सटीक मिश्रण की आवश्यकता होती है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि ठोस मोटर खंडों के उत्पादन के स्तर को बढ़ाने की दिशा में, श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ने केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएमटीआई) बेंगलुरु के सहयोग से ठोस प्रणोदकों के प्रसंस्करण के लिए 10 टन के वर्टिकल प्लैनेटरी मिक्सर को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है। इसरो ने इसे एक महत्वपूर्ण तकनीकी चमत्कार बताया है। उसने कहा कि 10 टन का वर्टिकल मिक्सर दुनिया का सबसे बड़ा ठोस प्रणोदक मिश्रण उपकरण है। इसरो ने कहा कि इस वर्टिकल मिक्सर का वजन लगभग 150 टन है, लंबाई 5.4 मीटर, चौड़ाई 3.3 मीटर और ऊंचाई 8.7 मीटर है।

## महाकुंभ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ मुकदमा

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से सपा के सांसद अफजाल अंसारी द्वारा महाकुंभ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि सांसद के खिलाफ बृहस्पतिवार को जिले के शादियाबाद थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 293 (सार्वजनिक उपद्रव) और 353(2) (जान-बूझकर किसी धर्म या जाति के बारे में झूठी जानकारी फैलाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिरनों थाना क्षेत्र के बद्धूपुर गांव के रहने वाले देवप्रकाश सिंह ने शादियाबाद थाने में बृहस्पतिवार को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि शादियाबाद चौराहे पर 12 फरवरी को संत रविदास की जयंती पर आयोजित समारोह में सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि महाकुंभ में नहाने से पाप धुल रहे हैं। लोगों के लिए बैकुंठ का रास्ता खुल रहा है।

# उच्च न्यायालय ने सेंगर के भाई की अंतरिम जमानत 11 मार्च तक बढ़ाई

**हिरासत में मौत का मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में कथित हत्या के मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई को दी गई अंतरिम जमानत शुक्रवार को 11 मार्च तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने जयदीप सेंगर को चिकित्सा आधार पर राहत देते हुए कहा कि वह मुंह के कैंसर से पीड़ित है और उपचार हो रहा है। जयदीप के वकील ने मामले में 10 साल की जेल की सजा को निलंबित करने की मांग की और अदालत से आग्रह किया कि मामले में फैसला होने तक उनके मुवक्किल को अंतरिम राहत दी जाए। उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें पहले दी गई अंतरिम जमानत 18 फरवरी को समाप्त हो रही है।

उच्च न्यायालय ने आदेश दिया, सीबीआई को नोटिस जारी किया जाए। वस्तु स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। याचिकाकर्ता को दी गई अंतरिम जमानत सुनवाई की अगली तारीख तक बढ़ाई जाती है। इसे 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध करें। जयदीप सेंगर को पहले 3 जुलाई 2024 को राहत दी थी, जिसे 18 नवंबर को विस्तारित कर दिया गया था। कुलदीप को नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म का दोषी करार दिया गया था और 20 दिसंबर 2019 को शेष जीवन के लिए कारावास की सजा सुनाई गई थी। नाबालिग लड़की को 2017 में कुलदीप सेंगर द्वारा कथित रूप से अगवा कर उसके साथ बलात्कार किया गया था। तेरह मार्च 2020 को कुलदीप और उसके भाई जयदीप उर्फ अतुल सिंह को निचली अदालत ने हिरासत में पीड़िता के पिता की मौत के मामले में 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। पीड़िता के पिता को कथित तौर पर आरोपियों के इशारे पर शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था और पुलिस की बर्बरता के कारण 9 अप्रैल 2018 को हिरासत में उनकी मौत हो गई थी।

# राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की याचिका

**● न्यायालय ने केंद्र ईसी से जवाब मांगा**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र, निर्वाचन आयोग और छह राजनीतिक दलों से उन याचिकाओं पर लिखित में जवाब देने को कहा, जिनमें चुनावों के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने और काले धन पर रोक लगाने के लिए उन्हें सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के दायरे में लाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ इस मुद्दे पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर दो अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इसे अंतिम सुनवाई के लिए किसी नॉन-मिसलेनियस दिन लेंगे। इस बीच, दलीलें पूरी होनी चाहिए।

नॉन-मिसलेनियस दिन से आशय ऐसे दिन से है जब न्यायालय केवल सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई करता है, आपातकालीन याचिकाओं की नहीं। इनमें बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार शामिल हैं। एडीआर का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उनकी याचिका पिछले 10 वर्षों से लंबित है। पीठ ने वादियों से कहा कि वे अंतिम सुनवाई से पहले अधिकतम तीन पृष्ठों में लिखित दलीलें दाखिल करें और सुनवाई 21 अप्रैल के सप्ताह के लिए निर्धारित कर दी। शीर्ष अदालत ने 7 जुलाई 2015 को केंद्र, निर्वाचन आयोग और छह राजनीतिक दलों - कांग्रेस, भाजपा, भाकपा, राकांपा और बसपा को एनजीओ की याचिका पर नोटिस जारी किया था। सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने के लिए उन्हें सार्वजनिक प्राधिकार घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

उपाध्याय ने 2019 में राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने के लिए इसी तरह की याचिका दायर की थी ताकि उन्हें जवाबदेह बनाया जा सके और चुनावों में काले धन के इस्तेमाल पर अंकुश लगाया जा सके। उपाध्याय ने अपनी याचिका में भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खतरे से निपटने के लिए केंद्र को कदम उठाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया था। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 2(एच) के तहत सार्वजनिक प्राधिकार घोषित किया जाए, ताकि उन्हें पारदर्शी और लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया जा सके और चुनावों में काले धन के इस्तेमाल पर अंकुश लगाया जा सके। निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह आरटीआई अधि. और राजनीतिक दलों से संबंधित अन्य कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करे और अगर वे इनका पालन करने में विफल रहते हैं तो उनका पंजीकरण रद्द किया जाए। भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलों को अप्रत्यक्ष वित्तपोषण के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए याचिका में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकारों ने देश भर में पार्टियों को प्रमुख स्थानों पर भूमि/भवन और अन्य इमारतें या तो नि:शुल्क या रियायती दरों पर आवंटित किए हैं।

# पेज 1 का शेष

## ट्रंप...

मोदी ने कहा, एक बात जिसकी मैं गहराई से सराहना करता हूं और जो मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से सीखी है, वह यह है कि वे (अमेरिका के) राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च मानते हैं। उनकी तरह मैं भी भारत के राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखता हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या कारोबारी गौतम अदाणी से जुड़ा मुद्दा बातचीत में उठा, मोदी ने कहा, भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय से मेरा नाता है। मोदी ने कहा कि दो नेताओं के बीच बातचीत में ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं की जाती। उन्होंने कहा, दो देशों के दो प्रमुख नेता कभी भी ऐसे व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा नहीं करते। पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों पर ट्रंप ने इन झड़पों को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा, मैं सीमा पर झड़पों को देख रहा हूं जो काफी निंदनीय हैं...। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहते हैं कि चीन, भारत, रूस और अमेरिका - सभी अच्छी तरह से मिल-जुलकर रहें। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर सवालों के जवाब भी दिए। मोदी ने कहा, मैं युद्ध को समाप्त करने के लिए संभावित समाधान खोजने की दिशा में डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों का समर्थन करता हूं। दुनिया को पता नहीं क्यों यह लगता है कि भारत युद्ध के दौरान तटस्थ रहा है। लेकिन मैं दोहराना चाहूंगा कि भारत तटस्थ नहीं रहा है। वास्तव में, भारत शांति के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा, जब मैं राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिला था, तो मैंने यहां तक कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। मैंने यह भी कहा था कि युद्ध के मैदान में समाधान नहीं खोजा जा सकता। समाधान तभी निकल सकते हैं जब सभी पक्ष बातचीत के लिए मेज पर बैठें। महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर, ट्रंप ने कहा कि दोनों पक्ष विश्व स्तर पर इतिहास में सबसे बेहतर व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए काम करेंगे।

## द्विपक्षीय...

इस नवोन्मेषी, व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए, अमेरिका तथा भारत माल व सेवा क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाएंगे। साथ ही बाजार पहुंच बढ़ाने, शुल्क व गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने तथा आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। आम तौर पर मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) में दो व्यापारिक साझेदार आपस में व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो खत्म कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं।

## तहव्वुर..

डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि यह भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अपराधियों को हमारी न्यायिक और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से सजा मिले।' पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिल्स के एक महानगरीय हिरासत केंद्र में बंद है। वह पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा हुआ माना जाता है, जो 26/11 हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक था। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान से 26/11 के मुंबई हमलों के अपराधियों को शीघ्रता से न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली द्विपक्षीय बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में मोदी की मेजबानी की। एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि दोनों नेताओं ने मुंबई हमलों जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल-कायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा सहित आतंकवादी समूहों से उत्पन्न खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसमें कहा गया कि नेताओं ने इस बात पर पुन: जोर दिया कि आतंकवाद के 'वैश्विक संकट' से लड़ा जाना चाहिए तथा विश्व के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को समाप्त किया जाना चाहिए।

## नए...

को भरने के लिए की गई थीं। कानून के अनुसार, सीईसी और ईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट स्तर का केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। कानून के अनुसार, सीईसी और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति उन व्यक्तियों में से की जाएगी जो भारत सरकार के सचिव के पद के समान पद पर हैं या उसे धारण कर चुके हैं।

## अमेरिका...

निर्वासितों ने कहा कि वे अपने परिवारों के लिए बेहतर जीवन की खातिर अमेरिका जाना चाहते थे। हालाँकि, उनके सपने तब चकनाचूर हो गए जब उन्हें अमेरिकी सीमा पर पकड़ लिया गया और बेड़ियों में जकड़ कर वापस लाया गया। डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद, देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध आप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पंजाब और कुछ अन्य राज्यों के कई लोग, जो 'डंकी मार्ग' (अवैध और जोखिम भरा मार्ग) के माध्यम से अमेरिका में प्रवेश कर गए थे, अब निर्वासन का सामना कर रहे हैं। यह मार्ग लाखों रुपए खर्च करके प्रवासियों द्वारा अमेरिका या अन्य अवैध तरीकों से प्रवेश करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पंजाब के कई राजनीतिक नेताओं ने अमृतसर में अमेरिकी विमान के उतरने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, भाजपा नीत केंद्र सरकार पंजाब को बदनाम करना चाहती है। यह गुजरात, हरियाणा या दिल्ली में क्यों नहीं उतरती? पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अवैध अप्रवासियों को लेकर एक और अमेरिकी विमान के आने की संभावना के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही।

## गृह मंत्रालय...

उन्होंने बताया कि इस मामले में 108 गवाह और 5,000 से अधिक पृष्ठों के दस्तावेज शामिल हैं, जिससे मुकदमा एक लंबी प्रक्रिया बन गई है।जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने दलील दी कि रिहा होने पर जैन गवाहों को प्रभावित कर सकता है। हालाँकि, अदालत ने उन पर कड़ी शर्तें लगाईं, जिसके तहत उन्हें बिना अनुमति के भारत से बाहर यात्रा करने, गवाहों से संपर्क करने या किसी भी तरह से मुकदमे को प्रभावित करने पर रोक लगा दी गई। जैन की कानूनी टीम ने अंतरिम पीएमएलए मामलों में पिछले फैसलों का भी हवाला दिया, जहां कड़ी शर्तों के बावजूद जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति मामले, जिसमें कथित तौर पर सैकड़ों करोड़ रुपये शामिल हैं, में लगभग सभी आरोपियों को जमानत दे दी गई है। पिछले महीने, तिहाड़ जेल के सहायक अधीक्षक जयदेव और उप अधीक्षक परवीन कुमार ने 8 दिसंबर, 2022 को एक 'घटना रिपोर्ट' में जैन के खिलाफ शिकायत की थी कि जब वे डीपीआर, 2018 के नियम 1272 के अनुसार जैन को कारण बताओ नोटिस देने गए, तो उन्होंने उन्हें धमकी दी। एक जेल अधिकारी ने बताया कि जैन इन अधिकारियों और अन्य लोगों को डरा-धमका रहा है तथा उन्हें मालिश, शानदार भोजन और अन्य वीआईपी सुविधाएं लेने से रोक रहा है, जो हाल ही में सामने आया। एक जेल अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि, उस समय उन्होंने (अधोहस्ताक्षरी) यह मान लिया था कि सत्येंद्र जैन ने हताशा के कारण ऐसा कहा है, लेकिन 8 दिसंबर, 2022 की नवीनतम घटना रिपोर्ट के मद्देनजर उन्हें आशंका है कि जैन, मंत्री होने के नाते, जेल से बाहर आने के बाद उनके और अन्य जेल अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई कर सकते हैं। शिकायत में कहा गया है, उपर्युक्त को देखते हुए अनुरोध है कि सत्येंद्र जैन को जल्द से जल्द किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जाए।

## शराब...

और हमेशा के लिए कॉलेज से बाहर निकाल दिया जाए। जॉर्ज ने कहा, उन्होंने जिस तरह का अपराध किया है, उसके लिए निलंबन बहुत छोटी सजा है। विपक्ष के नेता और भावी मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने सीपीआई(एम) से एसएफआई को भंग करने को कहा। सतीशन ने कहा, यह संगठन राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में होने वाली सभी प्रकार की क्रूरताओं और असामाजिक गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है। कॉलेज के प्रिंसिपल और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों की प्रतिक्रिया खोखली थी और यह जिम्मेदारी दूसरे पर डालने जैसा था।

# गोगोई ने पाक उच्चायोग के इशारे पर समुद्री सुरक्षा पर लोस में सवाल पूछे : भाजपा

**भाषा**। नई दिल्ली





**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता गौरव गोगोई पर अपना हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि उनकी पत्नी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से संबंध हैं जबकि लोकसभा में विपक्ष के उपनेता ने पाकिस्तान उच्चायोग के इशारे पर समुद्री सुरक्षा पर सदन में सवाल पूछे। असम के जोरहाट से सांसद गोगोई ने भाजपा पर पलटवार किया और पार्टी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी।उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा ने मुझे और मेरे परिवार को बदनाम करने के लिए हद दर्जे का कदम उठाया है। उनके आरोप दुर्भावनापूर्ण और निराधार हैं। मैं उचित कानूनी कार्वाई करूंगा। भाजपा मुख्यालय में संवाददता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने आरोप लगाया कि 2013 में गोगोई से शादी करने से पहले एलिजाबेथ कोलबर्न एक आईएसआई समर्थक थीं और उन्होंने पाकिस्तान योजना आयोग के उपाध्यक्ष अली तौकीर शेख के साथ भी काम किया था।उन्होंने सवाल किया, क्या वह उनसे शादी करने से पहले इस बारे में जानते थे?... क्या यह रणनीतिक शादी थी? उन्होंने कहा, कांग्रेस को इस मुद्दे पर जवाब देना होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस का शुरू से ही राष्ट्र विरोधी रुख रहा है। आलोक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और गोगोई से मामले पर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि 2014 के संसदीय चुनावों में लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद गोगोई ने लोकसभा अध्यक्ष, गृह मंत्रालय और अन्य संबंधित मंत्रालयों से अनुमति लिए बिना पाकिस्तान उच्चायोग का दौरा किया था।उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी उच्चायोग का दौरा करने के बाद गोगोई के संगठन पॉलिसी फॉर यूथ ने एक अखबार में लेख लिखकर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कर्मियों पर एक महिला के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था जो बांग्लादेशी घुसैपठिया थी।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गोगोई ने लोकसभा में सवाल भी पूछे जैसे कि तटीय समुद्री सुरक्षा की स्थिति क्या है? भारतीय तटरेखा पर कितने रडार स्थापित किए गए हैं और हम (सरकार) वहां और कितने रडार स्थापित करना चाहते हैं ?उन्होंने आरोप लगाया कि गोगोई ने लोकसभा में यह भी पूछा था कि क्या कोई प्रस्ताव है कि राष्ट्रीय समुद्री प्राधिकरण तालमेल के लिए हितधारकों के साथ समन्वय करेगा ?आलोक के मुताबिक गोगाई ने यह सवाल भी पूछा था कि सरकार ने निगरानी के साथ-साथ तटीय सुरक्षा को उन्नत और मजबूत बनाने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?उन्होंने कहा, पाकिस्तानी दूतावास से मिलने के बाद ये सवाल पूछ रहे हैं। यह क्या दर्शाता है? वह किसके साथ यह जानकारी साझा कर रहे थे? दो दिन पहले, भाजपा ने गोगोई की पत्नी पर पाकिस्तान और आईएसआई के साथ संबंध होने का आरोप लगाया था, हालांकि लोकसभा में विपक्ष के उपनेता ने इस आरोप को हास्यास्पद और मनोरंजक करार दिया था।असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक दिन बाद इस आरोप को दोहराया और दावा किया कि कांग्रेस सांसद ने ब्रिटिश नागरिक से शादी के बाद संवेदनशील रक्षा मामलों पर संसद में सवाल उठाए।

## अमेरिकी जवाबी शुल्क अनिश्चितताएं उत्पन्न करते हैं, व्यापार समझौता संबंधों को बढ़ावा देगा: विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा से भारत और अमेरिका के बीच अनिश्चित व्यापार माहौल उत्पन्न हो गया है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि प्रमुख व्यापार समझौते की योजना से दोतरफा वाणिज्य को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि भारत को घरेलू उद्योगों की सुरक्षा और अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के लिए सावधानी से कदम उठाने चाहिए। वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता के बाद ट्रंप ने घोषणा की है कि भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से अधिक तेल, गैस तथा सैन्य उपकरण खरीदेगा, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका, भारत पर जवाबी शुल्क से परहेज नहीं करेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि दोनों नेताओं ने जल्द व्यापार समझौता करने के बारे में बात की, लेकिन इसका विवरण अब भी स्पष्ट नहीं है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी शुल्क विशिष्ट उत्पादों या समूचे क्षेत्रों पर लागू होगा...। भारतीय निर्यात संगठनों का महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि भारत को घरेलू उद्योगों की सुरक्षा तथा लक्षित कूटनीति के जरिए अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के बीच संतुलन बनाना होगा। उन्होंने कहा, हमें प्रमुख क्षेत्रों के लिए छूट पर बातचीत करनी चाहिए तथा अमेरिकी वस्तुओं पर हाल में शुल्क रियायतों को लाभ के रूप में उजागर करना चाहिए। एक सीमित तरजीही व्यापार समझौता पूर्ण पैमाने पर एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) की आवश्यकता के बिना शुल्क संबंधी चिंताओं को और कम कर सकता है। अभिजीत दास ने कहा कि जवाबी शुल्कों की घोषणा से दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है और ए शुल्क वास्तव में डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) की नियम पुस्तिका को तार-तार कर देंगे। दास ने कहा, जवाबी शुल्क एक अत्यधिक समस्याग्रस्त मुद्दा है, क्योंकि ऐसे कई कारक हैं जिन्हें अमेरिका अपने सीमा शुल्कों पर निर्णय लेते समय ध्यान में रखेगा।सीमा शुल्क उनमें से एक कारक है। इसी तरह के विचार साझा करते हुए, अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ विश्वजीत धर ने कहा कि जवाबी शुल्क लगाने से ट्रंप प्रशासन भारत को कृषि जैसे क्षेत्रों पर शुल्क कम करने के लिए मजबूर कर सकता है, अन्यथा अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर अधिक शुल्क लगा देगा।

## मोदी ने पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2019 के पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नही भूलेंगी। वर्ष 2019 में आज के ही दिन आतंकियों ने पुलवामा में बड़े हमले को अंजाम दिया था, जिसमें देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के पर आत्मघाती हमला किया था। इस हमले के महज 12 दिन के बाद भारत ने पाकिस्तान से बदला लिया और 26 फरवरी को बालाकोट में एअर स्ट्राइक को अंजाम दिया। इस एअर स्ट्राइक मे भारतीय सेना ने जैश के कई आतंकियों को मार गिराया था। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 2019 में पुलवामा में हमने जिन साहसी नायकों को खोया, उन्हें श्रद्धांजलि। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नही भूलेंगी।

## फिल्म निर्माता रामगोपाल वर्मा को चेक बाउंस मामले में तीन महीने की जेल की सजा

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा को तीन महीने की जेल की सजा सुनाते हुए कहा कि उन्हे भुगतान करने के लिएै पर्याप्त अवसरै दिया गया था और चेक का भुगतान न करने की मंशा से उसे जारी करने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए दंड दिया जाना आवश्यक था। अंधेरी न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) वाई. पी. पुजारी ने 21 जनवरी को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत वर्मा को दोषी पाया था। शुक्रवार को आदेश की प्रति उपलब्ध कराई गई। अदालत ने वर्मा को शिकायतकर्ता को तीन महीने मे 3,72,219 रुपए का भुगतान करने का भी निर्देश दिया था। वर्मा ने सजा को निलंबित करने की मांग करते हुए सत्र न्यायालय मे एक आवेदन दायर किया है।गत 21 जनवरी को आदेश पारित किए जाने के समय वर्मा उपस्थित नही थे, लेकिन मजिस्ट्रेट ने कहा किै किसी अभियुक्त की अनुपस्थिति मे दोषसिद्धि का फैसला पारित करना अवैध नही होगाै क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधान के तहत इसकी अनुमति है। आदेश में कहा गया है,ै इसलिए, मैंने यह उचित और न्यायसंगत पाया कि अभियुक्त की अनुपस्थिति मे दोषसिद्धि का फैसला सुनाया जाए। इस मामले मे अभियुक्त अपने बचाव के अधिकारो का उपयोग करने के बजाय विलंब करने पर तुला हुआ था। निस्संदेह, अभियुक्त को शिकायतकर्ता के शिकायत दर्ज कराने से लेकर मुकदमे की समाप्ति तक चेक का भुगतान करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था, लेकिन अभियुक्त ने भुगतान नही किया। मजिस्ट्रेट ने आदेश मे कहा,ै चेक का भुगतान न करने की मंशा से उसे जारी करने की मानव प्रवृत्ति को रोकने के लिए आरोपी को दंड दिया जाना आवश्यक था। शिकायतकर्ता की कंपनी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता राजेश कुमार पटेल ने अदालत मे एक हलफनामा पेश किया था जिसमे कहा गया था कि कंपनी ने आरोपी के अनुरोध पर फरवरी 2018 और मार्च 2018 के बीच हार्ड डिस्क उपलब्ध कराई थी, जिसके बाद 2,38,220 रुपए की कर चालान राशि जारी की गई थी।

## भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा वार्ता अगले हफ्ते

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल अगले सप्ताह यहां द्विवार्षिक वार्ता करेंगे, जिसमे सीमा पर बाड़ लगाने और बांग्लादेशी शरारती तत्वो द्वारा बीएसएफ कर्मियो और नागरिको पर हमले जैसे मुद्दो पर चर्चा की जाएगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान मे यह जानकारी दी गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच 55वां महानिदेशकस्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन 17 से 20 फरवरी के बीच यहां बीएसएफ मुख्यालय मे आयोजित किया जाएगा। पिछले साल अगस्त मे, बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार गिरने के बाद दोनो पक्षो के बीच यह पहली शीर्ष स्तरीय बैठक होगी। भारतीय पक्ष का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी करेंगे, जबकि बीजीबी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मेजर जनरल मोहम्मद अशरफजमां सिद्दीकी करेंगे। बांग्लादेश स्थित शरारती तत्वों या बांग्लादेशी नागरिको द्वारा बीएसएफ कर्मियों और भारतीय नागरिको पर हमले की रोकथाम, सीमा पार से होने वाले अपराधो को रोकने के तरीके, बाड़ लगाने, बांग्लादेश मे भारतीय विद्रोही समूहो के खिलाफ कार्वाई एवं सीमा पर बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दे, समन्वित सीमा प्रबंधन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संयुक्त प्रयास, विश्वास बहाली के उपाय और अन्य मुद्दो पर चर्चा की जाएगी। इन द्विवार्षिक वार्ताओ का पिछला संस्करण मार्च 2024 मे ढाका मे आयोजित किया गया था। कुल 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पांच राज्यों - पश्चिम बंगाल (2,217 किमी), त्रिपुरा (856 किमी), मेघालय (443 किमी), असम (262 किमी) और मिजोरम (318 किमी) तक फैली हुई है। इन सीमाओ पर बीएसएफ प्रमुख सुरक्षा और खुफिया जानकारी जुटाने वाली एजेंसी के रूप मे काम करती है। पिछले साल दिसंबर मे दोनो देशो के बीच संबंधो मे तनाव आ गया, जब दोनो पड़ोसी देशो ने एक-दूसरे के उच्चायुक्तो को तलब किया। बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त के समक्ष, बाड़ लगाने और सीमा पर हत्याओ के मामले मे बीएसएफ की गतिविधियो पर अपनी चिंता व्यक्त की, वही भारत ने नई दिल्ली मे नियुक्त कार्यवाहक बांग्लादेशी उच्चायुक्त को स्पष्ट कर दिया था कि बाड़ लगाने के दौरान सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। सरकार ने बजट सत्र मे संसद को यह जानकारी दी कि भारत ने बांग्लादेश को यह बता दिया है कि वह सीमा पार से होने वाले अपराधो से निपटने के लिए पड़ोसी देश से सहयोगात्मक रुख की अपेक्षा करता है और इसमे सीमा पर बाड़ लगाने का काम भी शामिल है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने संसद मे एक प्रश्न के एक लिखित उत्तर मे कहा कि इस सीमा का बिना बाड़ वाला हिस्सा 864.482 किमी है। बीएसएफ ने पिछले महीने कहा था कि उसकी कड़ी आपत्ति के कारण पश्चिम बंगाल मे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेशी नागरिको और बीजीबी द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया। उसने कहा कि हाल के दिनो मे इस तरह की गतिविधियां बढ़ी है। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत पिछले साल अगस्त के बाद इस सीमा पर बांग्लादेशी नागरिको द्वारा घुसपैठ के प्रयासो मे वृद्धि के मामलो को बैठक मे उठा सकता है।

## उपासना स्थल अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सपा सांसद ने शीर्ष अदालत का रुख किया

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कैराना लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद इकरा चौधरी ने उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। यह अधिनियम किसी उपासना स्थल के धार्मिक स्वरूप को बदलने पर रोक लगाता है और इसे वैसा ही बनाए रखने का प्रावधान करता है, जैसा कि 15 अगस्त 1947 को था। हालांकि, अयोध्या मे राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद से जुड़े विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के माध्यम से दायर चौधरी की याचिका को शुक्रवार को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और बिना कोई नोटिस जारी किए इसे 17 फरवरी को अन्य लंबित याचिकाओ के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति खन्ना ने सवाल किया, इतनी सारी नई याचिकाएं क्यो दायर की जा रही है? हमें हर हफ्ते एक (याचिका) मिलती है। याचिका मे चौधरी ने मस्जिदों और दरगाहो के संबंध मे कानूनी कार्वाई करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाने का अनुरोध किया है। उन्होने कहा कि इससे देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचता है। शीर्ष अदालत इससे पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की उस याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हुई थी, जिसमे इसी तरह का अनुरोध किया गया है। हिंदू संगठन अखिल भारतीय संत समिति ने 1991 के अधिनियम के प्रावधानो की वैधता के खिलाफ दायर मामलो मे दखल देने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। कांग्रेस ने भी उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 को चुनौती देने वाली याचिकाओ का विरोध करने के लिए शीर्ष अदालत मे एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया था। पार्टी ने दलील दी कि ए याचिकाएं धर्मनिरपेक्षता के स्थापित सिद्धांतो को कमजोर करने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास है। उच्चतम न्यायालय ने 12 दिसंबर 2024 के अपने आदेश के जरिए विभिन्न हिंदू पक्षकारो की ओर से दायर लगभग 18 मुकदमो मे कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। इन याचिकाओ मे वाराणसी मे ज्ञानवापी, मथुरा मे शाही ईदगाह मस्जिद और संभल मे शाही जामा मस्जिद सहित 10 मस्जिदो के मूल धार्मिक स्वरूप का पता लगाने के लिए उनका सर्वेक्षण कराने का अनुरोध किया गया था।

## बुक माय शो फाउंडेशन ने बुक अ चेंज पहल शुरू की

नई दिल्ली। बुक माय शो फाउंडेशन ने बुक अ चेंज की शुरुआत की है, जो संगीत और प्रदर्शन कला के जरिए जरूरतमंद प्रतिभाओं की जिंदगी संवारने के लिए समर्पित है।2014 में बुक माय शो ने इसे बुक अ स्माइल के रूप में शुरू किया था, जो अब बुक अ चेंज बन गया है। बुक अ चेंज सिर्फ़ संगीत और कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक, सामाजिक और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देता है। इसका लक्ष्य जिम्मेदारी, आत्म-सम्मान, सहानुभूति, उद्देश्य और लचीलापन जैसे गुण विकसित कर, एक बेहतर और सशक्त व्यक्तित्व तैयार करना है।बुक अ चेंज ने 500 संगीत छात्रवृत्तियों की घोषणा की है, जिससे जरूरतमंद लेकिन प्रतिभाशाली लोगों को सशक्त बनाया जाएगा। यह छात्रवृत्तियां छात्रों और सड़क कलाकारों को मान्यता प्राप्त संस्थानों में संगीत और संगीत व्यवसाय की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेंगी। बुक अ चेंज की छात्रवृत्ति में इंस्ट्रूमेंटल, वोकल्स, ऑडियो प्रोडक्शन, म्यूजिक बिजनेस और सोंग राइटिंग की सहायता भी प्रदान करेगी। बुक अ चेंज जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक मदद देगा। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रि या शुरू हो चुकी है। आवेदन करने के लिए यहाँ क्लिक करे। बुक अ चेंज के लॉन्च पर, इसकी प्रमुख फरजाना कामा बालपांडे ने कहा,卐यह एक नए अध्याय की शुरुआत है, जहां कला के जरिए बदलाव लाने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है। हमारा लक्ष्य सपनों को संवारना और नए अवसर प्रदान करना, ताकि हर कोई आगे बढ़ सके। हम संगीत और प्रदर्शन कलाओं को सबके लिए सुलभ बनाना चाहते हैं, जरूरतमंद लोगों और समुदायों को सशक्त बनाना चाहते हैं और अगली पीढ़ी के कलाकारों को प्रेरित करना चाहते हैं। हमारी यह यात्रा सिर्फ कला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रेरणा, सहयोग और एक बेहतर दुनिया की तलाश का हिस्सा है।卐 एक दशक से बुक अ स्माइल बुक माय शो का दिल रहा है जो म्यूजिक, आर्ट, थिएटर, डांस और स्पोर्ट्स के अनुभवों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के जीवन को समृद्ध करते हुए अनगिनत मुस्कान फैलाता है।

## त्रिपुरा विस अध्यक्ष ने पूर्व सीएम और विपक्ष के नेता के खिलाफ टिप्पणी के लिए माफी मांगी

अगरतला। त्रिपुरा विधानसभा अध्यक्ष विश्व बंधु सेन ने पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार और विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए शुक्रवार को माफी मांगी। बुधवार को उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने माणिक सरकार को धोखेबाज नंबर एक और विपक्ष के नेता को धोखेबाज नंबर दो बताया था। सेन ने फेसबुक पर लिखा, धर्मनगर मे पार्टी की एक रैली में मैने पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार और विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी के खिलाफ अपमानजनक शब्दो का इस्तेमाल किया। मै इसके लिए माफी मांगता हूं। इससे पहले, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव जितेंद्र चौधरी ने उनके और पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में सेन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

## पैंथर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक रिलीज किया

नोएडा। भारत के हिपहॉप उद्योग में बेमिसाल हस्ती, अनुभव शुक्ला उर्फ पैंथर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक, उत्तर प्रदेश रिलीज किया है। यह ट्रैक पहले से ही उद्योग में हलचल मचा रहा है। यह बेहतरीन गाना भारत के हृदय की सांस्कृतिक धड़कन को श्रृद्धांजलि दे रहा है, जिसमें जबरदस्त बीट्स के साथ शुद्ध हिपहॉप की बेजोड़ ऊर्जा है। बोल्ड और ऑथेंटिक आवाज में उत्तर प्रदेश एक अत्यधिक जोशीला गीत है, जिसमें आकर्षक वाईब्स के साथ इस क्षेत्र की शुद्ध भावना को आत्मसात किया गया है। इसकी पहली बीट्स से ही आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। पैंथर ने केवल सोनी म्यूजिक के साथ साईन करके भारतीय हिपहॉप के परिदृश्य में अपनी ट्रेलब्लेजर की पहचान को मजबूत किया है।उत्तर प्रदेश बनाने की प्रेरणा के विषय में पैंथर ने कहा, यह गाना उत्तर प्रदेश का होने की शुद्ध ऊर्जा, गर्व और स्वैग को पेश करता है। इस गाने में यहाँ के लोगों का अंदाज है। वह आत्मविश्वास है, जो उत्तर प्रदेश की हर गली और हर व्यक्ति में पाया जाता है। इस गाने के माध्यम से मैंने उत्तर प्रदेश की भावना को सम्मानित किया है। मुझे उम्मीद है कि इस गाने की शक्ति और जोश को हर कोई महसूस करेगा।

## आयोडीन नमक के लाभ, स्वाद से कहीं आगे की बात

**मेरठ ।** आयोडीन युक्त नमक के फ़ायदे सिर्फ़ स्वाद बढ़ाने से कहीं अधिक हैं। टाटा साल्ट ने टाटा साल्ट पंच तत्व पेश किया हैए जो नमक का एक क्रांतिकारी स्वरूप है जिसमें पांच आवश्यक पोषक तत्वरू कैल्शियमए ज़िंकए आयोडीनए विटामिन बी3 और विटामिन बी6 शामिल हैं। इन चार अतिरिक्त पोषक तत्वों में से प्रत्येकए अनिवार्य तौर पर आयोडीन के साथए बेहतरीन स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ब्रांड ने टाटा साल्ट इम्यूनो नामक एक और वैरिएंट भी पेश किया हैए जिसमें आयोडीन और ज़िंक हैं।

## ैमुफ्त चीजौं संबंधी टिप्पणियों पर पुनर्विचार का आग्रह

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नेता वृंदा करात ने मुफ्त चीजें देने के राजनीतिक दलों के वादे के संबंध में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई की टिप्पणियों को लेकर शुक्रवार को उन्हें एक खुला पत्र लिखा और कहा कि न्यूनतम मजदूरी और अन्य श्रमिक अधिकारों के कार्यान्वयन नही होने के मद्देनजर ए तथाकथित मुफ्त चीजें भी उचित मुआवजा नही हैं।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरएसएस को बर्धमान जिले में रैली की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्तियों को खारिज करते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को बर्धमान जिले में 16 फरवरी को रैली आयोजित करने की सशर्त अनुमति दे दी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। राज्य पुलिस ने इस आधार पर रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया था कि जारी माध्यमिक परीक्षा के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल से परीक्षार्थियों को परेशानी होगी। रैली के आयोजकों ने इसके बाद अदालत का रुख किया था। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने रैली की सशर्त अनुमति देते हुए कहा कि आयोजक उपस्थित भीड़ की संख्या के साथ-साथ लाउडस्पीकरों की आवाज पर भी नजर रखेंगे। हालांकि, याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि रैली स्थल के नजदीक कोई स्कूल नहीं है। पीठ ने पाया कि प्रस्तावित रैली के दिन रविवार को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं है।

## न्यायालय रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर कुछ दिन में करेगा सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

### इन्फ्लुएंसर विवादित टिप्पणी मामला

**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की यूट्यूब पर एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों के संबंध में दायर इलाहाबादिया की याचिका पर दो-तीन दिन में सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इन्फ्लुएंसर की ओर से पेश अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि वह याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामलों का मौखिक उल्लेख करने की अनुमति नहीं देता है। जब चंद्रचूड़ ने कहा कि असम पुलिस ने इलाहाबादिया को जांच में शामिल होने के लिए आज बुलाया है तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैंने पीठ को मामला सौंप दिया है और यह मामला दो-तीन दिन में (पीठ के समक्ष) आएगा। माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणियों की बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है। इस सिलसिले में देश भर में कई स्थानों पर इलाहाबादिया एवं अन्य के खिलाफ पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। इलाहाबादिया ने यह विवादित टिप्पणी समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में की थी। असम पुलिस की एक टीम उत्तर-पूर्वी राज्य में रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट को लेकर दर्ज मामले के सिलसिले में उन्हें समन जारी करने के लिए पुणे में है।

## ईशा फाउंडेशन को नोटिस रद्द करने के आदेश के खिलाफ दो साल बाद याचिका पर टीएनपीसीबी को फटकार

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीएनपीसीबी) को इस बात के लिए फटकार लगाई कि उसने पर्यावरण मानदंडों का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जारी कारण बताओ नोटिस को रद्द करने वाले आदेश के खिलाफ दो साल बाद कदम उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने टीएनपीसीबी द्वारा दायर याचिका को नौकरशाहों का दोस्ताना मैच करार दिया, जो याचिका को खारिज करने पर सर्वोच्च न्यायालय की मुहर चाहते हैं। पीठ ने कहा, महाधिवक्ता महोदय, अधिकारियों को समय पर अदालत आने से किसने रोका? इस याचिका को दायर करने में 637 दिनों की देरी हुई है, जो लगभग दो साल है। यह वास्तव में एक दोस्ताना मैच है, जहां नौकरशाह याचिका को खारिज करने पर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय की मुहर चाहते हैं। फाउंडेशन को 2006 से 2014 के बीच अनिवार्य पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त किए बिना भवन निर्माण करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन मद्रास उच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने राज्य के विधि अधिकारी से आगे कहा, जब राज्य सरकार देरी से आती है, तो हमें संदेह होता है। हम गौर से मामले को देखना शुरू कर देते हैं। आप कैसे कह सकते हैं कि योग केंद्र एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है? अगर वे योजना के अनुसार नहीं चल रहे हैं, तो आप गैर-अनुपालन को चुनौती दे सकते हैं लेकिन आपको एक लाख गज से अधिक में निर्मित संरचना को ध्वस्त करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह किसी प्रकार की झोपड़ी नहीं है। शीर्ष अदालत ने महाधिवक्ता पी. एस. रमन से कहा कि अब जब ईशा फाउंडेशन ने कोयंबटूर जिले के वेल्लियांगिरी में एक योग और ध्यान केंद्र का निर्माण कर लिया है।

## अब मैं कांग्रेस पार्टी के लिए काम नहीं करूंगा: फैजल पटेल

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के दिवंगत नेता अहमद पटेल के बेटे फैजल पटेल ने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने की घोषणा की है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलने की कोशिश की, लेकिन हर कदम पर उन्हें ऐसा करने से रोका गया।पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव, राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके अहमद पटेल का नवंबर 2020 में निधन हो गया। फैजल पिछले साल लोकसभा चुनाव में गुजरात की भरूच सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया। फैजल ने घोषणा की, बहुत दुख और पीड़ा के साथ मैंने कांग्रेस के लिए काम करना बंद करने का फैसला किया है। यह कई सालों तक एक कठिन यात्रा रही है। मेरे दिवंगत पिता ने अपना पूरा जीवन देश, पार्टी और गांधी परिवार के लिए काम करते हुए लगा दिया। मैंने उनके पदचिन्हों पर चलने की कोशिश की, लेकिन हर कदम पर मुझे रोका गया। मैं मानवता के लिए हर संभव तरीके से काम करना जारी रखूंगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा की तरह मेरा परिवार रहेगी। मैं कांग्रेस के सभी नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया। अहमद पटेल को संगठन के कामों में माहिर और समस्याओं का समाधान निकालने वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाता था फैजल के मुताबिक, 2020 में अहमद पटेल के निधन के बाद उन्होंने भरूच में अपने पिता के स्थान पर चुनाव लड़कर उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की मंशा जताई थी लेकिन पार्टी ने ऐसा नहीं होने दिया।

## परीक्षा पे चर्चा में पोषण विशेषज्ञों ने दिए घर का बना भोजन खाने, पर्याप्त नींद लेने के मंत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया परीक्षा पे चर्चा एपिसोड में शीर्ष पोषण विशेषज्ञों ने स्कूली छात्रों को पर्याप्त नींद लेने, घर का बना भोजन खाने और तनाव से बचने के लिए ज्यादा खाने से परहेज करने जैसे मंत्र साझा किए। पोषण एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों शोनाली सभरवाल, रुजुता दिवेकर और रेवंत हिमतसिंगका ने परीक्षा पे चर्चा के एक विशेष सत्र के दौरान स्वास्थ्यकर आहार की आदतों के महत्व और अकादमिक सफलता में अच्छी नींद की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। परीक्षा पे चर्चा के वार्षिक कार्यक्रम के प्रारूप में प्रधानमंत्री ने इस बार बदलाव किया है। उन्होंने इस बार अधिक अनौपचारिक संवाद को प्राथमिकता दी और उन्हें बातचीत के लिए दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में ले गए। मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम और आध्यात्मिक नेता सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव जैसी प्रख्यात हस्तियों ने विभिन्न एपिसोड में जीवन और सीखने के प्रमुख पहलुओं पर अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बुधवार को अवसाद के साथ अपने संघर्ष के बारे में खुलकर बात करते हुए तनाव प्रबंधन के गुर साझा किए।

## ट्रंप के शुल्क और भारत पर उसका असर

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति डोनाल्ड** ट्रंप ने साफ कहा है कि अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने से भारत को छूट नहीं देगा। ट्रंप ने आयात पर जवाबी शुल्क लगाने की अपनी योजना को आगे बढ़ाया है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध के और गहराने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान, दोनों देशों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 82.52 अरब अमेरिकी डॉलर (52.89 अरब डॉलर निर्यात और 29.63 अरब डॉलर आयात) रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा 23.26 अरब डॉलर रहा, जो भारत के पक्ष में है। भारत के कुल माल निर्यात में अमेरिका का योगदान करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह 12 मार्च से लागू होगा। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

सवाल- शुल्क क्या हैं?

जवाब - अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में माल के आयात शुल्क, सीमा शुल्क या कर लगाए जाते हैं। आयातकों को यह शुल्क सरकार को देना होता है। आम तौर पर कंपनियां इन करों को अंतिम उपयोगकर्ताओं पर डालती हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई कंपनी 100 रुपए मूल्य के किसी उत्पाद क का आयात कर रही है, जिस पर 10 प्रतिशत सीमा शुल्क है, तो उत्पाद की लागत 110 रुपए हो जाएगी। यह एक अप्रत्यक्ष कर हैं, जो किसी देश के लिए राजस्व का एक स्रोत हैं। एंटी-डंपिंग शुल्क, प्रतिकारी शुल्क या सुरक्षा शुल्क भी शुल्क के प्रकार हैं।

सवाल- जबावी और प्रतिशोधी शुल्क क्या हैं?

जवाब- आम तौर पर, दोनों का उपयोग एक ही अर्थ में किया जा सकता है। इन्हें व्यापार भागीदारों के शुल्कों में वृद्धि या अधिक शुल्क का जवाब देने के लिए देश लगाते हैं। उदाहरण के लिए, जब 2018 में अमेरिका ने कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाया, तो भारत ने 29 अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई की।

सवाल- देश शुल्क क्यों लगाते हैं?

जवाब- ए शुल्क आयातित वस्तुओं को महंगा बनाने और बदले में घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए लगाए जाते हैं। यह घरेलू कंपनियों को सस्ते आयात से भी बचाता है।

सवाल- शुल्क के नकारात्मक प्रभाव क्या हैं?

जवाब- अधिक आयात शुल्क से महंगाई बढ़ती है और घरेलू उद्योग के लिए कच्चा माल महंगा हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी वाहन कंपनी को कुछ ऐसे कलपुर्जो की जरूरत है, जो देश में नहीं बनते हैं, तो उसे शुल्क के कारण अपने आयात के लिए अधिक कीमत चुकानी होगी। इससे घरेलू उपयोगकर्ताओं के लिए उत्पाद महंगा हो जाएगा।

सवाल- ट्रंप जवाबी शुल्क लगाने की बात क्यों कर रहे हैं?

जवाब- अमेरिका को कई देशों, खासकर चीन के साथ भारी व्यापार असंतुलन का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका का भारत के साथ वस्तुओं के मामले में व्यापार घाटा 2023-24 में 35.31 अरब डॉलर था। इस अंतर को कम करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ए शुल्क लगा रहे हैं।

सवाल- क्या ट्रंप के इस आरोप में कोई दम है कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाता है या शुक्ल का फायदा उठाता है?

जवाब- ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि अमेरिका खुद अपने घरेलू बाजारों की सुरक्षा के लिए डेयरी, फलों और सब्जियों सहित कई वस्तुओं पर अधिक शुल्क लगाता है। हालांकि, भारत की औसत शुल्क दर 17 प्रतिशत है, जो अमेरिका की औसत दर 3.3 प्रतिशत से अधिक है।

सवाल- क्या अमेरिका के जवाबी शुल्क डब्ल्यूटीओ के अनुरूप हैं?

जवाब- विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के अनुसार सदस्य देशों को अपने शुल्क कार्यक्रम पेश करने की जरूरत है, जिसमें सभी उत्पादों के लिए बाध्य शुल्क दरें शामिल हैं। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के शुल्क डब्ल्यूटीओ मानदंडों के अनुरूप है, जबकि अमेरिका के शुल्क इनका उल्लंघन है।

# आरसीबी ने जीत के साथ किया आगाज

● गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से हराया

भाषा। वडोदरा




**रिचा घोष के** 27 गेंद में नाबाद 64 रन और एलिसे पैरी की 34 गेंद में 57 रन की पारी की मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 202 रन का लक्ष्य आरसीबी ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। रिचा ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए। वहीं पैरी ने छह चौके और दो छक्के जड़े। आखिर में कनिका आहूजा ने 13 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना (नौ) और उनकी सलामी जोड़ीदार डैनी वियाट हॉज (चार) सस्ते में आउट हो गई जिसके बाद पैरी ने राघवी बिष्ट (25) के साथ मिलकर पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़े। इसके बाद रिचा ने मोर्चा संभाल लिया। इससे पहले कप्तान एशले गार्डनर और अनुभवी बेथ मूनी के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 201 रन बनाए। मूनी ने 42 गेंद में आठ चौकों की मदद से 56 रन बनाए जबकि गार्डनर ने 37 गेंद में 79 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें तीन चौके और आठ छक्के शामिल थे। इससे पहले गत चैम्पियन आरसीबी की कप्तान मंधाना ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। स्कोर बोर्ड पर जब 41 रन टंगे थे तब लौरा वोल्वार्ट और डी हेमलता पवेलियन लौट गए लेकिन गार्डनर और मूनी ने टीम को इन झटकों से निकाला। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े। मूनी को लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने आउट किया जिनका कैच मंधाना ने लपका। गार्डनर ने इसके बाद वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन (13 गेंद में 25 रन) के साथ पांच ओवर में 67 रन जोड़े।डोटिन ने अपनी आक्रामक पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। महिलाओं की एशेज श्रृंखला से ही शानदार फॉर्म में चल रही गार्डनर ने प्रेमा और भारत की अंडर 19 तेज गेंदबाज वीजे जोशिता को एक ओवर में तीन छक्के लगाए। डोटिन को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने आउट किया लेकिन तब तक गुजरात की टीम बड़ा स्कोर बना चुकी थी। रेणुका ने 25 रन देकर दो विकेट लिए।

## दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में शेफाली पर होगी निगाह

**वडोदरा।** पहले टूर्नामेंट के विजेता मुंबई इंडियंस और दो बार फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में सभी की निगाहें विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी रहेंगी जिनका लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना होगा।मुंबई और दिल्ली दोनों टीमों ने पहले दो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। मुंबई दूसरे टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में बाहर हो गया था जबकि दिल्ली को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था।इससे पता चलता है कि यह दोनों टीम कितनी अच्छी हैं और इसलिए उनके बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। मुंबई ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और उसके टीम संयोजन में किसी तरह के खास बदलाव की संभावना नहीं है।

# शाह ने कहा भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार

## राष्ट्रीय खेलों का समापन



भाषा। हल्द्वानी

**एक सादगीपूर्ण** लेकिन जीवंत समारोह के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुक्रवार को समापन हो गया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की। शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा , जब यहां ओलंपिक होंगे तो हमारे खिलाड़ी पदक जीतेंगे और तिरंगे का परचम लहराएंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ओलंपिक 2036 के मेजबान पर फैसला अगले साल से पहले नहीं लेगी। शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में कहा, देव भूमि न केवल राष्ट्रीय खेलों के कारण, बल्कि खेलों में अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेलों की सफल मेजबानी के कारण खेल भूमि में बदल गई है। उन्होंने कहा, मैंने यहां देखा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाए गए कुछ रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं। शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं। शाह ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भारत खेलों में और प्रगति करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार देश में खेलों का इकोसिस्टम और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है। जब मोदीजी 2014 में प्रधानमंत्री बने थे तब हमारा खेलों का बजट 800 करोड़ रूपए था जो अब 3800 करोड़ रूपए हो गया है।

## पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ का गठन

लखनऊ। पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफउत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफलखनऊ का गठन किया गया। कार्यकारिणी में डीआईओएस राकेश कुमार को चेयरमैनए जसपाल सिंह को अध्यक्ष तथा संतोष कुमार जायसवाल को सचिव पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित चेयरमैन राकेश कुमार ने कहा कि वे इंडोनेशियाई मार्शल आर्ट खेल पेंचक सिलाट को बढ़ावा देने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे तथा इसे विभिन्न विद्यालयों में शुरू कराने की दिशा में भी विचार होगा।

## गोयल अकादमी फाइनल में

लखनऊ। वी प्रो स्पोर्ट्स चैंपियंस अंडर-19 कप के सेमीफाइनल में गोयल क्रिकेट अकादमी ने अन्नपूर्णा अकादमी को 111 रन से हराकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। लार्ड बालाजी बी ग्राउंड पर गोयल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट पर 263 रन बनाए। मैन ऑफद मैच एमएस यादव ने 61 गेंदों पर 11 चौके व 3 छक्के से 87 रन व शुभांकर सांडिल्य ने 51 गेंदों पर 5 चौके व 4 छक्के से नाबाद 75 रन बनाते हुए अर्धशतक लगाया। अन्नपूर्णा अकादमी से कफील अहमद खान ने 2 विकेट की सफलता पाई।जवाब में अन्नपूर्णा अकादमी लक्ष्य का पीछा करते हुए 27.4 ओवर में 152 रन ही बना सकी। उत्कर्ष पाण्डेय ने 49 गेंदों पर 7 चौके व 1 छक्के से 55 रन बनाए। सचिन यादव ने 23 व अभिषेक तिवारी ने 22 रन जोड़े लेकिन टीम जीत नहीं सकी। गोयल क्रिकेट अकादमी से अपूर्व विक्रम सिंह ने 3 व करन सिंह ने 2 विकेट की सफलता पाई।

## पूनाचा दिल्ली ओपन युगल फाइनल में

नई दिल्ली। भारत के निकी पूनाचा और जिम्बाब्वे के कर्टनी जॉन दिल्ली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के युगल फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त जय क्लार्क और जोहानेस इंगिल्डसन को रोमांचक सेमीफाइनल में हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने डीएसटीए पर खेला गया मुकाबला करीब डेढ घंटे में 6-2, 7-6 से जीता। अब उनका सामना जापान के गैर वरीय मासामिची इमामूरा और रियो नोगुची से होगा जिन्होंने हाइनेक बार्टोन और विट कोप्रिवा को मात दी। एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोप्रिवा ने छठी वरीयता प्राप्त शिंतारो मोचिजुकी को 6-2, 6-4 से हराया। वही बिली हैरिस ने एलियास एमेर को 6- 2, 4-6, 7-6 से मात दी।

## मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर

नई दिल्ली। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई , वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी है। इरफान ने एक विज्ञप्ति में कहा , लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।

## स्वियातेक कतर ओपन के सेमीफाइनल में

दोहा। तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियातेक का सामना एलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारत के तीन प्रतिद्वंद्वियों का विश्लेषण



भाषा। नई दिल्ली

**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह की कमी भारत को बुरी तरह खलेगी लेकिन बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के साथ चैम्पियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदारों में से एक होगी। भारत को 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है जबकि 23 फरवरी को पाकिस्तान और दो मार्च को न्यूजीलैंड से सामना होगा। ग्रुप चरण में भारत की प्रतिद्वंद्वी टीमों की ताकत, कमजोरी, मौके और उनसे खतरे का आकलन इस प्रकार है। **न्यूजीलैंड :** ताकत : न्यूजीलैंड टीम के पास काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं जो उपमहाद्वीप में काफी खेल चुके हैं। डेवोन कोंवे और टॉम लाथम के रूप में उनके पास दो भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। केन विलियमसन भी सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं। मध्यक्रम में डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स मैच विनर हैं। कमजोरी : लंबे समय बाद न्यूजीलैंड की टीम आईसीसी टूर्नामेंट में टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट के बिना जा रही है। लॉकी फर्ग्युसन का खेलना भी तय नहीं है जिससे तेज गेंदबाजी आक्रमण अनुभव में कमतर दिख रहा है। मौके : न्यूजीलैंड हमेशा शीर्ष चार में रहने का प्रबल दावेदार रहता है और इस बार भी कुछ अलग नहीं है। मिचेल सेंटनेर के रूप में उनके पास अच्छ कप्तान है जबकि ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल बीच के ओवरों में दबाव बना सकते हैं। खतरा : यह देखना होगा कि बीच के ओवरों में कीवी बल्लेबाज विरोधी स्पिनरों का सामना कैसे करते हैं। भारत में टेस्ट मैचों में विल यंग ने स्पिनरों की मददगार पिचों पर आक्रमण और रक्षण की अच्छी मिसाल पेश की थी। पाकिस्तान में सपाट पिचें होंगी लेकिन भारतीय स्पिन तिकड़ी या बांग्लादेश के रिषाद या पाकिस्तान के अबरार के खिलाफ मुश्किलें आ सकती हैं।

**पाकिस्तान :** ताकत : टीम चयन को लेकर आलोचना हो रही है लेकिन उनके पास विध्वंसक खिलाड़ी है जो अपना दिन होने पर खतरनाक साबित हो सकते है। फखर जमां ने 2017 चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को परेशान किया था। वह बाबर आजम से ज्यादा खतरनाक हो सकते है। कप्तान मोहम्मद रिजवान और फिनिशर सलमान अली आगा शानदार फार्म मे है। कमजोरी : सईम अयूब की चोट ने पाकिस्तान को परेशान किया है और बाबर के फॉर्म को लेकर भी चिंता है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में भी वह अच्छा नही खेल सके। कामरान गुलाम, खुशदिल शाह और तैयब ताहिर को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। खुशदिल और फहीम अशरफ टीम की कमजोर कड़ियां है। मौके : अपने घर मे खेलने का पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। उनके पास अच्छा तेज आक्रमण है लेकिन कराची और रावलपिंडी की पिचों से मदद मिलना जरूरी है ताकि शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ कमाल दिखा सके। मध्यक्रम मे आगा का फॉर्म उपयोगी होगा क्योंकि वह किफायती गेंदबाजी कर सकते है। वह पाकिस्तान का एक्स फैक्टर साबित हो सकते है। खतरा : सिर्फ एक विशेषज्ञ स्पिनर अबरार अहमद को रखने का फैसला जोखिम भरा है। हरफनमौला फहीम अशरफ की बल्लेबाजी औसत या गेंदबाजी इकॉनॉमी रेट शानदार नही है। त्रिकोणीय श्रृंखला मे शाहीन और नसीम महंगे साबित हुए।

**बांग्लादेश :** ताकत : इस प्रारूप मे बांग्लादेश सबसे मजबूत है। वे एशिया कप फाइनल खेल चुके है और 2015 विश्व कप क्वार्टर फाइनल खेले थे। महमूदुल्लाह और मुशफिकुर रहीम जैसे सीनियर खिलाड़ियों के रहते उन्हें हल्के में नही लिया जा सकता। उनकी सबसे बड़ी ताकत सौम्य सरकार, तंजीम हसन साकिब, उपकप्तान मेहदी हसन मिराज जैसे उपयोगी खिलाड़ियों का टीम मे होना है। कमजोरी : प्रदर्शन में निरंतरता की कमी बांग्लादेश की कमजोरी रही है। लिटन दास खराब फॉर्म के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नही बना सके। पावरप्ले में वह उपयोगी साबित हो सकते थे लेकिन वह टीम मे नही है। साकिब अल हसन अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मे नही है लेकिन अनुभव का कोई विकल्प नही है। संदिग्ध एक्शन के कारण गेंदबाजी से निलंबित होने के बाद वह अपनी बल्लेबाजी के दम पर ही टीम में जगह नही पा सकते थे। मौके : भारत के खिलाफ दुबई मे अगर पिच धीमी होती है तो बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी और लेग ब्रेक गेंदबाज रिषाद हुसैन उपयोगी साबित हो सकते है। मुस्ताफिजूर रहमान के पास भी विविधता है। खतरा : बांग्लादेश को अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले छह में से पांच वनडे मे पराजय मिली है। वे बीपीएल खेलने के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी में आए है जो दुनिया की सभी टी20 लीग मे सबसे औसत है। कप्तान नजमुल हसन शांटो अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मे नही है।

## क्विक न्यूज

### कूह स्पोर्ट्सकी जीत में शाहिद ने झटके पांच विकेट

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच अभिषेक प्रताप 46 और संकेत मौर्या नाबाद 32 की तूफानी पारियों से यूपी टिम्बर ने आरबीएन ग्लोबल टी20 प्राइजमनी कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 में साउंड इमेजेस क्लब को पांच विकेट से हराया। दिन के दूसरे मैच में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने एलडीए कोचिंग सेंटर को 82 रन से शिकस्त दी। डीजीआई स्टेडियम पर साउंड इमेजेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 112 रन का मामूली स्कोर बनाया। श्रवण जायसवाल ने 34 रन की पारी खेली। वहीं अन्य ने पूरी तरह निराश किया और आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। यूपी टिम्बर से हसन अख्तर, आतिफसाजिद, विपराज निगम और दिव्यांश पांडेय ने दो-दो विकेट चटकाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी टिम्बर ने 5 विकेट पर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम की शुरुआत शुरुआत बेहद खराब रही और चोटी के चार बल्लेबाज केवल 35 रन के योग पर ही पवेलियन लौट गए। हालांकि अभिषेक प्रताप 46 रन संकेत मौर्या नाबाद 32 रन पांचवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। साउंड इमेजेस से वंशराज और सोनू ने दो.दो विकेट चटकाए। एक अन्य मैच में मोहम्मद शाहिद अंसारी पांच विकेट की घातक गेंदबाजी से कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने एलडीए कोचिंग सेंटर को 82 रन से पराजित किया। कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 229 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मोहम्मद उस्मान ने 41 गेंदों पर छह चौके व पांच छक्के से 72 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उनका साथ देते हुए शिवम दीक्षित ने 49 रन की तेज पारी खेल टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

### श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को 174 रन से हराया

कोलंबो। कुसल मेंडिस के पांचवे शतक और डुनिथ वेलालागे के चार विकेट की मदद से श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मैच में 174 रन से हराकर श्रृंखला 2 . 0 से जीत ली। कप्तान चरित असालांका के टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने के बाद श्रीलंका ने 50 ओवरों में चार विकेट पर 281 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने आखिरी सात विकेट 28 रन के भीतर गंवा दिए और पूरी टीम 25वें ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका के लिए मेंडिस ने 101 और असालांका ने नाबाद 78 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज निशान मदुष्का ने 51 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया का स्कोर श्रीलंका के खिलाफ उसका दूसरा न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले 2013 में पूरी टीम 74 रन पर आउट हो गई थी। कप्तान स्टीव स्मिथ और जोश इंगलिस ने 46 रन की साझेदारी की लेकिन इंगलिस (22) को वेलालागे ने बोल्ड कर दिया।ग्लेन मैक्सवेल एक ही रन बना सके और वेलालागे का शिकार हुए। स्मिथ ने सर्वाधिक 29 रन बनाए जिन्हें लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने पवेलियन भेजा। वेलालागे ने 35 रन देकर चार विकेट लिए जबकि फर्नांडो और हसरंगा को तीन तीन विकेट मिले।

### सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, डफी न्यूजीलैंड की टीम में

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है।न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सियर्स की जगह पर जैकब डफी को अपनी टीम में शामिल किया है।एनजेडसी ने बयान में कहा, कराची में बुधवार को टीम के पहले अभ्यास सत्र के दौरान सियर्स को अपने बाएं हैमस्ट्रिंग में कुछ दर्द महसूस हुआ और बाद के स्कैन में मामूली चोट का पता चला जिससे उबरने में उन्हें कम से कम दो सप्ताह का समय लग जाएगा। बयान के अनुसार,, इस समय सीमा का मतलब है कि सियर्स संभवतः दुबई में भारत के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप ए मैच के लिए ही उपलब्ध हो पाएंगे और इस कारण उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया। सियर्स की चोट ने डफी के लिए रास्ता साफ कर दिया है, जो वर्तमान में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम में हैं। न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 19 फरवरी को कराची में ग्रुप ए मैच में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### कार्तिक व पल्लीकल ने वैलेंटाइन्स डे का जश्न मनाया

मुंबई। भारत के सबसे बड़े प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने अपना वैलेंटाइन्स डे कैम्पेन पेश किया है। दुनिया भर में नामचीन खिलाडी और असली जिन्दगी में कपल दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल मिआ बाए तनिष्क के वैलेंटाइन्स डे कैम्पेन में दिखेंगे। कैम्पेन की परिकल्पना फेमस इनोवेशन्स ने की है, इसमें आधुनिक दौर के प्यार और सोच-समझकर दिए उपहार के सार को कैप्चर किया गया है, हलके-फुलके फिर भी भावनिक विज्युअल्स का इस्तेमाल किया गया है। दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल के बीच का बेहतरीन रिश्ता दिल को छू लेने वाले और असल जिन्दगी के नरेटिव के साथ दिखाया गया है। सोच-समझकर दिए जाने वाले उपहार के पीछे की भावनाएं, विनोद और असली भावनाओं का जुड़ना इस कैम्पेन में बहुत ही खूबसूरती से दिखाया गया है। एक मुलायम और खुशनुमा साउंडट्रैक के साथ दीपिका अपनी आंखें खोलती है और उनके सामने होते है, दिनेश एप्रन पहने हुए, ब्रेकफास्ट ट्रे पकडे हुए, अपनी मशहूर कमेंट्री स्टाइल में उसे मॉर्निंग रूटीन बता रहे है। क्लोश के नीचे है एक मिआ बॉक्स, उसे खोलकर दिनेश दीपिका को दिखाते है एक बहुत ही खूबसूरत और शानदार मिआ टोइ-एट-मोई रिंग। मजाकिया अंदाज में कमेंट्री करते-करते दिनेश बन जाते है एक बेहद प्यार करने वाले पति और अपना वैलेंटाइन्स प्रपोजल दीपिका के सामने रखते है। दीपिका भी दिनेश के चार्म को अपनी चीकी मुस्कान के साथ मैच करती है, फिर यहां बनता है एक दिल को छू लेने वाला पल, जब दिनेश मिआ रिंग को दीपिका की उंगली में पहनाते है और दोनों बहुत ही खूबसूरत मुस्कान के साथ अपने प्यार की खुशी मनाते हैं।

### भारत में मनोरंजन व स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग का नया अनुभव

**नई दिल्ली।** हाल ही में वायकाम-18 और स्टार इंडिया के विलय से बने जियो हाटस्टार लॉन्च किया है। इस प्लेटफॉर्म पर जियो सिनेमा, डिज्नी व हाटस्टार जैसे दो प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एक साथ आ गए हैं। करीब 3 लाख घंटे के मनोरंजन, लाइव स्पोर्ट्स कवरेज और 50 करोड़ से अधिक यूजर्स के साथ जियो हॉटस्टार ने मनोरंजन की दुनिया को नए आयाम देने और दर्शकों के लिए अनंत के द्वार खोलने के लिए तैयार है। लॉन्च के अवसर पर जियो स्टार के डिजिटल सीईओ किरण मणि ने कहा, जियो स्टार का । मकसद भारत के हर व्यक्ति तक प्रीमियम मनोरंजन पहुंचाना है। हमारा वादा है मनोरंजन सबका हक बने।-ड्रिवन कंटेंट सुझाव और 19 भाषाओं में स्ट्रीमिंग के जरिए दर्शकों को बेहतरीन एक्सपीरियंस देंगे। प्रीमियम मनोरंजन को सभी के लिए सुलभ बनाने के अपने वादे के अनुरूप,जियो स्टार ने सभी को आमंत्रित किया है कि वे बिना किसी सब्सक्रिप्शन के अपने पसंदीदा शो, फिल्में और लाइव स्पोर्ट्स का आनंद लें। जो लोग बिना रुकावट और बेहतर अनुभव चाहते हैं, उनके लिए जियो हॉट स्टार ने सिर्फ 149 प्रति तिमाही के किफायती सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किए हैं। । मौजूदा जियो सिनेमा, डिज्नी व हॉट स्कार यूजर्स आसानी से अपने सब्सक्रिप्शन को जियो हाटस्टार में बदल सकते हैं। खेल प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव लेकर आया है। यहां हर तरह के दर्शकों को इंटरएक्टिव और इमर्सिव अनुभव मिलेगा, चाहे वे क्रिकेट के शौकीन हों या अन्य खेलों के।जैसे बड़े इवेंट्स के साथ जमीनी स्तर के क्रिकेट जैसे को भी दिखाएगा।

# मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा भारत

## बैडमिंटन एशिया

भाषा। कगिंदाओ (चीन)

**भारत शुक्रवार को** यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0–3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ। दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा।क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13–21, 21–17, 13–21 से हार गई। पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12–21, 19–21 से हार गई जिससे भारत 0–2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके। जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21–14, 15–21, 21–12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए यह हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि जापान के शीर्ष खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं और उसने दूसरी श्रेणी की टीम उतारी है।

## दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे भारतीय पहलवान

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नही की। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके है। मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है।

## सलीमा ने कहा, प्रो लीग हमारे लिए बहुत बड़ा मौका

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग उनकी टीम के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का शानदार मौका है और वह चाहती है कि उनके खिलाड़ी परिणाम की परवाह किए बिना अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें।भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद वह रविवार को फिर से इंग्लैंड का सामना करेगी।

# साल में दस महीने खेलने से चोटों का खतरा और बढेगा : कपिल देव

**कोलकाता।** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस कड़ी में ताजा नाम बन गए हैं जिन्हें कमर की चोट के कारण सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर रहना पड़ा। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए प्रारंभिक टीम में शामिल होने के बावजूद बुमराह अंतिम टीम से बाहर हो गए। मोहम्मद शमी 14 महीने तक चोट के कारण बाहर रहे।1983 विश्व कप विजेता कपिल ने यहां टाटा स्टील गोल्फ पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा , मुझे चिंता यही है कि वे साल में दस महीने खेल रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह की कमी खलेगी, कपिल ने खिलाडि़यों से चोटिल खिलाडि़यों पर निर्भर रहने की बजाय एक दूसरे का सहयोग करने पर फोकस रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा , उसके बारे में बात क्यो करना जो टीम में नहीं है। यह टीम का खेल है और टीम को जीतना है , व्यक्तियों को नहीं। यह बैडमिंटन, टेनिस या गोल्फ नहीं है। हम चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम खेल में भाग ले रहे हैं। अगर हम टीम के तौर पर खेलेंगे तो जरूर जीतेंगे। कपिल ने कहा , आप कभी नहीं चाहते कि आपके मुख्य खिलाड़ी चोटिल हों लेकिन अगर ऐसा होता है तो कुछ कर नहीं सकते। भारतीय टीम को शुभकामनाएं। भारत को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। कपिल ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में उदीयमान प्रतिभाओं को देखकर वह काफी रोमांचित हैं। उन्होंने कहा , जब आप युवाओं को देखते हैं तो उनका आत्मविश्वास अविश्वसनीय है।

# लखनऊ के गौरव, लक्ष्य व कृष्णा सेमीफाइनल में

## राज्य स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बॉक्सिंग चैंपियनशिप



**लखनऊ।** लखनऊ के गौरव,लक्ष्य, कृष्णा सहित अन्य मंडलों के कई मुक्केबाजों ने उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के समन्वय से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप में 43.46 किग्रा में गौरव ने झांसी के मृदुल कोए 52.55 किग्रा में लक्ष्य ने मुरादाबाद के भानु को और 35.37 किग्रा में लखनऊ के कृष्णा ने मुरादाबाद के तरुण को मात देकर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे दिन के मुकाबलों का शुभारंभ मुख्य अतिथि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमारए बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री व सचिव सहदेव सिंहए आर्केन इंफ्र ामेटिक्स के निदेशक आकाश पाठक भी मौजूद रहे। आज खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में 43.46 किग्रा भार वर्ग में गोरखपुर के निहाल ने सहारनपुर के आयुष को, लखनऊ के गौरव ने झांसी के मृदुल कोए मेरठ हास्टल के आयुष ने झांसी के आरुष को हराया। 46.49 किग्रा भार वर्ग में गोरखपुर के सुब्रत ने झांसी के इंद्रजीत कोए प्रयागराज के सागर ने मेरठ हास्टल के रूद्र को और मेरठ के अर्श ने लखनऊ के अरित्र पाल को हराया। 49.52 किग्रा भार वर्ग में देवीपाटन के किशन ने यूपीबीए के आयुष कोए अयोध्या के देवांश ने लखनऊ के उदित कोए सहारनपुर के अर्पित ने वाराणसी के अंश कोए गोरखपुर के इशांत ने अलीगढ़ के आकाश को हराया। 52.55 किग्रा भार वर्ग में लखनऊ के लक्ष्य ने मुरादाबाद के भानु कोए आगरा के आदर्श ने सहारनपुर के अभिमन्यु को और अयोध्या के प्रशांत ने मेरठ के अनिक को हराया। 33.35 किग्रा भार वर्ग में प्रयागराज के अमन ने कानपुर के मुसाहिब कोए सहारनपुर के आरव ने आगरा के श्रीकांत कोए वाराणसी के सनी ने मुरादाबाद के लोकेंद्र को ओर मेरठ के अविरल ने झांसी के दिवांश को हराया। 35.37 किग्रा भार वर्ग में मेरठ के कृष्णा ने झांसी के आरव कोए अलीगढ़ के उवैश ने अयोध्या के विभांश को और लखनऊ के कृष्णा ने मुरादाबाद के तरुण को हराया। 37.40 किग्रा भार वर्ग में मुरादाबाद के सुशांत ने अलीगढ़ के मोहम्मद सुभान को सहारनपुर के धीरज ने मेरठ के विराट कोए आगरा के आयुष ने अयोध्या के संदीप को और प्रयागराज के शिव ने लखनऊ के यशदीप को हराया। 40.43 किग्रा भार वर्ग में गोरखपुर के विमलेश ने मेरठ हास्टल के आदर्श कोए अलीगढ़ के मोहित ने झांसी के उत्कर्ष कोए यूपीबीए के सिकंदर ने मुरादाबाद के राज शिखर को और अयोध्या के अमीर हमजा ने सहारनपुर के सार्थक को हराया।

## प्रो लीग का प्रत्एक मैच जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्यः हरमनप्रीत

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्एक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा।हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा पंजीकृत कार्यालय- 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-69342500, 46035729 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 020465800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।